


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | बुधवार, 29 अक्टूबर, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु.| वर्ष-7 | अंक-295

### इंजीनियरों और डिप्लोमा धारकों को विदेश में बेचने वाला गिरोह पकड़ाया

# 35 सौ डॉलर में बेच डालते हैं एक इंजीनियर

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और कुछ अन्य राज्यों की पुलिस ने साझा कार्रवाई कर ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है, जो इंजीनियर या डिप्लोमा होल्डर बेरोजगार युवकों को जाल में फंसाता है और उन्हें नौकरी का झांसा देकर कंबोडिया और थाईलैंड में बेच देता है। तकनीकी रूप से जानकार इन युवकों को हाउस अरेस्ट कर उनसे ऑनलाइन ठगी, डिजिटल इन्वेस्टमेंट, डिजिटल अरेस्ट और ट्रेडिंग के जरिए ठगी करने के तरीके सिखाए जाते हैं और उनसे यह अपराध कराया जाता है।

यूपी पुलिस ने उन्नाव निवासी आतिफ खान और इंदौर निवासी अजय कुमार शुक्ला को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने दर्जनों भारतीय युवाओं को प्रति व्यक्ति 3,500 डॉलर के हिसाब से अब तक बेचा है। एडीशनल



डीसीपी आदित्य सिंह ने बताया कि इस गैंग के फिलहाल दो सदस्य ही हाथ लगे हैं। दोनों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन लोगों के निशाने पर बेरोजगार युवक रहते हैं।

**कंबोडिया और थाईलैंड समेत द. एशियाई देशों में भारी डिमांड**

**बंधक बना कर इनसे कराया जाता है साइबर ठगी का अपराध**

क्योंकि ऐसे युवक आसानी से विदेश में नौकरी के नाम पर जाल में फंस जाते हैं। विदेश भेजने के बाद इन युवकों को वहां मौजूद दूसरा एजेंट विभिन्न ठगों के गैंग को बेचता है। प्रति युवक की कीमत लगभग 3500 डॉलर होती है। इसके बाद जो भी इन युवकों को खरीदता है, वो इनको साइबर ठगी की ट्रेनिंग देता है। एक बार जाल में फंसे ये युवक वहां से निकलना चाहें, तो भी नहीं निकल सकते हैं। क्योंकि इनको हाउस अरेस्ट करके रखा जाता है। इनके सारे कागजात भी गैंग अपने पास रखता है, जिससे ये लोग किसी भी तरह भाग न सकें। एडीशनल डीसीपी ने बताया कि शक है कि ये गैंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है। पुलिस अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

कंबोडिया एवं दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में बैठे साइबर ठग अपने गुर्गों के जरिए लोगों से ठगी कर रहे हैं। जिससे मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। यूपी के बरेली शहर में भी साइबर ठगी के कई बड़े मामले पिछले दिनों सामने आ चुके हैं,

▶10पर

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना को किया आगाह

# किसी भी समय युद्ध के लिए तैयार रहें

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** देश की रक्षा को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि हाल की घटनाओं ने दिखा दिया है कि भारत को किसी भी वक्त सीमा पर युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहना पड़ेगा। इसके लिए घरेलू हथियार और तकनीक ही आधार बननी चाहिए। उन्होंने उद्योग जगत के नेताओं से बातचीत में जोर दिया कि स्वदेशी सिस्टम्स ने हाल के संघर्ष में कमाल दिखाया है, जैसे ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश सरफेस-टू-एयर मिसाइल और आकाशतीर एयर डिफेंस कंट्रोल सिस्टम।




यह न सिर्फ देश की सुरक्षा मजबूत कर रहे हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की छवि सुधार रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें सिर्फ असेंबली या इंटीग्रेशन पर नहीं रुकना चाहिए, बल्कि असली तकनीक खुद विकसित करनी होगी। ये तैयारी भारत को मजबूत बनाएगी और वैश्विक पटल पर उसकी पोजीशन को और ऊंचा उठाएगी। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया, जो हाल की घटनाओं का एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ये ऑपरेशन एक केस स्टडी की तरह काम कर सकता है, जहां से हम सबक लें और आगे का रास्ता तय करें। ऑपरेशन सिंदूर से एक बार फिर पता चला कि सीमाओं पर कभी भी, कहीं भी कुछ भी हो सकता है। हमें युद्ध जैसी स्थिति के लिए तैयार रहना होगा, और ये तैयारी हमारे अपने आधार पर होनी चाहिए। रक्षा मंत्री सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैनुफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने कड़ा जवाब दिया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि सेना पूरी तरह तैयार थी। राजनाथ ने कहा, इसके साथ ही यह वक्त आत्ममंथन करने का भी है। हमें स्वदेशीकरण की राह पर और आगे बढ़ना होगा। हाल के संघर्ष में इस्तेमाल हुए भारतीय हथियारों ने न सिर्फ काम किया, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर भारत की इमेज को चमकाया। ब्रह्मोस जैसी मिसाइल ने दुश्मन को करारा जवाब दिया, आकाश मिसाइल ने हवाई खतरे को रोका, और आकाशतीर सिस्टम ने एयर डिफेंस को और सशक्त बनाया। ये सिस्टम्स पूरी तरह भारतीय हैं, जो घरेलू उद्योगों की ताकत दिखाते हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा, भारत को विदेशी तकनीक पर निर्भरता कम करनी होगी। हमें अपनी तकनीक खुद विकसित करनी है, न कि सिर्फ पार्ट्स जोड़ने या असेंबल करने तक सीमित रहना है। उद्योग नेताओं से बात करते हुए उन्होंने बताया कि हाल की घटनाओं ने साबित कर दिया है कि स्वदेशी हथियार कितने कारगर हो सकते हैं। उदाहरण के तौर पर ऑपरेशन सिंदूर में इनके इस्तेमाल से न सिर्फ मिशन सफल हुआ, बल्कि दुनिया को भारत की क्षमता का अहसास भी हुआ। राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि सीमाओं पर अनिश्चितता हमेशा बनी रहती है। इसलिए, सेना को हर संभावना के लिए तैयार रखना जरूरी है। लेकिन ये तैयारी आयातित सामान पर नहीं, बल्कि घरेलू उत्पादन पर टिकी होनी चाहिए। ब्रह्मोस, जो भारत-रूस का जॉइंट वेंचर है लेकिन अब काफी हद तक स्वदेशी, ने दिखाया कि हमारी मिसाइल टेक्नोलॉजी विश्वस्तरीय है। डीआरडीओ द्वारा विकसित एवं निर्मित आकाश मिसाइल ने कमाल दिखाया। उसने हवाई हमलों को नाकाम किया और आकाशतीर सिस्टम ने रीयल-टाइम कंट्रोल में मदद की। इन सबने मिलकर साबित किया कि भारतीय इंजीनियर्स और फैक्ट्रियां अब बड़े गेम में हैं।

### 12 राज्यों में एसआईआर शुरू होते ही तिलमिलाहट तेज

# देशहित की हर पहल का विरोध करता है विपक्ष

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण की घोषणा किए जाने के बाद फिर से विपक्षी दलों में तिलमिलाहट बढ़ गई है। एसआईआर का दूसरा चरण 12 राज्यों में होना है। विपक्ष के कई राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग की घोषणा पर सवाल खड़े किए और तमिलनाडु की सत्ताधारी डीएमके ने तो राहुल गांधी स्टाइल में चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर ही सवाल उठा दिए।



डीएमके के प्रवक्ता सर्वानन अन्नादुरई ने कहा कि असम में एसआईआर क्यों नहीं किया जा रहा है? एसआईआर की प्रक्रिया कब से नागरिकता जांचने की प्रक्रिया बन गई है? जबकि मुख्य चुनाव आयुक्त यह साफ-साफ कह चुके हैं कि असम में एनसीआर लागू है। वहां सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नागरिकता जांच की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। 24 जून का एसआईआर आदेश पूरे देश के लिए था, पर असम की विशेष परिस्थिति के कारण यह आदेश वहां लागू नहीं होता। असम के लिए अलग से पुनरीक्षण आदेश जारी किए जाएंगे और अलग एसआईआर तिथि की घोषणा की जाएगी। डीएमके प्रवक्ता ने साल 2003 को कटऑफ साल रखने पर सवाल उठाए और पूछा कि 2003 को ही क्यों

**तमिलनाडु में डीएमके, बंगाल में टीएमसी ज्यादा बेचैन**

आधार बनाया गया है। इससे किसे फायदा होगा। इसे लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए गए हैं। डीएमके ने कहा कि हम देख रहे हैं कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है और वोट चोरी में शामिल है। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता इस समय सबसे कम है।

उधर, पश्चिम बंगाल में भी एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होते ही सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इसे लेकर कहा, हम भी पारदर्शी मतदाता सूची के पक्ष में हैं। पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से होगी, लेकिन अगर वैध मतदाता को परेशान किया गया ▶10पर

## असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध लागू होगा

### 7 साल की होगी सजा, लव जेहाद पर सख्ती

**गुवाहाटी, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने घो-षणा की कि राज्य सरकार पॉलीगैमी यानि एक से ज्यादा शादियां करने के बदचलन पर पूरी तरह बैन लगाने वाला बिल लाएगी। इसमें कम से कम सात साल की सजा का प्रावधान होगा। यह बिल 25 नवंबर को असम विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन पेश किया जाएगा। ये खबर कुछ दिनों पहले सरमा के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कई विधेयक लाने की बात कही थी। इनमें पॉलीगैमी के अलावा लव जेहाद जैसे कुकृत्यों पर नकेल कसने वाले कानून भी शामिल हैं।



असम सरकार एक तरफ कानूनी सुधार तो दूसरी तरफ लड़कियों की पढ़ाई को बढ़ावा देने वाली स्कीम का विस्तार भी करने जा रही है। सरकार जेंडर से जुड़ी समस्याओं को सोशल और लीगल दोनों तरीकों से हल करने की कोशिश कर रही है। सत्र शुरू होने वाला है, तो सबकी नजरें विधानसभा पर टिकी हैं। सीएम सरमा ने पत्रकारों से बात करते हुए साफ कहा कि पॉलीगैमी अब असम में बर्दाश्त नहीं होगी। दोषी पाए जाने पर न्यूनतम सात साल की जेल की सजा का प्रावधान किया जा रहा है। यह बिल 25 नवंबर को टेबल होगा, जो शीतकालीन सत्र का उद्घाटन दिन है। सरमा ने पहले ही कई बिल्स की झलक दी थी, जिनमें पॉलीगैमी और लव जेहाद पर फोकस है। लव जेहाद से उनका मतलब उन मामलों से है, जहां धार्मिक रूप से शादी को बढ़ावा देने के आरोप लगते हैं। ये बिल्स राज्य में सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए हैं। सरमा का कहना है कि ऐसे कानून जरूरी हैं ताकि समाज में बराबरी आए। बिल की डिटेल्स अभी पूरी तरह सामने नहीं आईं, लेकिन सजा का प्रावधान सख्त है। विधानसभा में चर्चा के बाद ही ये कानून बनेगा। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निजूत मोइना स्कीम को और विस्तार दिया। यह स्कीम लड़कियों की शिक्षा को ▶10पर

### कर्नाटक सरकार को हाईकोर्ट ने दिया करारा झटका

## आरएसएस की गतिविधियों पर रोक नहीं लगेगी

**बेंगलुरु, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को झटका देते हुए उसके एक आदेश पर रोक लगा दी है। कर्नाटक सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर अंकुश लगाने के बहाने आरएसएस एवं कई संगठनों को सरकारी परिसरों और सार्वजनिक जगहों, सड़कों आदि पर कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से पहले प्रशासन की मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया था। कर्नाटक सरकार के इस आदेश को सीधे तौर पर आरएसएस की गतिविधियों को राज्य में बाधित करने के तौर पर देखा जा रहा था। कर्नाटक उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने कर्नाटक सरकार के इस आदेश पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ पुनशचैतन्य सेवा समस्थे नामक संगठन ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने राज्य सरकार के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए मामले की सुनवाई 17 नवंबर तक टाल दी है। याचिका दाखिल करने वाले संगठन की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील अशोक हरनहल्ली ने सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य सरकार का आदेश संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध जैसा है। वकील ने कहा कि सरकार का आदेश है कि 10 से ज्यादा लोगों को भी इकट्ठा होने के लिए सरकार की मंजरी लेनी होगी। यह संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों पर प्रतिबंध जैसा है। यहां तक कि अगर किसी पार्क में कोई समारोह होता है तो सरकार के इस आदेश के अनुसार, वह भी अवैध होगा। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि जब पुलिस कानून लागू है तो फिर ऐसे आदेश की जरूरत क्यों पड़ी? सरकार इस तरह के प्रशासनिक आदेश जारी नहीं कर सकती। इस पर राज्य सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने जवाब देने के लिए ▶10पर




## रामलीला मैदान से हटाया जाएगा अवैध कब्जा

### 50 हजार वर्ग फीट सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** दिल्ली के तुर्कमान गेट क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान की 45000 वर्ग फीट (लगभग एक एकड़) से अधिक सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मस्जिद, कब्रिस्तान और बारात घर बनाए जा रहे हैं। दिल्ली सरकार द्वारा कराए गए सर्वे में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की कारस्तानी सामने आई है।



सर्वे के अनुसार, क्षेत्र में दिल्ली नगर निगम की 37,000 वर्ग फीट जमीन पर बारात घर, निजी क्लीनिक और वाहन पार्किंग बनाई गई है। लगभग 7,400 वर्ग फीट जमीन पर मस्जिद और फैजल शाह कब्रिस्तान का अवैध निर्माण करा लिया गया है। पीडब्लूडी के बचे हुए हिस्से की जमीन और फुटपाथ पर भी अतिक्रमण कर लिया गया है। दिल्ली सरकार ने अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में यह सर्वे कराया था। सर्वे में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), भूमि एवं विकास कार्यालय (एलएंडडीओ) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) शामिल था।

सेव इंडिया फाउंडेशन के प्रीत सिरोही प्रीत सिरोही ने मई 2025 में साल 1958 के दस्तावेजों के आधार पर सरकार में शिकायत की थी। सिरोही ने शिकायत में कहा था कि वर्तमान में सरकारी जमीन का इस्तेमाल अवैध सांप्रदायिक और कमर्शियल गतिविधियों में किया जा रहा है, जो कि मूल भूमि आवंटन का सीधे तौर पर उल्लंघन है। संबद्ध सरकारी विभागों द्वारा किए गए सर्वे के आधार पर अवैध कब्जेदारों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उसके बाद रामलीला मैदान से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### कार्टून कॉर्नर




### अमेरिकी प्रतिबंध और अमेरिकी दावों का सच

### रूस से गैस और कोयला आयात में भारत काफी आगे

# एलएनजी और कोयले की सप्लाई में और आएगी तेजी

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच भारत और रूस के बीच ऊर्जा के कारोबार में नई जान फूंकने की बात चल रही है। रूस का कहना है कि वह भारत को लिक्विफाइड नैचुरल गैस (एलएनजी) और कोयला की सप्लाई को और तेज कर सकता है। रूसी एनर्जी मिनिस्टर सर्जेई त्सिविलेव ने साफ कहा है कि भारत अगर अपनी एनर्जी मिक्स में गैस का हिस्सा 15 फीसदी तक ले जाना चाहता है, तो रूस इसके लिए तैयार है। अभी रूस भारत को हर साल करीब 3 मिलियन टन एलएनजी भेजता है, और ये आंकड़ा और ऊपर चढ़ सकता है। कोयला की बात करें तो रूस 2035 तक भारत को 40 मिलियन टन तक एक्सपोर्ट करने का प्लान बना रहा है।



ये सब तब हो रहा है जब अमेरिका ने रूस के तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए हैं, लेकिन भारत-रूस का तेल कारोबार फिर भी मजबूत बना हुआ है। भारत रूस के फ्यूल और एनर्जी सेक्टर का एक बड़ा पार्टनर बना हुआ है। रूस भारत को एलएनजी के मौजूदा प्रोजेक्ट्स से ही सप्लाई बढ़ाने को तैयार है, ऊपर से आने वाले प्रोजेक्ट्स भी जोड़े जा सकते हैं। त्सिविलेव ने कहा, भारत के गैस मिक्स को 15 फीसदी तक ले जाने के प्लान को देखते हुए, हम मौजूदा और आने वाले रूसी प्रोजेक्ट्स से एलएनजी ऑफर करने को तैयार हैं। जुलाई में रूस के डिप्टी प्राइम मिनिस्टर अलेक्जेंडर नोवाक ने भी कहा था कि ▶10पर

### हजारों मुस्लिमों को ठगने वाला तहसीन अहमद गिरफ्तार

## टीएमसी नेता शकील के 'सुपुत्र' ने ठगा 350 करोड़



**कोलकाता, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल में 350 करोड़ के चिटफंड घोटाले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शकील अहमद के बेटे तहसीन अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया है। तहसीन अहमद ने चिटफंड के नाम पर पिछले चार साल में लगभग 500 लोगों से ठगी की है। तहसीन अहमद की गिरफ्तारी के साथ ही उसके पास से लाखों रुपए नकद और सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस को संदेह है कि ये आभूषण चिटफंड घोटाले के पैसे से खरीदे गए हैं। तहसीन अहमद पिछले करीब चार साल से चिटफंड कंपनी चला रहा था। साल 2023 में इस कंपनी को अच्छा मुनाफा हुआ। ▶10पर



# ट्रंप-शी मुलाकात से पहले चीन के विदेशमंत्री ने अमेरिकी समकक्ष से बात की

**बीजिंग, 28 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

चीन के विदेशमंत्री वांग यी ने सोमवार को अमेरिकी विदेशमंत्री मार्को रुबियो के साथ फोन पर बातचीत की। वांग ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की अच्छी तैयारी के लिए एक-दूसरे से मिलेंगे और द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियां तैयार करेंगे। वांग ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विश्वस्तरीय नेता हैं। दोनों आपसी सम्मान साझा करते हैं। यह चीन-अमेरिका संबंधों के लिए सबसे मूल्यवान रणनीतिक संपत्ति रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह टेलीफोनिक बातचीत शी जिनपिंग की एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग के 32वें आर्थिक नेताओं की बैठक में भाग लेने के लिए कोरिया गणराज्य की यात्रा से तीन दिन पहले हुई। विदेश मंत्रालय ने बार-बार कहा है कि राष्ट्राध्यक्ष की कूटनीति ने चीन-अमेरिका संबंधों में एक अपूरणीय रणनीतिक मार्गदर्शक भूमिका निभाई है। इस साल ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद से शी जिनपिंग ने उनसे तीन बार जनवरी, जून और सितंबर में बातचीत की है।

वांग ने चीन-अमेरिका संबंधों के व्यापक महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि इसका विश्व की दिशा पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक सुदृढ़, स्थिर और टिकाऊ द्विपक्षीय संबंध दोनों देशों के दीर्घकालिक हितों की पूर्ति करते हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की साझा अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। वांग ने कहा कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को हाल ही में नई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि बीजिंग और वाशिंगटन ने रविवार को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में दो दिवसीय आर्थिक और व्यापारिक वार्ता का समापन किया। वांग ने कहा कि दोनों पक्षों ने कुआलालंपुर वार्ता का उपयोग अपनी-अपनी स्थिति स्पष्ट करने, आपसी समझ बढ़ाने और सबसे जरूरी व्यापारिक मुद्दों को समान स्तर पर हल करने के लिए किया। रुबियो ने कहा कि अमेरिका-चीन संबंध दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंध है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उच्चस्तरीय बातचीत के माध्यम से दोनों पक्ष अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सकारात्मक संकेत भेज सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भूकंप से हिला तुर्किये, बालिकेसिर प्रांत में सबसे अधिक तबाही, 6.1 मापी गई तीव्रता

**अंकारा (तुर्किये)।** तुर्किये के बालिकेसिर प्रांत में भूकंप से भारी तबाही हुई है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.1 रही। भूकंप के जोरदार झटके स्तांबुल और अन्य शहरों में भी महसूस किए गए।



घबराए लोग घरों से बाहर निकल आए। तमाम इमारतें तेज झटकों की वजह से धराशायी हो गईं। देश की आपातकालीन एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, तुर्किये की आपातकालीन एजेंसी ने बताया कि सोमवार देररात देश के बालिकेसिर प्रांत में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। तुर्किये के आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार रात 10 :48 बजे ( 1948 जीएमटी) आया। किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। भूकंप का केंद्र 5.99 किलोमीटर की गहराई पर था और इस्तांबुल सहित आसपास के प्रांतों में भी महसूस किया गया। तुर्किये के उपराष्ट्रपति सेवदत यिलमाज ने तुर्किये के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कहा, आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण और अन्य संबंधित संस्थानों ने निरीक्षण शुरू कर दिया है और रिपोर्टों की सावधानीपूर्वक समीक्षा की जा रही है। तुर्किये टुडे अखबार के अनुसार, प्रमुख शहरों में 40 सेकंड तक झटके महसूस किए गए। आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, भूकंप का प्रभाव बालिकेसिर प्रांत के सिंदिरगी जिले में सबसे अधिक महसूस किया गया। कंडिल्ली वेधशाला ने भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी और इसकी गहराई 11.4 किलोमीटर थी। इस्तांबुल और इजमिर के निवासियों ने बताया कि भूकंप का असर लगभग 30-40 सेकंड तक रहा इस्तांबुल और इजमिर के अलावा बर्सा और कनक्कले में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### नेपाल में बढ़ते तनाव के चलते टल सकते हैं चुनाव, भारत रख रहा पैनी नजर

**काठमांडु।** नेपाल में एक बार फिर तनाव की स्थिति बन रही है। आरोप लग रहे हैं कि वर्तमान सरकार की रणनीति नेपाली कांग्रेस (एन) और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (यूएमएल) जैसी स्थापित पार्टियों को कमजोर करना है, जबकि उभरते हुए पश्चिम समर्थक समूहों को फायदा पहुंचाना है।



यही कारण है कि अगले साल होने वाले चुनाव भी टाले जा सकते हैं। नेपाल में बीते महीने जेन-जेड के व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद देश की सरकार गिर गई थी। अनिश्चिताओं के बीच युवाओं ने अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए देश की पूर्व मुख्य न्यायधीश सुशीला कार्की के नाम पर मुहर लगाई, जिसके बाद देश में शांति की उम्मीद जताई गई। अंतरिम सरकार ने अगले साल मार्च तक लोकतांत्रिक चुनाव करवाने की भी घोषणा की थी। हालांकि अब इस योजना पर अंधेरा छाता दिख रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक नेपाल में 5 मार्च को होने वाले चुनावों को टालने की बातचीत शुरू हो गई है। शीर्ष खुफिया सूत्रों ने यह भी कहा कि भारत नेपाल की राजनीतिक और सुरक्षा स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। सूत्रों ने कहा कि भारत नेपाल में जल्द से जल्द लोकतांत्रिक व्यवस्था चाहता है। भारत को चिंता है कि नेपाल की नाजुक अर्थव्यवस्था का पतन देश को गृहयुद्ध की ओर धकेल सकता है। वहीं भारतीय एजेंसियां बाहरी हस्तक्षेप को लेकर भी सतर्क हैं। उनका मानना है कि ज्यादा लंबे समय तक राजनीतिक शून्यता भारत विरोधी तत्वों को नेपाल में अपनी नींव जमाने का मौका दे सकती है। वहीं इस मौके का फायदा चीन भी उठा सकता है।

### रुस का ट्रंप को तंज.........बिना तैयारी बैठक करने में समय बर्बाद नहीं करते पुतिन

**मॉस्को।** रूस-अमेरिका के बीच यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की उम्मीदों पर फिर से झटका लगा है। रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने दो टूक कहा, 'राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मीटिंग सिर्फ मीटिंग के लिए नहीं करते। उन्हें वक्त बर्बाद करना बिल्कुल पसंद नहीं, मतलब बिना तैयारी के कोई भी मीटिंग बेकार है।



इसलिए विदेशमंत्री सर्गेई लावरोव और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को तैयारी का आदेश दिया है। प्रॉसेस जटिल है। उन्होंने कहा, पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मीटिंग कैंसल होने की बात गलत है, क्योंकि अभी तक तारीख तय नहीं थीं। क्रेमलिन की ये ताजा प्रतिक्रिया उस वक्त आई हैं, जब ट्रंप ने कहा कि मीटिंग 'वेस्ट ऑफ टाइम' होगी। लेकिन रूस का ये स्टैंड इशारा दे रहा कि पुतिन किसी भी कीमत पर झुकने के लिए तैयार नहीं। वे अपनी पुरानी शर्तों पर कायम हैं। यूक्रेन की डी-मिलिटराइजेशन करना होगा। डोनबास पुतिन अब नहीं छोड़ने वाले और नाटो का यूक्रेन तक विस्तार उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं है। शुरुआत अगस्त में हुई जब अलास्का के एंकरेज में ट्रंप-पुतिन की पहली समिट हुई। वहां दोनों ने यूक्रेन पर बात की। ट्रंप ने कहा, मैं युद्ध 24 घंटे में खत्म कर दूंगा। पुतिन ने शांति की बात मानी, लेकिन शर्तें रखीं।

# बलूचिस्तान के रीको में पाकिस्तानी सेना पर हमला, कई जवान मारे गए, तुर्बत में केच डीसी के काफिले पर विस्फोट

**क्वेटा, 28 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

**पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटों के दौरान अज्ञात सशस्त्र हमलावरों ने सेना को निशाना बनाया। इस हमले में कई जवान मारे गए और कुछ घायल हो गए। इसके अलावा केच के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) के काफिले को धमाके से उड़ाने की कोशिश की गई। डीसी सुरक्षित हैं। कच्छी जिले में लेवीज थाना और कई इमारतों को फूंक दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, केच जिले की बुलेदा तहसील के रोंगान के रीको क्षेत्र में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर हमला किया। इस हमले में कई जवान मारे गए और कुछ घायल हो गए। हमलावर जवानों के हथियार भी लूट ले गए। इस घटना पर अब तक अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। अभी तक किसी ने भी इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। हाल के महीनों में बलोचिस्तान में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर हमले बढ़े हैं। आजादी समर्थक संगठन अकसर सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हैं।**



डान अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को तुर्बत में केच के डिप्टी कमिश्नर के काफिले को निशाना बनाकर सड़क किनारे किए गए बम विस्फोट में लेवी नौ अधिकारी और एक राहगीर घायल हो गए। एक अन्य घटना में हथियारबंद दर्जनों लोगों ने कच्ची जिले के एक कस्बे में धावा बोल दिया और पुलिस थाने में आग लगा दी। इस दौरान पुलिस के साथ भीषण मुठभेड़ के बाद भाग निकले।

अधिकारियों ने कहा कि एक मोटरसाइकिल में लगाया गया इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस एक सुरक्षा वाहन के बगल में तब फटा जब डीसी का काफिला तुर्बत में थाना रोड पर पहुंचा। तुर्बत के पुलिस उपाधीक्षक नजीर अहमद ने बताया कि शक्तिशाली विस्फोट में सुरक्षा वाहन में मौजूद कम से कम नौ लेवी कर्मी और एक राहगीर घायल हो गए। डिप्टी कमिश्नर बुलेटप्रूफ वाहन में यात्रा कर रहे थे। वह विस्फोट में सुरक्षित रहे। विस्फोट के तुरंत बाद सुरक्षा बल और पुलिस जवान घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को तुर्बत जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने अस्पताल के अधिकारियों के हवाले से कहा, दो कर्मियों की हालत गंभीर है। विस्फोट में एक सुरक्षा वाहन नष्ट हो गया। डीसी का बुलेटप्रूफ वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास खड़ी कम से कम एक दर्जन इमारतों और पांच वाहनों को भी नुकसान पहुंचा।

दूसरी ओर, दर्जनों आतंकवादियों ने कच्छी जिले के भाग कस्बे पर हमला कर लेवीज़ थाने व अन्य सरकारी इमारतों में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि दो हमलावरों को भी मार गिराया गया। एक शव को आतंकवाद निरोधी विभाग ने कब्जे में ले लिया और दूसरे को भागते हुए आतंकवादी अपने साथ ले गए। अधिकारियों ने बताया कि शाम 4:15 बजे लगभग 50 हथियारबंद लोग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर भाग पहुंचे और एक पिकअप ट्रक, पुलिस और लेवी थानों पर हमला कर दिया। उन्होंने लेवी कर्मियों को बंधक बना लिया और थाने पर गोलीबारी शुरू कर दी।

गोलीबारी में भाग के एसएचओ लुटफ खोसा की जान चली गई। कच्छी के एसएसपी माजूर रहमान ने बताया, हमारे पुलिस अधिकारी शहीद हो गए और एक पुलिस कांस्टेबल मोहम्मद अफजल खोसा घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दो आतंकवादी भी मारे गए। एसएसपी के अनुसार, हथियारबंद लोग न्यायिक लॉकअप में घुस गए और छह विचाराधीन कैदियों को छुड़ा ले गए। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने तहसील कार्यालय पर भी हमला किया और पटवारखाना के रिकॉर्ड और उसके फर्नीचर को लूट लिया। एसएसपी ने बताया कि हमलावरों ने नेशनल बैंक की स्थानीय शाखा में घुसने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि पुलिस थाना पूरी तरह जलकर खाक हो गया। हमले में भारी हथियारों का इस्तेमाल किया गया, जिससे नेशनल बैंक की इमारत भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# ट्रंप पहुंचे जापान, टोक्यो में सम्राट से मिले, प्रधानमंत्री के साथ वार्ता शुरू



**टोक्यो, 28 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

**एशिया के राजकीय दौरे पर निकले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कुछ घंटे पहले अपने दौरे के दूसरे पड़ाव टोक्यो पहुंचे। वहां सबसे पहले उन्होंने जापान के सम्राट नारुहितो से मुलाकात की। ट्रंप की इस समय देश की पहली महिला प्रधानमंत्री साने ताकाइची से मुलाकात हो रही है। इससे पहले ट्रंप मलेशिया गए और थाईलैंड व कंबोडिया के बीच शांति घोषणापत्र पर हस्ताक्षर में शामिल हुए।**

रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने मंगलवार को टोक्यो में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी पहली बैठक शुरू की। इस बैठक में व्यापार और सुरक्षा के मुद्दे एजेंडे में हैं। राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी है और बैठक से पहले मार्ग पर लगभग 18,000 पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया। ट्रंप तड़के भव्य अकासाका पैलेस पहुंचे, जहां मुस्कुराते हुए ताकाइची ने उनका स्वागत किया। दोनों ने अंग्रेजी में कुछ शब्दों का आदान-प्रदान किया। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी टैरिफ वार्ताकार चीन के साथ एक व्यापार समझौते की रूपरेखा पर भी पहुंच गए, जिससे चीनी वस्तुओं पर 157 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना टल गई और इस सप्ताह के अंत में ट्रंप और चीन के नेता शी जिनपिंग के बीच संभावित वार्ता की नींव रखी गई। वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि चीन पर टैरिफ बढ़ाने का विचार अब प्रभावी रूप से विचाराधीन है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने मलेशिया से जापान यात्रा के दौरान अपने एयरफोर्स वन में पत्रकारों से तीसरी बार चुनाव लड़ने की संभावना पर चर्चा की। एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने 2028 में तीसरी बार राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की अपनी संभावना को खुला रखा। हालांकि, उन्होंने तुरंत यह भी कहा कि उन्होंने फिर से चुनाव लड़ने के बारे में वास्तव में नहीं सोचा है। ट्रंप ने अपने कार्यकाल के बाद रिपब्लिकन पार्टी का नेतृत्व करने वाले संभावित उत्तराधिकारियों का भी संकेत दिया। उन्होंने 2028 के राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए विदेशमंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को शीर्ष दावेदार बताया।

### 14,000 किलोमीटर की रेंज, तबाही का दूसरा नाम है ये मिसाइल........ट्रंप दिख रहे परेशान



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की कि रूस ने अपनी परमाणु-संचालित क्रूज मिसाइल बुरेवेस्तनिक का सफल परीक्षण किया है। रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख वैलेरी गेरासिमोव के अनुसार, मिसाइल परीक्षण के दौरान लगभग 15 घंटे तक हवा में रही और करीब 14,000 किलोमीटर की दूरी तय की। पुतिन ने दावा किया कि यह मिसाइल दुनिया में किसी अन्य देश के पास नहीं है और यह दुश्मन की मिसाइल रक्षा प्रणालियों को आसानी से चकमा दे सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक यह मिसाइल हवाई और मिसाइल रक्षा प्रणालियों को भेदने में सक्षम है। पुतिन ने कहा कि इस हथियार को जल्द ही तैनात करने की तैयारी की जाएगी और इसके उपयोग के तरीकों पर विचार किया जाएगा तथा बुनियादी ढांचा तैयार किया जाएगा। यह परीक्षण तब हुआ है जब रूस और अमेरिका के बीच कूटनीतिक रिश्ते और खराब हुए हैं, खासकर अमेरिका द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के बाद। पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ प्रस्तावित शिखर सम्मेलन भी रद्द हो गया था, जिससे तनाव और बढ़ गया था।

# गाजा में रेडक्रॉस ने हमास से मिले एक और बंधक का शव इजराइल को सौंपा

**गाजा पट्टी/तेल अवीव, 28 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

आतंकवादी समूह हमास ने सोमवार रात एक बंधक का शव (अवशेष) रेडक्रॉस को सौंप दिया। इसके बाद रेडक्रॉस अधिकारियों बंधक के ताबूत को इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के अधिकारियों के पास पहुंचाया। इजराइल की पुलिस इसे पहचान के लिए तेल अवीव स्थित अबू कबीर फॉरेंसिक संस्थान पहुंचाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने कहा कि उसने सोमवार रात एक बंधक के अवशेष रेडक्रॉस को सौंप दिए। हमास ने अमेरिका और इजराइल की चेतावनी के बाद बंधकों के शव तेजी से खोज रहा है। अगर इस शव की पहचान बंधक के रूप में होती है तो गाजा में मृत बंधकं की संख्या घटकर 12 रह जाएगी। इजराइल का कहना है कि आतंकवादी समूह 10 अक्टूबर से लागू युद्धविराम की शर्तों का पालन करने में आनाकानी कर रहा है।




इस समझौते के तहत हमास को 72 घंटों के भीतर सभी जीवित और मृत 48 बंधकों के शव वापस करने थे। हमास ने सभी 20 जीवित बंधकों को सौंप दिया है, लेकिन गाजा में मौजूद 28 में से केवल चार शव ही निर्धारित समय सीमा के भीतर वापस किए गए। हमास ने बयान में कहा कि उसने सोमवार को दिन में एक बंधक के शव के अवशेष खोजे। हमास ने सिर्फ इतनी ही जानकारी दी, जबकि अल जजीरा टीवी चैनल ने बताया कि शव उत्तरी पट्टी में गाजा शहर के तुफ्फाह इलाके में खोज अभियान के मिला चैनल 13 की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली खुफिया एजेंसियों का मानना है कि हमास गाजा में छुपा कर रखे गए 13 मारे गए बंधकों में से 10 के अवशेष ढूंढ सकता है। इनमें कर्नल आसफ हमामी और लेफ्टिनेंट हदर गोल्डिन शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल का मानना है कि हमास जानबूझकर दोनों के शवों को रोक रहा है, क्योंकि शहीद सैनिक इजराइल में बहादुरी के प्रतीक बन गए हैं। हमास के प्रवक्ता हजम कासिम ने कहा, इजराइल का यह दावा झूठा है कि हमास को यह पता है कि शव कहां हैं।

# इस्तांबुल में पाकिस्तान-अफगानिस्तान वार्ता का तीसरा दिन, नहीं हो सकी प्रगति

**इस्तांबुल (तुर्किये), 28 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

तुर्किये के शहर इस्तांबुल में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच वार्ता का तीसरा दिन (सोमवार) बिना किसी निर्णय के समाप्त हो गया। पाकिस्तान के आतंकवाद-रोधी मांगों पर अड़े रहने और तालिबान वार्ताकारों के काबुल के नक्शेकदम पर चलने के कारण वार्ता नया सत्र एक तरह से स्थगित हो गया। दोनों पक्ष अपनी-अपनी बातों पर अड़े हुए हैं। पाकिस्तान के अखबार द न्यूज ने उच्चस्तरीय सूत्रों के हवाले से इस वार्ता पर अपनी रिपोर्ट में आज सुब यह जानकारी दी। हालांकि दोनों सरकारों की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। न ही मध्यस्थ तुर्किये ने कोई टिप्पणी की है। रिपोर्ट के अनुसार, उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि काबुल प्रशासन ने इस्लामाबाद की आतंकवाद-रोधी प्रमुख शर्तों को मानने से इनकार कर दिया। यह सत्र असहमति से भरा रहा। पाकिस्तान अपने प्रस्तावों पर अड़ा रहा, जबकि



अफगान तालिबान प्रतिनिधिमंडल काबुल के निर्देशों के सामने विवश रहा। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि तालिबान प्रतिनिधिमंडल काबुल से निर्देश ले रहा है और वार्ता के दौरान अफगान प्रशासन से बार-बार परामर्श कर रहा है। काबुल से कोई उत्साहजनक प्रतिक्रिया न मिलने से गतिरोध और बढ़ गया है। दोनों पक्षों के बीच तीसरे दौर की वार्ता इसी महीने सीमा पर हुई हालिया झड़पों और दोनों पक्षों के बीच हुई झड़पों के बाद शुरू हुई।

### कैटेगरी-5 तूफान 'मेलिसा' जमैका की ओर बढ़ा, तबाही की चेतावनी

**कंग्स्टन।** कैरेबियाई देश जमैका पर अब तक के सबसे भीषण तूफान का खतरा मंडरा रहा है। अमेरिकी नेशनल हरिकेन सेंटर (एनएचसी) ने चेतावनी दी है कि कैटेगरी-5 हरिकेन मेलिसा सोमवार रात या मंगलवार सुबह तक जमैका के तट से टकरा सकता है, जिससे विनाशकारी तबाही की आशंका है। 165 मील प्रति घंटे की रफ्तार, 13 फीट ऊंची लहरें एनएचसी के अनुसार, मेलिसा की गति 165 मील प्रति घंटे (265 किमी/घंटा) तक पहुंच चुकी है और इसके साथ 13 फीट तक ऊंची समुद्री लहरें और 40 इंच तक बारिश हो सकती है। इससे बाढ़, भूस्खलन और बिजली तथा जल आपूर्ति ठप पड़ने का खतरा है। एजेंसी ने चेतावनी दी है कि तूफान के चलते वृहद पैमाने पर बुनियादी ढांचे को नुकसान होगा और कई समुदायों का संपर्क पूरी तरह कट सकता है। जमैका में अनिवार्य निकासी आदेश जारी सरकार ने तटीय इलाकों में रहने वाले हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश दिया है। यह तूफान संभवत: जमैका के इतिहास का सबसे शक्तिशाली हरिकेन साबित हो सकता है। मेलिसा के चलते अब तक हैती में तीन और डोमिनिकन रिपब्लिक में एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। 24 घंटे में दोगुनी ताकत, वैज्ञानिक चिंतित विशेषज्ञों के अनुसार, मेलिसा ने बीते 24 घंटों में 70 मील प्रति घंटे की अतिरिक्त गति हासिल की, जो अत्यंत तीव्र वृद्धि मानी जाती है। जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि महासागरों के गर्म होने और ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन से ऐसे सुपर तूफानों की आवृत्ति और ताकत दोनों बढ़ रही हैं। मंत्री सैमूडा ने कहा- तैयारी का वक्त खत्म हो चुका है जमैका के जल, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री मैथ्यू सैमूडा ने सोमवार को कहा, अब तैयारी का समय लगभग खत्म हो चुका है। अब समय है निर्देशों को सुनने और पालन करने का।

# गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा राहत के लिए नागालैंड को 20 करोड़ रुपए जारी करने को मंजूरी दी



**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2025-26 के लिए नागालैंड को दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत सहायता प्रदान करने के लिए एसडीआरएफ में केंद्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में 20 करोड़ रुपए की अग्रिम राशि जारी करने की स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है। वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार पहले ही एसडीआरएफ के तहत 27 राज्यों को 15,554 करोड़ रुपए और एनडीआरएफ के तहत 15 राज्यों को 2,267.44 करोड़ रुपए जारी कर चुकी है। इसके अतिरिक्त, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएमएफ) से 21 राज्यों को 4,571.30 करोड़ रुपए और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) से 9 राज्यों को 372.09 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

केंद्र सरकार ने बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित सभी राज्यों को आवश्यक एनडीआरएफ टीमों, सेना और वायु सेना की तैनाती सहित सभी सहायता प्रदान की है। इस वर्ष मानसून के दौरान, बचाव और राहत कार्यों के लिए 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में एनडीआरएफ की सर्वाधिक 199 टीमों की तैनाती की गई थी।

इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने एक बयान में कहा कि उन्होंने वर्ष 2025-26 के लिए कर्नाटक और महाराष्ट्र को एसडीआरएफ के केंद्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में 1,950.80 करोड़ रुपए की अग्रिम राशि जारी करने को मंजूरी दी।

बयान में कहा गया है, कुल 1,950.80 करोड़ रुपए में से कर्नाटक के लिए 384.40 करोड़ रुपए और महाराष्ट्र के लिए 1,566.40 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए, ताकि इन राज्यों को इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत सहायता प्रदान करने में मदद मिल सके।

## मोदी कैबिनेट की 8वें वेतन आयोग को मंजूरी

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को हरी झंडी मिल गई है। इसके ढ्शशि ेष ठ्शषशशिशलश यानी कार्यक्षेत्र, नियम, अध्यक्ष और सदस्यों के नामों को भी मंजूरी दे दी गई है। इस फैसले से करीब 50 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 69 लाख पेंशनभोगी, जिनमें रक्षा सेवाओं के कर्मी भी शामिल हैं, लाभान्वित होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें 1 जनवरी 2026 से लागू होने की उम्मीद है। यह परंपरा हर दस साल में एक बार वेतन संरचना की समीक्षा करने की रही है। नए वेतन आयोग की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई करेंगी। खड्गपुर बैंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव पंकज जैन को आयोग के सदस्य बनाया गया है। यह आयोग एक अस्थायी निकाय होगा और स्थापना की तारीख से 18 महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा।जरूरत पड़ने पर आयोग अपनी अंतरिम रिपोर्ट भी सरकार को सौंप सकेगा ताकि वेतन या पेंशन से जुड़ी प्राथमिक सिफारिशों पर जल्द कार्रवाई की जा सके। केंद्रीय वेतन आयोग का उद्देश्य केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए वेतन, भत्तों और पेंशन ढांचे की समीक्षा करना है।

## सड़कों के किनारे विकसित की गयी हैं 670 जन सुविधाएँ : गडकरी

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जन-केंद्रित बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि इसे ध्यान में रखते हुए देश भर में सड़कों के किनारे 670 सुविधाएं विकसित की गयी हैं।

श्री गडकरी ने मंगलवार को भारतीय उद्योग परिसंघ(सीआईआई) के स्मार्ट सड़कों का भविष्य -सुरक्षा, स्थिरता और अनुकूलन विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा है कि देश में बुनियादी ढाँचा जन-केंद्रित होना चाहिए, जिससे नागरिकों के लिए आराम हो और सबके लिए सुविधा सुनिश्चित की जा सके। उनका कहना था कि इसे ध्यान में रखते हुए अब तक देश भर में सड़क के किनारे 670 सुविधाएँ विकसित की गयी हैं।

उन्होंने कहा कि मंत्रालय का वर्तमान वार्षिक राजस्व 55,000 करोड़ रुपये से अगले दो वर्षों के भीतर बढ़कर 1.4 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। उनका कहना था कि मंत्रिमंडल में 2027 के लिए एक व्यापक बुनियादी ढाँचा योजना पर चर्चा की गयी, जिसमें सड़क निर्माण में 80 लाख टन पृथक प्लास्टिक कचरे का उपयोग और सड़क निर्माण के लिए शोधन संयंत्रों से उपचारित जल का पुन: उपयोग जैसी स्थायी पहल शामिल हैं।

श्री गडकरी ने कहा कि 25,000 किलोमीटर लंबे दो-लेन राजमार्गों को चार लेन में बदलने का काम चल रहा है, जबकि 2 लाख करोड़ रुपये का बंदरगाह संपर्क कार्यक्रम सभी प्रमुख बंदरगाहों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि बेहतर सड़क संपर्क देश के कई हिस्सों में धार्मिक पर्यटन और साहसिक खेलों को बढ़ावा दे रहा है।

# महागठबंधन का संकल्प पत्र जारी

### नए बिहार के निर्माण की दिशा में संकल्पित




**पटना, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए महागठबंधन ने मंगलवार को संयुक्त घोषणा पत्र जारी कर दिया। इस घोषणा पत्र का नाम बिहार का तेजस्वी प्रण रखा गया है। इस पत्र के जरिए महागठबंधन ने 25 मुख्य कार्यों के माध्यम से जहां बिहार बदलने की बात की, वहीं तरक्की का नया इतिहास लिखने का संकल्प भी लिया है। इस घोषणा पत्र में तेजस्वी यादव की माई बहिन मान योजना, हर घर सरकारी नौकरी, और 200 यूनिट मुफ्त बिजली के साथ नए वादे भी शामिल किए गए हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेताओं ने मिलकर इस घोषणा पत्र को जारी किया। महागठबंधन के सीएम फेस की घोषणा के बाद जारी इस साझा चुनावी घोषणा पत्र में रोजगार और युवा खंड के जरिए नौकरी के वादे किए गए हैं, वहीं दिव्यांग वर्ग के लिए भी योजन-ाओं का वादा किया गया है। पत्र में शिक्षा सुधार, जन स्वास्थ्य और चिकित्सा सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और वंचित समुदाय के लिए भी कई घोषणाएं की गई हैं।

इसके अलावा पत्र में कृषि, किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा मजदूर वर्ग के लिए भी वादे किए गए हैं, और गरीबों के लिए भी कई योजनाओं की शुरुआत करने का दावा किया गया है।

तेजस्वी यादव ने घोषणा पत्र जारी करते हुए दावा किया कि हम झूठे, टूटे-फूटे वादे नहीं करते हैं। जो कहते हैं, वो करते हैं; जो कह रहे हैं, वो करेंगे। कुछ दिनों में हम बताने जा रहे हैं कि कैसे नौकरियां मिलेंगी।

उन्होंने आगे कहा, 2020 में वही लोग बोलते थे कि कैसे होगा और क्या होगा। जिस परिवार के पास सरकारी नौकरी नहीं है, उसे हम एक नौकरी देंगे। यह संभव होने वाला है। इस पर किसी को असमंजस की स्थिति नहीं रखनी चाहिए।

घोषणा पत्र की प्रस्तावना में साफ तौर पर कहा गया है कि इंडिया गठबंधन की सरकार सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक न्याय को भी समान महत्व देगी। हमारी सरकार राज्य के हर वर्ग एवं समुदाय के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए कटिबद्ध होगी। घोषणा पत्र के जरिए कहा गया है कि हमारा यह संकल्प पत्र सिर्फ एक सामान्य चुनावी दस्तावेज नहीं, बल्कि समृद्ध, न्यायपूर्ण और खुशहाल 'नए बिहार' के निर्माण की दिशा में हमारा संकल्पित, ठोस और ऐतिहासिक कदम है।

# सरकार ने अग्निवीरों के साथ किया धोखा : कांग्रेस



**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने सरकार पर अग्निवीरों के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया था लेकिन अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर बताया है कि रिटायर अग्निवीरों को देश की टॉप दस प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसियों में रखा जाएगा।

कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में अधिसूचना को अग्निवीरों के साथ धोखा बताया और कहा कि यह योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है इसलिए इस योजना को खत्म किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार हमारे जवानों के साथ सही नहीं कर रही है। ये साफ तौर पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले ही 'जय जवान अभियान' चलाया था और अब 'जय जवान अभियान' का दूसरा भाग चल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार कह रहे हैं कि देश को कम प्रशिक्षित सैनिक दिए जा रहे हैं और मोदी सरकार सैनिकों की पेंशन काटकर अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भर रही है।

कर्नल चौधरी ने कहा हम सभी वचनबद्ध हैं कि अग्निवीर योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है, ये खत्म होनी चाहिए। मोदी सरकार अगर ऑपरेशन सिंदूर में अच्छा काम करने वाले सैनिकों को प्रोत्साहन नहीं दे सकती थी तो उन्हें धोखा भी नहीं दिया जाना चाहिए था। मोदी सरकार ने वादा किया था कि हम अग्निवीरों को सेवानिवृत्त होने के बाद सरकारी नौकरी देंगे लेकिन अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है-जिसमें बताया गया है कि रिटायर होने वाले अग्निवीरों को देश की टॉप 10 प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में रखा जाएगा।

उन्होंने तंज करते हुए सवाल किया कि मोदी सरकार ने सिर्फ 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थायी किया है तो बाकी वापस लौटकर क्या भाजपा दफ्तर या किसी कंपनी के बाहर दरबान की नौकरी करेंगे। क्या अग्निवीर अब अडानी डिफेंस के अंदर जाएंगे और वहां जाकर एक प्राइवेट आर्मी की तरह काम करेंगे। सरकार अधिसूचना जारी कर कहती है कि अग्निवीरों को सिक्योरिटी एजेंसियों में शामिल करें। कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख ने कहा मोदी सरकार से हमारा सवाल है कि जब अग्निवीरों को पेंशन वाली नौकरी और केंद्र, राज्य की नौकरियों में शामिल करने का वादा किया गया था तो आज उन्हें प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में क्यों भेजा जा रहा है। आने वाले साल में लौटने वाले अग्निवीरों को पेंशन वाली नौकरी कब और कहां दी जाएगी। हम अग्निवीरों को प्राइवेट आर्मी बनाकर देश-विदेश के युद्ध में झोंकने नहीं दे सकते। हमारा 'जय जवान अभियान' जारी है और हम सैनिकों के हित में सवाल पूछते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जब किसानों के लिए तीन काले कानून लाए गए थे तब उससे पहले अडानी ने पूरे देश में जमीन खरीद ली थी। इसी तरह अडानी डिफेंस 2015 में आई, जिसके बाद 2020-22 तक सेना में भर्तियां नहीं हुईं। अडानी ने धीरे-धीरे डिफेंस में भी अपना कारोबार बढ़ा लिया। अब इसी कड़ी में अडानी को चार साल के ट्रेंड अग्निवीर सौंपे जाएंगे, जिसे हमें मिलकर रोकना है।

# फैयाज मंसूरी के जेहादी बयान पर सुप्रीम कोर्ट तल्ख

### आपराधिक मामला रद्द करने से किया इनकार



**नई दिल्ली/लखीमपुर खीरी, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी मस्जिद को लेकर सोशल मीडिया पर जेहादी बयान पोस्ट करने वाले फैयाज मंसूरी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया है। याचिकाकर्ता फैयाज मंसूरी के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से आपराधिक केस रद्द किए जाने की दरख्वास्त की थी।

फैयाज मंसूरी ने कहा था कि बाबरी मस्जिद एक दिन तुर्की की सोफिया मस्जिद की तरह फिर से बनाई जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई की। जस्टिस सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता की दलील से असहमति जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की पोस्ट और उसके बयान की जांच की है। सुप्रीम कोर्ट आपराधिक मामला रद्द करने से इन्कार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए सभी तर्कों पर ट्रायल कोर्ट द्वारा उनके गुण-दोष के आधार पर विचार किया जाएगा।

लखीमपुर खीरी के रहने वाले फैयाज मंसूरी के खिलाफ 6 अगस्त 2020 को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153ए, 292, 505 (2), 506, 509 और सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम, 2008 (आईटी एक्ट) की धारा 67 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद लखीमपुर खीरी के जिलाधिकारी ने फैयाज के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 (एनएसए) के तहत निरोध आदेश पारित किया था, जिसे इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। इसके बाद फैयाज मंसूरी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन हाईकोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद ही मंसूरी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी याचिका खारिज कर दी।

## राष्ट्रपति मुर्मू आज राफेल लड़ाकू विमान में अंबाला से भरेंगी उडान



**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को भारतीय वायु सेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल में उडान भरेंगी। राष्ट्रपति इससे पहले वायु सेना के सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में भी उडान भर चुकी हैं।

राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को बताया कि श्रीमती मुर्मू बुधवार को हरियाणा जायेंगी और वहां अंबाला वायु सेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उडान भरेंगी।

श्रीमती मुर्मू ने दो वर्ष पहले 8 अप्रैल 2023 को वायु सेना के तेजपुर हवाई बेस से सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उडान भरी थी।

राफेल भारतीय वायु सेना का प्रमुख लड़ाकू विमान है और इसने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विभिन्न अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति के सुबह अंबाला वायु सेना स्टेशन पहुंचने पर उन्हें सम्मान स्वरूप गार्ड आफ ऑनर दिया जायेगा। राष्ट्रपति को राफेल विमान के बारे में भी जानकारी दी जायेगी। इसके बाद वह विमान में उडान भरेंगी। उनके वायु सैनिकों को संबोधित किये जाने की भी संभावना है।

# फैक्ट्री में बच्चों से बर्बरता से कराया जा रहा था काम

## दुष्ट फैक्ट्री मालिक से छुप कर भागे सात बच्चे बरामद



**जयपुर, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** जयपुर के भट्टा बस्ती इलाके से मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। इंसान के जुल्मों से तंग आकर बिहार के सात बच्चे डरे-सहमे एक कब्रिस्तान में छिपे हुए मिले। बच्चों ने पुलिस को बताया कि उन्हें भूतों से नहीं, बल्कि इंसानों से डर लगता है। शमशाद मियां जो झूठ बोलकर दो महीने पहले बिहार के सात बच्चों को घुमाने के बहाने जयपुर लाया था। उसकी तलाश जारी है। सोशल मीडिया पर यह खबर वायरल हो गई है। यूजर्स ने बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

शमशाद मियां नाम का एक शख्स इन बच्चों को घुमाने के बहाने बिहार के एक गांव से जयपुर लाया और भट्टा बस्ती क्षेत्र स्थित चूड़ी फैक्ट्री में काम पर लगा दिया। इस दौरान बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था। उनसे 18 से 20 घंटे तक काम करवाया जाता। उन्हें दिन में सिर्फ एक बार खाना दिया जाता था और अगर वे बीमार पड़ जाते थे तो उनकी बेरहमी से पिटाई की जाती थी। भूख और डर से बेहाल बच्चे बीमार पड़ने लगे। आखिरकार दिवाली की रात (20 अक्टूबर) वे सभी हिम्मत करके फैक्ट्री से भाग निकले, लेकिन भट्टा बस्ती की तंग गलियों में खो गए और इंसानों के जुल्मों से तंग आकर कब्रिस्तान में पहुंच गए, जहां उन्होंने कब्रों के पीछे छिपकर पूरी रात बिताई। जब स्थानीय लोगों ने बच्चों को कब्रिस्तान में देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर भट्टा बस्ती पुलिस और बाल कल्याण समिति की एक टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस की शुरुआती जांच में फैक्ट्री में अन्य राज्यों से भी बच्चों को धोखे से लाकर मजदूरी कराई जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि बच्चों को बाल सुधार समिति के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह भेजा गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि भट्टा बस्ती पुलिस और चाइल्ड वेलफेयर टीम ने बच्चों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बच्चों को खाना, नए कपड़े और मेडिकल सहायता दी गई। बच्चे इतने डरे-सहमे थे कि इंसानों से बात करने से भी डर रहे थे। बच्चों ने पुलिस को बताया कि उन्हें भूतों से नहीं, इंसानों से डर लगता है।

जिस उम्र में बच्चों को खेलना और पढ़ना चाहिए, उस उम्र में इन मासूमों से जयपुर की चूड़ी फैक्ट्री में मुश्किल हालात दिन में 18 से 20 घंटे काम करवाया जाता था और बदले में उनके साथ जानवरों जैसा बर्ताव किया जाता था। कई बार उन्हें पूरा दिन खाने को भी नहीं दिया जाता था। बीमार होने पर उन्हें पीटा जाता था। जांच में सामने आया है कि इन बच्चों को चूड़ी बनाने के कारखाने में कैद रखा जाता था। बीते दो-तीन महीने से उन्हें कैद करके रखा गया था और बाहर तक नहीं निकलने दिया जा रहा था। बच्चों को जब यह कैद असहनीय हो गई, तो उन्होंने भागने का फैसला किया। पुलिस के अनुसार, 20 अक्टूबर को दीपावली वाले दिन बच्चे मौका मिलते ही वहां से भाग निकले। रास्ता भटकने के बाद डर के मारे सभी बच्चे भट्टा बस्ती इलाके के एक कब्रिस्तान में जाकर छिप गए। भट्टा बस्ती थानाधिकारी दीपक त्यागी ने मीडिया को बताया, हमें 20 अक्टूबर को सुबह 8-9 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी। जब हम कब्रिस्तान पहुंचे, तो बच्चे बुरी हालत में मिले। शुरू में बच्चे काफी डरे हुए थे और बात करने को तैयार नहीं थे। कुछ देर बाद बच्चों ने बताया कि उन्हें शमशाद मियां नाम का व्यक्ति गांव से लाया था, जिसने यहां कैद कर चूड़ी बनाने का काम करवाया और रोज मारपीट करता था।

दीपक त्यागी ने पुष्टि की कि आरोपी शमशाद मियां के खिलाफ तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस की टीम जब उसके घर दबिश देने पहुंची, तो आरोपी वहां ताला लगाकर मौके से फरार हो चुका था। पुलिस को संदेह है कि आरोपी के कारखाने में और भी कई बाल मजदूर हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस की टीमें फरार आरोपी की तलाश में जुटी हैं।

# कैटरीना कैफ ने फिल्मी इंडस्ट्री में आने के लिए प्रेरित किया : कशिका कपूर





अभिनेत्री काशिका कपूर बॉलीवुड, तेलुगु सिनेमा और कई म्यूजिक वीडियो में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने सामाजिक मुद्दों पर आधारित ड्रामा 'आयुष्मति गीता मैट्रिक पास' से बॉलीवुड में कदम रखा और बाद में 'लाइफ: लव योर फादर' से तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया। कशिका कपूर ने एक विशेष इंटरव्यू में बताया कि कैसे उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ का भी हाथ है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उनके पिता शुरुआत में बेटी के इंडस्ट्री में आने को लेकर झिझक रहे थे, जबकि उनकी मां उनके सपनों के साथ खड़ी रहीं।

जब उनसे पूछा गया कि उन्हें बॉलीवुड में आने के लिए कैसे प्रेरणा मिली, तो कशिका कपूर ने कहा, मुझे लगता है कि हमेशा से एक अभिनेत्री बनना मेरा सपना था। मैं पांचवीं कक्षा में थी जब मैंने नाटकों में भाग लेना शुरू किया। मुझे याद है कि स्कूल में शो की शुरुआत मैं ही करती थी और सभी को मुझ पर बहुत गर्व था। लोगों की प्रशंसा ने मुझे एहसास दिलाया कि शायद मुझमें कुछ ऐसा है जिसे आगे बढ़ाया जाना चाहिए। वास्तव में यह सब ऐसे ही शुरू हुआ।

उन्होंने आगे कहा, मैं कैटरीना कैफ के गाने 'शीला की जवानी' से प्रेरित थी। मैंने उसे देखा और सोचा, मुझे यह करना है। मैं वहां जाना चाहती हूं। लेकिन मेरे पिताजी इस विचार के बिल्कुल खिलाफ थे, उन्हें उस समय इंडस्ट्री पसंद नहीं थी। दूसरी ओर, मेरी मां बहुत सहयोगी थीं। मेरे पिताजी ने कहा था कि यह बस एक दौर है जो गुजर जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आखिरकार, उन दोनों ने मेरा साथ दिया, और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। इस तरह मेरे सपने ने आकार लेना शुरू किया।

अपने पहले बड़े मौके के बारे में बात करते हुए कशिका ने कहा, यह बिल्कुल अप्रत्याशित था। हम घर पर 'फर्न्स एंड पेटल्स' की शूटिंग कर रहे थे। उस शूटिंग के लिए आए निर्देशक ने मुझे बताया कि वह आमतौर पर ऐसे प्रोजेक्ट्स नहीं करते, लेकिन उस दिन किसी चीज ने उन्हें आने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैं आया क्योंकि मुझे मेरी गीता मिल गई है। कशिका ने आगे कहा, उन्होंने मुझे कहानी सुनाई और कहा, 'मैं तुम्हें इस भूमिका के लिए चाहता हूं।' मैं बहुत आभारी थी क्योंकि यह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर आधारित एक बहुत ही खूबसूरत कहानी थी। मैंने इसके लिए तेलुगु में ऑडिशन भी दिया था।

## जैकी चैन और ऋतिक रोशन की मुलाकात कुंग फू फाइटिंग गाना किया समर्पित



बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन इन दिनों अमेरिका के बेवर्ली हिल्स में छुट्टियां मना रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अपने पसंदीदा एक्शन आइकॉन, हॉलीवुड के मशहूर स्टार जैकी चैन से मुलाकात की। ऋतिक ने इस मुलाकात का अनुभव अपने फैंस संग शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर साझा की गई तस्वीरों और कैप्शन में इस मुलाकात की जानकारी दी। सोमवार को ऋतिक ने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर जैकी चैन के साथ दो तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में दोनों कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज देते दिख रहे हैं। फोटो के बैकग्राउंड ऑडियो के तौर पर ऋतिक ने 'कुंग फू फाइटिंग' गाना लगाया। इस गाने को ऋतिक ने जैकी चैन को उनके मार्शल आर्ट्स करियर के लिए समर्पित किया है। कैप्शन में ऋतिक ने मजाकिया अंदाज में लिखा, ''आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा सर, मेरी टूटी हड्डियां आपकी टूटी हड्डियों को याद करती हैं।''

बता दें कि ऋतिक अमेरिका में अपनी गर्लफ्रेंड सबा के साथ क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं। 26 अक्टूबर को उन्होंने कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं थी, जिसमें दोनों एक साथ मौसम का लुत्फ उठाते हुए नजर आए थे। इन तस्वीरों में ऋतिक और सबा एक-दूसरे को गले लगाते हुए दिखें। दोनों ने तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'सर्दियों में सैर से बेहतर कुछ नहीं।'

ऋतिक रोशन अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर भी चर्चाओं में हैं। वह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रोड्यूसर के रूप में डेब्यू करने जा रहे हैं। उनका पहला प्रोजेक्ट एक थ्रिलर शो 'स्टॉर्म' है, जो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा और मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित होगा। इस शो के निर्माता और निर्देशक अजीतपाल सिंह हैं, जिन्होंने पहले 'टब्बर' जैसी वेब सीरीज और 'फायर इन द माउंटेंस' जैसी फिल्म बनाई हैं। शो की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है और फैंस को इसके लिए काफी उत्सुकता है।

## उर्वशी रौतेला ग्लोबल सुपरस्टार गॉडेस ने ELLE ब्यूटी अवॉर्ड्स में 52 लाख के DSH आउटफिट में बिखेरा जलवा



उर्वशी रौतेला ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्हें ग्लोबल फैशन आइकन क्यों कहा जाता है। प्रतिष्ठित ELLE ब्यूटी अवॉर्ड्स में उन्होंने DSH द्वारा तैयार किया गया 52 लाख का शानदार कस्टम परिधान पहनकर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। ग्लोबल सुपरस्टार गॉडेस के नाम से मशहूर उर्वशी ने रेड कार्पेट पर ग्लैमर, आत्मविश्वास और हाई-फैशन की ऐसी झलक दिखाई जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह आउटफिट बेहतरीन डिटेलिंग और अंतरराष्ट्रीय कुट्योर की बारीकी के साथ तैयार किया गया था, जिसने उर्वशी की आकर्षक काया को और निखारा और उनकी भव्य शख्सियत को बखूबी पूरा किया। हाथ से की गई एम्बेलिशमेंट से लेकर कुट्योर सिल्हूट तक-पोशाक का हर हिस्सा लक्ज़री, कला और शाही अंदाज़ का प्रतीक था। जैसे ही वह सहज और गरिमामय अंदाज़ में समारोह में पहुँचीं, दर्शकों की नज़रें उन पर थम गईं। इस लुक को खास बनाने वाली सिर्फ इसकी कीमत नहीं थी, बल्कि जिस अंदाज़ में उर्वशी ने इसे कैरी किया-वह था असली आकर्षण। उन्होंने अपनी सिग्नेचर ग्लैम लुक के साथ-मिनिमल लेकिन दमकता मेकअप, स्लीक स्टाइलिंग और गज़ब का आत्मविश्वास-पूरे रेड कार्पेट पर राज किया। DSH की इस लक्ज़री कृति में उर्वशी की मौजूदगी ने न सिर्फ रात के फैशन स्तर को ऊँचा उठाया बल्कि यह भी साबित कर दिया कि वह वैश्विक मंच पर सबसे अधिक सराही जाने वाली स्टाइल आइकन्स में से एक हैं। उनका लुक कुट्योर क्राफ्ट्समैनशिप और सुपरस्टार करिश्मे का एक परफेक्ट संगम था-एक ऐसा पल जिसे कैमरों की फ्लैश बंद होने के बाद भी लंबे समय तक याद रखा जाएगा।



'थामा' में अपने किरदार को लेकर बोलीं रश्मिका मंदाना, कहा

# मेरे लिए वैंपायर बनना बिल्कुल अलग अनुभव

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'थामा' की सफलता का लुत्फ उठा रही है। इस फिल्म में उन्होंने वैंपायर का किरदार निभाया। आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने फिल्म में काम के अनुभव को साझा किया और बताया कि उनके लिए यह किरदार कितना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि 'थामा' का अनुभव उनके लिए रचनात्मक रूप से बहुत रोमांचक था। वैंपायर का किरदार उनके लिए पूरी तरह से नया है, क्योंकि अब तक उन्होंने अपने करियर में ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया था। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए यह अनुभव बिल्कुल नया था। मुझे नहीं पता था कि वैंपायर या बेताल जैसे प्राणी का किरदार कैसे निभाया जाता है। यह भूमिका मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण और जटिल थी।''उन्होंने इस अनुभव को दिलचस्प करार देते हुए कहा, ''इस तरह के किरदारों के साथ काम मेरे लिए हमेशा नई चीजें सीखने जैसा होता है। सामान्य किरदार निभाना भी एक तरह का आनंद देता है, लेकिन जब कोई बिल्कुल अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार मिलता है, तो यह अनुभव एक अलग ही तरह का उत्साह देता है।'' अभिनेत्री ने कहा, ''मुझे इस किरदार में खुद को बदलने की पूरी प्रक्रिया बेहद आकर्षक लगी। जब कोई कलाकार किसी सामान्य किरदार में काम करता है, तो उसका आनंद अलग होता है, लेकिन किसी अलग प्राणी का किरदार निभाना उसे एक नए तरह का उत्साह और खुशी देता है।'' रश्मिका ने अपने प्रोड्यूसर अमर कौशिक और निर्देशक आदित्य सरपोतदार का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, ''इस नए और चुनौतीपूर्ण किरदार को निभाने में उनका मार्गदर्शन और समर्थन बहुत महत्वपूर्ण रहा।''रश्मिका ने खुलासा किया कि उन्होंने इस किरदार को निभाने के लिए बिल्कुल जीरो से शुरुआत की। उनका कहना था कि उन्हें इस तरह के किसी किरदार का कोई अनुभव या उदाहरण नहीं था, इसलिए उन्होंने पूरी तरह से निर्देशक और प्रोड्यूसर के मार्गदर्शन पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि उन्हें बिल्कुल नहीं पता था कि क्या करना है, कैसे करना है और कितनी मेहनत करनी है, लेकिन उनके निर्देशन और सहयोग के कारण यह संभव हो पाया। बता दें कि 'थामा' में रश्मिका मंदाना के साथ आयुष्मान खुराना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी लीड रोल में हैं।

13 साल बाद भारत आए पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस, बोले

# वापसी हमेशा प्राथमिकता थी



फेमस पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 13 साल बाद भारत आए हैं। वह मुंबई में 29 और 30 अक्टूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में कॉन्सर्ट करेंगे। उनके इस टूर को लेकर भारतीय फैंस भी काफी उत्साहित हैं, इससे बहुत से लोगों की यादें ताजा हो गई हैं, जो गायक एनरिक इग्लेसियस के गाने एमपी3 प्लेयर या फिर कैसेट पर सुनते थे। इग्लेसियस पहली बार 2004 में भारत आए थे, और फिर 2012 में उनका टूर था। अब वह फिर से यहां के लोगों के सामने परफॉर्म करने के लिए तैयार हैं। इग्लेसियस ने आईएएनएस को दिए एक खास इंटरव्यू में बताया कि भारत का टूर उनकी प्राथमिकता में था। इग्लेसियस ने आईएएनएस से कहा, कोई ब्रेक नहीं था, बस नए एल्बम और दूसरे देशों के टूर में समय लग जाता है। लेकिन भारत लौटना हमेशा से मेरी पहली पसंद रही है और मैं इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता।

इग्लेसियस को किंग ऑफ लैटिन पॉप भी कहा जाता है। वैश्विक संगीत जगत में भारत की महत्वपूर्ण स्थिति पर बात करते हुए उन्होंने कहा, ऐसा होना ही था और मैं इससे अधिक खुश नहीं हो सकता। भारत में संगीत के अद्भुत प्रशंसक हैं। उनके मन में संगीत के लिए बहुत सम्मान और प्रशंसा है। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि जब भी मैं भारत में परफॉर्म करता हूं तो फैंस की प्रतिक्रिया बहुत ही अनोखी होती है। उनकी ऊर्जा अद्भुत होती है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह कभी भारतीय कलाकारों के साथ सहयोग करने या अपने संगीत में भारतीय आवाज को शामिल करने पर विचार करेंगे, इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मैं हमेशा नए विचारों के लिए खुला रहता हूं और आप कह नहीं सकते कि यह कभी भी उनके साथ हो सकता है।भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोकगीत, इंडी और बॉलीवुड संगीत की एक बहुत बड़ी विरासत है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इसे सुनते हैं या किसी धुन ने उनको प्रभावित किया, तो उन्होंने कहा, हर दिन मैं जो कुछ भी सुनता हूं, उससे कुछ हद तक प्रभावित होता हूं।

## मधुरिमा तुली ने डेनिम-ऑन-डेनिम लुक और बोल्ड रेड हील्स के साथ दी स्टाइल की नई परिभाषा



मधुरिमा तुली ने एक बार फिर अपने बेहतरीन फैशन सेंस के साथ सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। अपने हालिया फ़ोटोशूट में उन्होंने क्लासिक डेनिम-ऑन-डेनिम ट्रेंड को एक मॉडर्न और फ्रेश अंदाज़ में पेश किया। स्क्रीन पर अपनी दमदार मौजूदगी और स्टाइलिश व्यक्तित्व के लिए जानी जाने वाली मधुरिमा ने साबित किया कि सही स्टाइलिंग के साथ डेनिम जैसे सदाबहार फैब्रिक भी एक प्रभावशाली बयान दे सकते हैं। फ़ोटोशूट में मधुरिमा ने हल्के वॉश वाला डेनिम जैकेट और उसी के साथ मैचिंग जींस पहनी है, जिससे एक कोऑर्डिनेटेड लुक बनता है जो एक साथ ही आरामदायक और हाई-फ़ैशन लगता है। अंदर उन्होंने एक साफ़-सुथरा सफ़ेद टॉप पहना है, जो डेनिम के गहरे टोन के साथ सुंदर कंट्रास्ट बनाता है और उनके आउटफ़िट की लेयरिंग को और भी निखारता है। सफ़ेद रंग का यह टच लुक में ताज़गी और संतुलन लाता है। लेकिन इस पूरे लुक की असली शोस्टॉपर हैं उनकी स्ट्राइकिंग रेड हील्स - एक ऐसा बोल्ड ऐक्सेसरी जिसने इस कैज़ुअल डेनिम एन्सेम्बल को तुरंत स्टेटमेंट लुक में बदल दिया। म्यूटेड डेनिम ब्लूज़ के बीच लाल रंग की यह चमकदार झलक एक विज़ुअल बैलेंस बनाती है जो साहसिक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी है। यह इस बात की याद दिलाती है कि एक सही चुना गया ऐक्सेसरी पूरे आउटफ़िट का टोन बदल सकता है।

मधुरिमा ने अपने लुक के बाकी हिस्से को काफ़ी मिनिमल रखा - ताकि उनका आउटफ़िट और उनका आत्मविश्वास खुद बात करें। सॉफ्ट नैचुरल मेकअप और खुले वॉल्यूमस बालों के साथ उन्होंने इस लुक को बेहद सहजता और एलेगेंस के साथ कैरी किया। कम ज्वेलरी पहनकर उन्होंने साबित किया कि ग्लैमर हमेशा ओवरडो नहीं होना चाहिए - सादगी भी प्रभावशाली हो सकती है।

अपने लुक के बारे में बात करते हुए मधुरिमा ने कहा, मुझे ऐसे आउटफ़िट पसंद हैं जो सिंपल हों लेकिन पावरफुल - डेनिम हमेशा से मुझे कॉन्फिडेंस जैसा लगता है। यह बात बिल्कुल दर्शाती है कि उनका फैशन सेंस कितना अंडरस्टेटेड, प्रभावी और पर्सनैलिटी से भरा हुआ है। इस लुक की ख़ासियत यह भी है कि यह उनकी असली स्टाइल पर्सनैलिटी को दर्शाता है - एलीगेंट लेकिन इफ़र्टलेस, फैशनेबल लेकिन ओवरडोन नहीं। चाहे रेड कार्पेट हो, कैज़ुअल आउटिंग या एक क्यूरेटेड शूट, मधुरिमा हर फ्रेम में अपनी पहचान छोड़ती हैं।

डेनिम-ऑन-डेनिम स्टाइल के साथ बोल्ड रेड हील्स और उनकी नैचुरल चार्म ने एक बार फिर साबित किया कि सच में स्टाइल वही है जिसमें हो आत्मविश्वास, आराम और थोड़ा सा बेख़ौफ़ अंदाज़।

# हंस महापुरुष योग से चमकेगी मिथुन और सिंह की किस्मत अन्य राशियों को जमीन-जायदाद से होगा फायदा

आज यानी 29 अक्टूबर 2025, बुधवार को हंस महापुरुष योग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र में इसे बहुत ही शुभ और शक्तिशाली योग माना जाता है। देव गुरु बृहस्पति के अपनी उच्च राशि में संचार करने से इस योग का निर्माण हो रहा है। इस योग से व्यक्ति को अपार धन लाभ और सुख, समृद्धि प्राप्त होती है। इसका प्रभाव ज्यादातर राशियों के लिए शुभ साबित होगा। मेष राशि वालों को प्रॉपर्टी से लाभ मिलेगा, जबकि वृष राशि के जातकों को यात्रा से लाभ होगा। वहीं, मिथुन राशि वालों के रुके हुए काम पूरे होने से धन की प्राप्ति होती दिख रही है। कर्क राशि को मेहनत का फल मिलेगा। सिंह राशि वालों के पुराने कार्य पूरे होंगे। कन्या राशि के जातकों को भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और कोई शुभ समाचार मिल सकता है। तुला और वृश्चिक राशि में खर्चे बढ़ते दिख रहे हैं।

**मेष : अच्छा मुनाफा होने की संभावना**

मेष राशि के जातकों को आज प्रॉपर्टी से जुड़े कार्यों में लाभ मिलता दिख रहा है। जमीन-जायदाद में निवेश पर अच्छा मुनाफा हो सकता है। सामाजिक स्तर पर आपका मान बढ़ेगा। इस दौरान किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग मिल सकता है। शासन या प्रशासन से जुड़े कार्यों में लाभ मिलने की संभावना है। आज के दिन परिवार का आशीर्वाद प्राप्त होगा। हालांकि शाम के समय परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। अगर किसी यात्रा पर जाने का विचार कर रहे हैं तो अभी उसे टालना ही बेहतर रहेगा।

**वृषभ : दांपत्य जीवन मधुर रहेगा**

आज का दिन वृषभ राशि वालों को उत्साह और आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। राशि स्वामी शुक्र शुभ फल दे रहे हैं, जिससे भाग्य का साथ मिलेगा। कामकाज में सफलता प्राप्त होगी। इस दौरान धन लाभ के योग बन रहे हैं। मकर राशि का चंद्रमा आपकी ऊर्जा को बढ़ाएगा, जिससे आप चुनौतियों का सामना आसानी से कर पाएंगे। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंधों में भी विश्वास बढ़ेगा। शाम के बाद किसी महत्वपूर्ण यात्रा का योग बन रहा है जो लाभदायक साबित होगी।

**मिथुन : रुका हुआ धन आज वापस मिलेगा**

आज आपको अपने व्यवहार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी बात को बिना सोचे समझे कहना गलतफहमी पैदा कर सकता है। कार्यस्थल पर संयम और धैर्य बनाए रखें। आर्थिक दृष्टि से दिन अनुकूल रहेगा। रुका हुए धन के आज वापस मिलने की संभावना है। आज के दिन व्यावसायिक निर्णय थोड़ा सोच-समझकर लें। आज बुद्धि और विवेक आपका साथ देंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। शाम के समय से घर में शुभ कार्य या कोई धार्मिक आयोजन हो सकता है। दोस्तों या रिश्तेदारों से मुलाकात हो सकती है।

**कर्क : आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर होगी**

कर्क राशि वालों के लिए दिन थोड़ा परेशान करने वाला है। आज परिवार के छोटे सदस्यों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मेहनत का सीधा लाभ मिलेगा। हालांकि इस दौरान प्रतिस्पर्धा अधिक रहेगी। भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च बढ़ने से आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर हो सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि अनावश्यक खर्च से बचें। इस दौरान आपके शत्रु सक्रिय रहेंगे लेकिन आपका साहस और कौशल उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाने देगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बनी रहेगी और नए संबंध बनने की संभावना है।

**सिंह : धन लाभ के मजबूत योग बन रहे**

आज का दिन परोपकार और धार्मिक कार्यों में बीतेगा। समाज सेवा से जुड़ी गतिविधियों में हिस्सा ले सकते हैं। आपके दयालु और नेतृत्व क्षमता की आज सराहना होगी। लंबे समय से लंबित कार्य आज गति पकड़ेंगे और कुछ योजनाएं लाभ देना शुरू करेंगी। धन लाभ के मजबूत योग बन रहे हैं। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। शिक्षा और प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन



अनुकूल रहेगा। आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच सफलता की कुंजी बनेगी।

**कन्या : धन लाभ के नए अवसर मिलेंगे**

कन्या राशि के जातकों का आज भाग्य पूरा साथ देगा। इस दौरान लंबे समय से चली आ रही परेशानियां भी दूर होंगी। आपके स्वास्थ्य में सुधार होगा और किसी पुरानी बीमारी से छुटकारा मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी सूझबूझ और कार्यकुशलता की प्रशंसा होगी। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलने की संभावना है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। वाणी में संयम रखें क्योंकि जल्दबाजी में दिया गया बयान विवाद पैदा कर सकता है। धन लाभ के नए अवसर मिलेंगे।

**तुला : करियर में परिवर्तन की संभावना**

तुला राशि वालों के लिए आज शिक्षा और ज्ञान में उन्नति का दिन है। नई स्किल सीखने के लिए अच्छा दिन है। करियर में परिवर्तन के अवसर मिलते हुए दिख रहे हैं। ये परिवर्तन आपके भविष्य के लिए लाभदायक सिद्ध होंगे। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। पिता तुल्य व्यक्तियों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शाम के समय यात्रा से जुड़ी सावधानियां बरतें। इस दौरान किसी प्रकार के चोट की आशंका दिख रही है।

**वृश्चिक : संतान की सफलता से मन प्रसन्न रहेगा**

आज आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। वृश्चिक राशि वालों के खर्चे बढ़ने की संभावना है। अधिक जिम्मेदारियों के कारण तनाव महसूस हो सकता है। संतान की सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। इस दौरान आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी रणनीतियां सफल होंगी। शत्रुपक्ष पर आपको विजय मिलेगी। शाम के बाद घर-परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। घूमने-फिरने का योग बन रहा है। प्रेम संबंध मधुर रहेंगे।

**धनु : प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सहयोग मिलेगा**

गुरु की कृपा से धनु राशि के जातकों का भाग्य मजबूत रहेगा। इस दौरान आपके रुके कार्य पूरे होंगे। करियर में महत्वपूर्ण उपलब्धि मिल सकती है। सरकारी कार्यों में सफलता के संकेत भी नजर आ रहे हैं। प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सामंजस्यपूर्ण रहेगा। जीवनसाथी का कदम-कदम पर साथ मिलेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा। परिवार में पूजा-पाठ का आयोजन हो सकता है। आर्थिक रूप से समय आपके लिए अनुकूल रहने वाला है।

**मकर : ज्योतिष की ओर आपका रुझान बढ़ेगा**

मकर राशि के जातकों के लिए आज धन लाभ के शुभ योग बन रहे हैं। पूर्वजों की वित्तीय से लाभ मिलने की संभावना है। किसी पैतृक संपत्ति से जुड़े विवाद का समाधान निकल सकता है। ज्योतिष की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आत्मविश्वास से बचें और अनावश्यक बहस से दूर रहें। दूसरों को बिना मांगे सलाह देना आपके लिए हानिकारक साबित हो सकता है। शाम के बाद मन शांत रहेगा और परिवार के साथ समय बिताने से प्रसन्नता मिलेगी।

**कुंभ : पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिल सकती है**

आज आय में वृद्धि के योग बन रहे हैं। कुंभ राशि के लोगों की योजनाएं आज सफल होंगी और व्यापार में लाभ मिलेगा। नए लोगों से जुड़ाव फायदेमंद साबित होगा। मित्रों और सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा और घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। इस दौरान प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। भाग्य आपके पक्ष में है, इसलिए नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन शुभ रहेगा।

**मीन : दांपत्य जीवन मजबूत होगा**

आज आपकी संपत्ति और धन में वृद्धि के शुभ संकेत नजर आ रहे हैं। मीन राशि वालों को आज ननिहाल पक्ष से सम्मान और सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। जीवनसाथी का साथ और समर्थन मिलेगा, जिससे दांपत्य जीवन मजबूत होगा। नौकरीपेशा लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। इस दौरान ऑफिस में कुछ लोग आपकी प्रगति से ईर्ष्या कर सकते हैं और चुगली कर सकते हैं। ऐसे में संयम बनाए रखें और शांत रहें। धार्मिक

## नवंबर में ग्रहों का दुर्लभ संयोग, एक साथ तीन राजयोग बनाएंगे कर्क, तुला और वृश्चिक समेत अन्य राशियो को मालामाल

नवंबर महीने में ग्रहों का बेहद ही शुभ संयोग बन रहा है। दरअसल नवंबर महीने में एक साथ तीन राजयोग का प्रभाव देखने को मिलेगा। नवंबर महीने की शुरुआत में मालव्य राजयोग, हंस राजयोग और रूचक राजयोग का शुभ संयोग बन रहा है। दरअसल, मंगल के अपनी स्वराशि वृश्चिक में गोचर करने से रूचक राजयोग का निर्माण हुआ है। जबकि गुरु के अपनी उच्च राशि कर्क में गोचर करने से हंस राजयोग का निर्माण हुआ है। इसी के साथ नवंबर महीने की शुरुआत में यानी 2 नवंबर को शुक्र अपनी स्वराशि तुला में गोचर करने से मालव्य राजयोग बनेगा। जबकि महीने के मध्य में शुक्र मंगल की युति से आदित्य मंगल योग बनेगा। जबकि महीने के अंतिम दिनो में बुध और शुक्र की युति तुला राशि में होने से लक्ष्मी नारायण योग का भी शुभ संयोग बनने जा रहा है। ऐसे में नवंबर के महीने में ग्रहों के इस शुभ संयोग से कर्क, वृश्चिक सहित 6 राशियों को लाभ के साथ साथ बड़ी उपलब्धियां भी मिल सकती हैं।

**वृषभ : आय के अलग स्रोत बनेंगे**

आपकी राशि से 7वें भाव में रूचक राजयोग का निर्माण होने जा रहा है। ऐसे में वृषभ राशि के लोगों के अंदर एक अलग ही ऊर्जा देखने को मिलेगी। ऐसे में आपको विभिन्न क्षेत्रों में सफलता मिलने की संभावनाएं हैं। आपका व्यक्तित्व पहले से काफी शक्तिशाली और आप खुद को बहुत ही ऊर्जावान महसूस करेंगे। इस अवधि में आप अपनी ऊर्जा को मेहनत के बल पर आय के अलग स्रोत भी बनाने में कामयाब रहेंगे। साथ ही व्यापारी वर्ग के जातक सामाजिक स्तर पर एक अलग पहचान बनाने में



सफल रहेंगे।

**कर्क : सामाजिक स्तर पर नई पहचान मिलेगी**

कर्क राशि में जातकों को नवंबर के महीने में कोई बड़ी सफलता मिलने की संभावनाएं दिखाई दे रही है। दरअसल, आपकी राशि में गुरु के रहने से हंस राजयोग का निर्माण हुआ है। ऐसे में कर्क राशि के जातकों को लाभ के साथ साथ उन्नति मिलने की भी संभावनाएं हैं। साथ ही हंस राजयोग के प्रभाव से आपको सामाजिक स्तर पर नई पहचान मिल सकती है। साथ ही आपकी धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और आप धर्म कर्म के कार्यों में काफी पैसा खर्च कर सकते हैं जिससे मन को सुकून मिलेगा।

**तुला : परीक्षा प्रतियोगिता में मिलेगी सफलता**

तुला राशि के जातकों को इस महीने लक्ष्मी नारायण राजयोग से ऐसे में तुला राशि के लोगों को नवंबर के इस महीने में आपको पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। साथ ही आप इस महीने वाहन या संपत्ति का सुख हासिल कर सकते हैं। वहीं, इस राशि के जो लोग परीक्षा प्रतियोगिता की तैयारी में जुड़े हैं तो उन्हें कोई सफलता मिल सकती है। बात करें करियर की तो इस महीने आप किसी नए काम की योजना बना सकते हैं। व्यापारी वर्ग के लोगों को कई अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक : जीवन में रहेगी खुशहाली**

वृश्चिक राशि के जातकों को नवंबर के महीने में रूचक राजयोग का विशेष लाभ मिलने वाला है। मंगल के प्रभाव से आपके अंदर एक अलग ही ऊर्जा देखने को मिलेगी। इस महीने मंगल आपको पद, प्रतिष्ठा और मान सम्मान दिलाएंगे। कार्यस्थल पर आप अपनी एक अलग छाप छोड़ने में कामयाब रहेंगे। साथ ही वैवाहिक जीवन में भी खुशहाली बनी रहेगी। इस अवधि में आपको अपनी पुरानी सभी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। आप शारीरिक रूप से खुद को काफी मजबूत महसूस करेंगे।

**मकर :धन और सम्मान मिलेगा**

मकर राशि से सातवें भाव में हंस राजयोग का निर्माण हो रहा है। ऐसे में मकर राशि के लोगों के लिए नवंबर का महीना बहुत ही शुभ साबित होगा। आपको इस महीने करियर में नई उपलब्धियां और नए अवसर मिलने के आसार हैं। लव लाइफ के लिए भी महीने बहुत ही रोमांटिक रहने वाला है। आपको अपने पार्टनर से पूरा साथ मिलेगा। उनका साथ मिलने से आप सभी काम आसानी से पूरे कर लेंगे। आपके धन और सम्मान में वृद्धि होने के योग हैं। सामाजिक स्तर पर आपकी एक अलग ही पहचान बनेगी।

## 5 नवंबर को मनाई जाएगी देव दीपावली

### जानें सही डेट, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि



हिंदू धर्म में दीपावली के साथ-साथ देव दिवाली का भी विशेष महत्व है। इस त्योहार को देवताओं की दीपावली के रूप में मनाया जाता है। दीवाली के ठीक 15 दिन बाद देव दीवाली का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था। इस दिन सभी देवता काशी में उतरते हैं और दीवाली मनाते हैं। कहते हैं कि इस भगवान शिव की पूजा, गंगा में स्नान और दीप दान करने से हर इच्छा पूरी होती है और मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

**देव दीपावली तिथि**

हर साल कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को देव दीपावली मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार, इस साल कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि 4 नवंबर, मंगलवार को रात 10 बजकर 36 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 5 नवंबर, बुधवार को शाम 06 बजकर 48 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में इस साल देव दीपावली का त्योहार 5 नवंबर को मनाया जाएगा।

**देव दीपावली दिपदान का महत्व**

देव दीपावली के दिन दीप दान का विशेष महत्व होता है। इस दिन सबसे पहले घर के मंदिर में दीपक जलाकर भगवान का आशीर्वाद लें। इसके बाद भगवान विष्णु और भगवान शिव के मंदिर में दीप जलाएं। इस दिन पवित्र नदियों के किनारे दीपदान करना अत्यंत पुण्य दायी माना गया है। इसके बाद अपने गुरु या किसी ब्राह्मण के घर दीप जलाने से ज्ञान और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। पूर्णिमा तिथि पर पीपल वृक्ष के नीचे दीपक जलाना भी बहुत शुभ माना जाता है।

**देव दिवाली पूजा विधि**

पूजा करने से पहले गंगा नदी या किसी पवित्र जल में स्नान करें।

स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

इसके बाद पूजा स्थल को अच्छे से साफ कर लें।

घर के मंदिर या आंगन में दीप जलाएं।

भगवान शिव और गंगा माता की पूजा करें।

शिवलिंग पर जल, दूध, और बेल पत्र अर्पित करें।

इसके बाद भगवान शिव की आरती करें।

मां गंगा को दीप अर्पित करें और आरती करें।

भगवान विष्णु को तुलसी के पत्ते अर्पित करें।

भगवान विष्णु की आरती करें और मंत्र का जाप करें।

भगवान शिव, मां गंगा और भगवान विष्णु को भोग अर्पित करें।

## जब ग्रह होते हैं निर्बल तो इस प्रकार देते हैं कष्ट

**सूर्य ग्रह से प्राप्त कष्ट** – सूर्य ग्रह आग का गोला है, अतः प्राणियों के शरीर के तापक्रम अर्थात् जठराग्नि को शीघ्र ही प्रभावित करता है। सूर्य के बलहीन होने पर व्यक्ति मन्दाग्नि, ज्वर, क्षय, अतिसार रोगों से ग्रसित होता है, राजकीय सेवा से युक्त लोगों के साथ विरोध का कारण सिद्ध होता है।

**चन्द्रमा से प्राप्त कष्ट** – चन्द्रमा जलतत्व प्रधान है, जिसके कारण चन्द्रमा के निर्बल होने पर जल से भय रहता है, मानसिक कष्ट प्राप्त करता है, अशांत रहता है, अनिर्णय की स्थिति, मन में स्थिरता का अभाव रहता है।

**मंगल ग्रह से प्राप्त कष्ट** – मंगल ग्रह के अनिष्टकारी होने पर व्यक्ति को आग से खतरा रहता है। चोट- चपेट, दुर्घटनाओं की सम्भावनाऐं बढ़ जाती हैं, उग्र स्वभाव, चिढ़चिढ़ापन और अत्यधिक क्रोध जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण वैवाहिक जीवन में तनाव, रिश्तों में झगड़े और कानूनी मामलों में उलझन की सम्भावनाऐं होती हैं।



**बुध ग्रह से प्राप्त कष्ट** – बुध ग्रह जन्मपत्री में कमजोर होने की स्थिति में व्यक्ति की याद्दाश्त को कमजोर करता है, ऐसे व्यक्ति को चीजें समझने में अधिक समय लगता है तथा निर्णय लेने की शक्ति भी कमजोर होती है।

**गुरु ग्रह से प्राप्त कष्ट** – गुरु ग्रह के अनिष्टकारी स्थिति में होने पर लिवर सम्बन्धित रोग, अपने से बड़े, श्रेष्ठ लोगों द्वारा रुष्ट होने की सम्भावनाएं बनती हैं। विवाह में विलम्ब, सामाजिक सम्मान एवं सौभाग्य में कमी आती है।

**शुक्र ग्रह से प्राप्त कष्ट** – शुक्र ग्रह कमजोर होता है, तो इसके कारण प्रेम संबंधों, वैवाहिक जीवन, शारीरिक सुंदरता और भौतिक सुख-सुविधाओं में कमी जैसी समस्याऐं आ सकती हैं, प्रजनन सम्बन्धित समस्याऐं आ सकती हैं। शुक्र ग्रह के अनिष्टकारी होने पर जीवनसाथी से विरोध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**शनि ग्रह से प्राप्त कष्ट** – शनि ग्रह के अनिष्टकारी स्थिति में होने पर जीवन में संघर्ष और मुश्किलें आती हैं। शनि हड्डियों, नसों, जोड़ों और तंत्रिका तंत्र से जुड़ा है, अतः इनसे संबंधित रोग उभर सकते हैं, सफलता में विलंब, मानसिक दबाव और कर्मफल की कठोर परीक्षा शनिदेव लेते हैं।

**छाया ग्रह राहु से प्राप्त कष्ट** – छाया ग्रह राहु खराब होने पर व्यक्ति को कई तरह की शारीरिक और मानसिक परेशानियां होती हैं, जैसे माइग्रेन, मानसिक तनाव, भ्रम और निर्णय लेने में कठिनाई इत्यादि।

**छाया ग्रह केतु से प्राप्त कष्ट** – छाया ग्रह केतु के खराब होने पर व्यक्ति अकेलापन महसूस करता है, रिश्तों में तनाव, आकस्मिक चोट की सम्भावनाएं, संतान से कष्ट आदि सम्भावित हैं।

## पाप का घड़ा जब भर जाता है तब क्या होता है

प्रत्येक कर्म, चाहे शुभ हो या अशुभ, सूक्ष्म जगत में एक कंपन उत्पन्न करता है। यह कंपन ग्रहों की चाल से जुड़ जाता है और समय के अनुसार फल देता है। जब तक मनुष्य का पाप सीमित होता है, तब तक ग्रह उसकी चेतना को सुधारने के संकेत देते हैं। परंतु जब मनुष्य चेतावनियों को अनसुना कर देता है, तब प्रकृति हस्तक्षेप करती है। यही वह क्षण होता है जिसे कहावत के रूप में कहा जाता है कि, पाप का घड़ा भर गया। कर्म सिद्धांत के अनुसार हर कर्म का फल होता है, चाहे वह शुभ हो या अशुभ। जब व्यक्ति बार-बार गलत कर्म करता है, तो उसकी कर्म ऊर्जा एक घड़े की तरह जमा होती जाती है। जब वह सीमा पार कर जाती है, तो अचानक सब कुछ बिगड़ने लगता है, अपमान, हानि, बीमारी या दुःख के रूप में परिणाम सामने आता है। इसे ही लोग कहते हैं, अब उसके पापों का फल मिल रहा है।

धर्म और पुराणों के अनुसार जब पाप का घड़ा भर जाता है, तब ईश्वर की न्याय व्यवस्था सक्रिय हो जाती है। जैसे रावण, कंस, दुर्योधन, जब उनके अत्याचार सीमा पार कर गए, तो उन्हें अपने कर्मों का परिणाम उसी जीवन में भुगतना पड़ा। ग्रह देते हैं चेतावनी, उपाय बदल देती है जीवन की



दिशा – शनि की साढ़ेसाती, राहु-केतु के गोचर या अशुभ दशाएँ, ये सभी मनुष्य को चेतावनी होती हैं कि अभी समय है, अपने कर्म की दिशा को बदलने की जरूरत है, नेक कर्म को बढ़ाऐं ताकि पुण्य बल से अशुभ की अशुभता को कम किया जा सके। यदि पाप का घड़ा भरने से पहले मनुष्य जाग जाए, तो काल का प्रकोप रुक सकता है। दान, सेवा, प्रायश्चित्त, गुरु-स्मरण और ईश्वर की आराधना, ये वे उपाय हैं जो कर्मों की दिशा बदल देते हैं। ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से ज्योतिषी आने वाले संकटों को जानकर व्यक्ति से शुभ कर्म सम्पादित कराकर शूल की पीड़ा को सुई की पीड़ा में बदलने का कार्य करता है।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे

संपादकीय

## इंदौर में शर्मनाक

देश में स्वच्छता के तमाम मानक सिद्ध करने वाले इंदौर में दो आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों का पीछा किए जाने और छेड़छाड़ की घटना देश को शर्मसार करने वाली है। ऐसे वक्त में जब देश वर्ष 2030 में राष्ट्रमंडल और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने का दावा कर रहा है, इस तरह की घटनाएं भारत की छवि को धूमिल करने वाली हैं। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप में हिस्सा लेने आई ये खिलाड़ी गुरुवार की सुबह अपने होटल से बाहर निकलीं और एक कैफे की ओर जा रही थीं। इस बीच एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने उनका पीछा करना शुरू किया। उसने इन खिलाड़ियों में से एक को गलत तरीके से छुआ और फिर घटनास्थल से भाग खड़ा हुआ। विडंबना देखिए कि पुलिस को अभियुक्त को पकड़ने में डेढ़ दिन का समय लगा। बताया जाता है कि उसका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इस निंदनीय कृत्य पर प्रतिक्रिया देने में समय लगाया। वहीं दूसरी ओर राज्य क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने संकेत दिया कि दोनों खिलाड़ियों ने संभवतः सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। वहीं दूसरी ओर आस्ट्रेलियाई टीम ने सिरे से इसका खंडन किया है। निस्संदेह, यह चूक और ज्यादा गंभीर है क्योंकि इंदौर को मेहमान टीमों के लिये एक सुरक्षित शहर माना जाता है। जाहिर है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं थी। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला मामला देश में अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के आयोजकों के लिये एक चेतावनी जरूर है। यह भारत की छवि के लिये दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि देश में विदेशियों, खासकर पर्यटकों को यौन उत्पीड़न का आसान निशाना माना जाता है। इस साल, राजस्थान में एक फ्रांसीसी पर्यटक के साथ दुराचार हुआ, वहीं दूसरी ओर कर्नाटक में एक इस्राइली पर्यटक का यौन उत्पीड़न किया गया। विदेशी खिलाड़ियों की सीमित आवाजाही से उनके यौन अपराधों का शिकार होने की आशंका कम होनी चाहिए। लेकिन इंदौर की शर्मनाक घटना बताती है कि सुरक्षा में जरा सी चूक का फायदा अपराधी उठा सकते हैं। अगले महीने होने वाली राष्ट्रमंडल खेल महासभा, अहमदाबाद में 2030 के खेलों की मेजबानी के लिये अपनी मुहर लगाने वाली है। इतने बड़े आयोजन का सुरक्षित ढंग से निष्पादित किया जाना, कई चुनौतियों की ओर भी इशारा करता है। ऐसे में दुनिया भर से आने वाली महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निस्संदेह, इंदौर जैसी घटनाओं से भारत की वैश्विक छवि दांव पर लगती है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष सिर्फ नारा नहीं रहना चाहिए। हम सब को मिलकर उसे व्यवहार में लाना चाहिए और इसके मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। समाज विज्ञानियों को इस बात पर मंथन करना चाहिए कि हमारे समाज में यौन अपराधों का ग्राफ इतनी तेजी से क्यों बढ़ रहा है। समाज में नैतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का प्रयास शिक्षा व अन्य माध्यमों से करना चाहिए। फिलहाल जो हालात हैं, वे हमारी वैश्विक छवि को धूमिल ही करते हैं।

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप में हिस्सा लेने आई ये खिलाड़ी गुरुवार की सुबह अपने होटल से बाहर निकलीं और एक कैफे की ओर जा रही थीं। इस बीच एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ने उनका पीछा करना शुरू किया। उसने इन खिलाड़ियों में से एक को गलत तरीके से छुआ और फिर घटनास्थल से भाग खड़ा हुआ। विडंबना देखिए कि पुलिस को अभियुक्त को पकड़ने में डेढ़ दिन का समय लगा। बताया जाता है कि उसका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इस निंदनीय कृत्य पर प्रतिक्रिया देने में समय लगाया। वहीं दूसरी ओर राज्य क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने संकेत दिया कि दोनों खिलाड़ियों ने संभवतः सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। वहीं दूसरी ओर आस्ट्रेलियाई टीम ने सिरे से इसका खंडन किया है। निस्संदेह, यह चूक और ज्यादा गंभीर है क्योंकि इंदौर को मेहमान टीमों के लिये एक सुरक्षित शहर माना जाता है। जाहिर है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं थी। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला मामला देश में अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के आयोजकों के लिये एक चेतावनी जरूर है। यह भारत की छवि के लिये दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि देश में विदेशियों, खासकर पर्यटकों को यौन उत्पीड़न का आसान निशाना माना जाता है। इस साल, राजस्थान में एक फ्रांसीसी पर्यटक के साथ दुराचार हुआ, वहीं दूसरी ओर कर्नाटक में एक इस्राइली पर्यटक का यौन उत्पीड़न किया गया।

### भारत द्वारा अमेरिका को कम हो रहे निर्यात की भरपाई अन्य देशों को निर्यात बढ़ाकर कर ली गई

# भारतीय अर्थव्यवस्था पर ट्रम्प प्रशासन के 50% टैरिफ का कोई असर नहीं

प्रहलाद सबनानी

ट्रम्प ने वैसे तो लगभग सभी देशों से अमेरिका को होने विभिन्न उत्पादों पर अलग अलग दर से टैरिफ लगाया है परंतु भारत द्वारा विशेष रूप से रूस से सस्ते दामों पर कच्चे तेल की खरीद के चलते भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ भी लगाया हुआ है। विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ को लगाए हुए अब कुछ समय व्यतीत हो चुका है एवं अब इसका असर विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। यह हर्ष का विषय है कि 27 अगस्त 2025 से लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगभग नगण्य सा ही रहा है। माह सितम्बर 2025 में भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों का निर्यात लगभग 12 प्रतिशत कम होकर केवल 550 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर नीचे आ गया है।

अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर 50 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाया गया है। ट्रम्प ने वैसे तो लगभग सभी देशों से अमेरिका को होने विभिन्न उत्पादों पर अलग अलग दर से टैरिफ लगाया है परंतु भारत द्वारा विशेष रूप से रूस से सस्ते दामों पर कच्चे तेल की खरीद के चलते भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ भी लगाया हुआ है। विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ को लगाए हुए अब कुछ समय व्यतीत हो चुका है एवं अब इसका असर विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। यह हर्ष का विषय है कि 27 अगस्त 2025 से लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगभग नगण्य सा ही रहा है। माह सितम्बर 2025 में भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों का निर्यात लगभग 12 प्रतिशत कम होकर केवल 550 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर नीचे आ गया है। परंतु, भारत का अन्य देशों को निर्यात लगभग 11 प्रतिशत से बढ़कर 3,638 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में किए गए निर्यात से लगभग 7 प्रतिशत अधिक है। सितम्बर 2025 माह में भारत से 24 देशों को निर्यात की मात्रा बढ़ गई है। इस प्रकार, भारत द्वारा अमेरिका को कम हो रहे निर्यात की भरपाई अन्य देशों को निर्यात बढ़ाकर कर ली गई है। सितम्बर 2025 माह में न केवल निर्यात में पर्याप्त वृद्धि दर्ज की गई है अपितु भारत में अक्टूबर 2025 माह में प्रारम्भ हुए त्यौहारी मौसम, धनतेरस एवं दीपावली उत्सव के पावन पर्व पर, 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं की बिक्री भारत में हुई है, जो अपने आप में एक रिकार्ड है। हर्ष का विषय यह है कि इस कुल बिक्री में 87 प्रतिशत उत्पाद भारत में ही निर्मित उत्पाद रहे हैं। भारत में स्वदेशी उत्पादों की बिक्री का रिकार्ड कायम हुआ है। भारत में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से लगातार प्रयास कर रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी भारतीय नागरिकों का स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का हाल ही में आह्वान किया था। इस आग्रह का अब भारी संख्या में भारतीय नागरिक सकारात्मक उत्तर दे रहे हैं। भारत में लगातार बढ़ रहे उपभोक्ता खर्च के चलते वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में भी लगातार वृद्धि दृष्टिगोचर है, जो अब लगभग 2 लाख करोड़ रुपए प्रति माह के स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय पूंजी बाजार भी सकारात्मक परिणाम देता हुआ दिखाई दे रहा है। सितम्बर 2025 के अंत में सेन्सेक्स 80,267 के स्तर पर था जो 21 अक्टोबर 2025 को बढ़कर 84,426 के स्तर पर पहुंच गया। इसी



प्रकार निफ्टी इंडेक्स भी सितम्बर 2025 के अंत में 24,611 के स्तर से बढ़कर 21 अक्टूबर 2025 को 25,868 के स्तर पर पहुंच गया। दीपावली के पावन पर्व पर रिकार्ड तोड़ व्यापार होने एवं पूंजी बाजार के अपने पिछले 52 सप्ताह के लगभग उच्चतम स्तर पर पहुंचने के पीछे मुख्य रूप से तीन कारक जिम्मेदार माने जा रहे हैं। (1) भारतीय उपभोक्ताओं में भारतीय उत्पादों के प्रति विश्वास निर्मित हुआ है और वे अब भारत में निर्मित उत्पादों को चीन अथवा अन्य विकसित देशों में निर्मित उत्पादों की तुलना में गुणवत्ता के मामले में बेहतर मानने लगे हैं। (2) विभिन्न भारतीय कम्पनियों द्वारा हाल ही में सितम्बर 2025 को समाप्त तिमाही के घोषित परिणाम काफी उत्साहजनक रहे हैं। (3) साथ ही, अक्टूबर 2025 माह में विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में वापिसी हुई है। वर्ष 2025 में सितम्बर 2025 माह तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से लगभग 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि की निकासी की थी, जबकि अक्टूबर 2025 माह में विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा अभी तक लगभग 7,300 करोड़ रुपए का नया निवेश किया गया है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के पश्चात भी भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है जबकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर लगातार संकट के बादल मंडराते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत में मुद्रा स्फीति की दर लगातार नीचे आ रही है एवं यह सितम्बर 2025 माह में 1.54 प्रतिशत तक नीचे आ चुकी है जो पिछले 8 वर्षों के दौरान अपने सबसे निचले स्तर पर है। जबकि ट्रम्प प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लगाए गए टैरिफ के चलते अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर अब बढ़ती हुई दिखाई दे रही है और अगस्त 2025 माह में यह 2.9 प्रतिशत के स्तर पर रही है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा अपने वित्तीय घाटे को नियंत्रण में लाने एवं सरकारी ऋण को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न देशों से अमेरिका को होने निर्यात पर टैरिफ की घोषणा की थी। परंतु, भारी मात्रा में टैरिफ बढ़ाने के बावजूद अमेरिका का वित्तीय घाटा कम होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। आज अमेरिका में वित्तीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया है जबकि भारत में यह प्रतिवर्ष लगातार कम हो रहा है और इसके वित्तीय वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत के स्तर पर नीचे पहुंच जाने की सम्भावना है, यह वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.8 प्रतिशत का रहा था। इसी प्रकार, अमेरिका में सरकारी ऋण 37 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है और यह अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद का 120 प्रतिशत है। अर्थात, अमेरिका में आय की तुलना में अधिक मात्रा में व्यय किए जा रहे हैं। आज अमेरिका में सरकारी ऋण पर ब्याज अदा करने के लिए भी ऋण लिया जा रहा है। दूसरी ओर, भारत में सरकारी ऋण की मात्रा केवल 3.80 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर है और यह भारत के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 80 प्रतिशत है, जो लगातार कम हो रहा है। अमेरिका में सकल बचत की दर 22 प्रतिशत है जबकि भारत में यह 32 प्रतिशत है। भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है जबकि अमेरिका में यह वर्ष 2024 में केवल 2.8 प्रतिशत की रही थी। ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर विश्व बैंक द्वारा अनुमानित है। जबकि अमेरिका द्वारा विभिन्न देशों से अमेरिका को निर्यात पर टैरिफ लगाए जाने के बावजूद अमेरिका में वर्ष 2025 में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के नीचे गिरकर 1.6 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। स्पष्टतः अमेरिका द्वारा टैरिफ लागू करना का भारतीय अर्थव्यवस्था पर तो कोई विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है बल्कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, अमेरिका में बेरोजगारी की दर में भी वृद्धि दृष्टिगोचर है जो अब बढ़कर 4.3 प्रतिशत के स्तर पर आ गई है, जबकि भारत में यह दर गिरकर 5.1 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गई है। अमेरिका में बैंकों ने लिए गए ऋण एवं क्रेडिट कार्ड पर ली गई उधारी की किस्तों के भुगतान में चूक की संख्या में वृद्धि दृष्टिगोचर है। इसके चलते हाल ही 3 वित्तीय संस्थानों को दिवालिया घोषित किया जा चुका है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण की कीमत में अपार वृद्धि (लगभग 4300 अमेरिकी डॉलर प्रति आउन्स के स्तर पर) दर्शाता है कि विभिन्न देशों का अब अमेरिकी डॉलर पर विश्वास कम हो रहा है और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने विदेशी मुद्रा के भंडार में स्वर्ण की मात्रा को लगातार बढ़ा रहे हैं।

देश दुनिया से

## मिले सुर मेरा तुम्हारा... पर क्या सच में मिल रहा

बीते शुक्रवार पीयूष पांडे का निधन हो गया, उसी हफ़्ते जब फ्रांसेस्का ओरसिनी को भारत में प्रवेश से वर्जित कर दिया गया। विज्ञापन जगत के इस गुरु, जिन्होंने 1988 में दूरदर्शन के लिए 5.36 मिनट के 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' गीत के बोल लिखे थे, अगर उन्हें पता चलता कि स्कूल ऑफ़ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज़ की इस प्रसिद्ध हिंदी-उर्दू विदुषी को मार्च माह में वीज़ा शर्तों का उल्लंघन करने की वजह से गत सप्ताह लंदन वापस भेज दिया गया, तो उन्हें दुःख होता। हालांकि यह ठीक है, उस समय ओरसिनी पर्यटक वीज़ा पर थीं, फिर भी शोधकार्य कर रही थीं - स्पष्टतः गृह मंत्रालय ने 40 सालों से भारत में काम कर रही इस प्रसिद्ध बहुभाषी इतिहासकार को स्वीकार नहीं किया। शायद, उनके सुर नहीं मिले। पीयूष पांडे को उनके फेविकोल एड कैंपेन के लिए भी याद किया जाएगा, जिसने विविधतापूर्ण ऐसे राष्ट्र के बारे में एक अहम संदेश दिया, जो कुछ भी हो, अच्छे-बुरे, हर समय में एकजुट रहकर सफलता अर्जित करता है। यहां मुख्य बात है, 'एकजुटता कायम रहना'। भारत 78 साल का हो गया और यह एकजुटता कमोबेश बनी रही - कभी ज़्यादा, कभी कम। आपके वैचारिक रुझान के आधार पर, हम इस पर बहस कर सकते हैं कि चीजें किस हद तक बिखर रही हैं या नहीं। जो इस विचारधारा के हैं कि चीज़ें बिखर नहीं रहीं वे मिसाल देंगे कि पंजाब में कार्यरत करीब 10 लाख बिहारी प्रवासी मज़दूर, जिनको तीन दिवसीय छठ पूजा उत्सव मनाने के लिए घर ले जाने वाली ट्रेनों का आवागमन सुव्यवस्थित करने में भाजपा कृत संकल्प है–एक कहावत प्रयोग करें तो, भाजपा यह सुनिश्चित करने में कसर नहीं छोड़ रही कि यह प्रक्रिया सुचारू रहे। यह एक चतुर चाल है। बेशक, इसका मकसद दोनों राज्यों में भाजपा की राह आसान करना है - बिहार में चुनाव नजदीक हैं, छठ के तुरंत बाद, और पार्टी को आस है कि घर वापसी की सुखद रेल यात्रा बिहारी मजदूरों को तय करने में मदद करेगी कि उन्हें किस तरफ वोट करना है। जिन्हें लगता है कि चीज़ें बिखर रही हैं, वे उदाहरण देंगे भारत से फ्रांसेस्का ओरसिनी के निष्कासन का– पहेली यह कि ऐसा क्यों किया गया, क्योंकि 'वीज़ा शर्त उल्लंघन' के अलावा कोई असल कारण नहीं बताया। पंजाब विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शैली वालिया ने 'द ट्रिब्यून' में पिछले कल अपने लेख में शैक्षणिक स्वतंत्रता कायम रखने की दलील दी है, लेकिन उल्लेखनीय है कि कुछ बुद्धिजीवियों - रामचंद्र गुहा, मुकुल केसवन आदि - के अलावा देश में लेक्चरर्स, शिक्षकों या प्रोफेसरों का कोई समूह भारत से ओरसिनी के निष्कासन का विरोध करने को खड़ा नहीं हुआ। शायद बढ़ती खामोशी ही समस्या की जड़ है। कम लोग ही अपनी बात रख रहे हैं। चूंकि लोकतंत्र मतभेद व असहमतियां जीवित रखने को विपक्षी दलों पर निर्भर रहते हैं—सिवाय इसके कि आजकल विपक्षी दल या तो सिमटे पड़े हैं या फिर अप्रासंगिक हो रहे हैं- बहस करने वाले भारतीय दुर्लभ और पस्त हैं। शायद सबसे बड़ा असर भारत की विदेश नीति और खासकर भारत की अमेरिका को लेकर नीति पर होने वाली बहस पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा के नाम का गलत उच्चारण कर इसे आसान नहीं बनाया। जो व्हाइट हाउस में अपने डेस्क पर बैठ 'हैप्पी दिवाली' का संदेश लिख रहे ट्रंप के दाईं ओर खड़े दिखे। वह संदेश जिसका मंतव्य भारत के लिए बधाई का क्षण होना था – आखिर कितने राष्ट्राध्यक्षों ने आपके त्योहार को अपना मानकर अपनाया है?– पर यह मौका बड़ा हास्यास्पद क्षण बनकर रह गया। तो क्या यह पूछने का सही समय है कि क्या मोदी सरकार की अमेरिका नीति ने भारत को असफल बना दिया? निश्चित रूप से, ट्रंप उन नेताओं में नहीं जिनके साथ दोस्ती आसान हो– वे एक आत्मकेंद्रित और अहंकारी व्यक्ति हैं। लेकिन यह भी असलियत है कि भारत ने इससे कहीं ज़्यादा विकट संकटों का सामना किया और वजूद बनाए रखा। ऐसे दो उदाहरण हैं - पहला, 1998 के परमाणु परीक्षणों उपरांत प्रतिबंध काल, जब बिल क्लिंटन और उनकी सरकार ने पूरी तरह भारत पर दबाव बना रखा था; तथापि, अमेरिका में भारत के तत्कालीन राजदूत नरेश चंद्रा ने धैर्य रखा व झुकने से इनकार कर दिया। दो साल बाद क्लिंटन भारत आए व पांच दिन खुशी-खुशी बिताए। दूसरा उदाहरण है जब जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने भारतीय राजदूत रोनेन सेन की थोड़ी मदद से, अपनी रणनीतिक टीम के प्रभाव से बाहर निकल, भारत के साथ परमाणु समझौता किया था। सेन ने इस काम में खासकर अमेरिकी व्यवसायियों को लगाया था- जिनमें कई भारतीय मूल के थे। तब फिर इस साल की शुरुआत में ट्रंप की व्हाइट हाउस में वापसी होने और टेक्सास के एक स्टेडियम में 'अब की बार... ट्रंप सरकार' के नारे की गूंज के बीच प्रधानमंत्री मोदी के साथ की परिक्रमा की यादें पूरी तरह भुला देने के बाद से हालात क्यों बिगड़ते गए? यह सवाल कई बार पूछा गया- पहले तब जब ज़ंजीरों में जकड़े भारतीयों को, जिनमें अधिकांश पंजाबी मूल के थे, हवाई जहाजों में भरकर भारत वापस भेजा गया- इससे पूर्व ट्रंप सत्ता में आने पर 'बाहरी अवांछित लोगों' को वापस भेजने की हुंकार भर रहे थे और इसका पहला निशाना भारतीयों को बनाया। गत सप्ताह उन्होंने रूस से आयात किए जाने वाले सस्ते तेल की मात्रा कम करने के लिए विवश करके भारत को एक और शर्मिंदगी झेलने को मजबूर किया –यह तेल आपूर्ति शुरू होने के तीन साल बाद, मामले पर काफी पैरवी करने के बाद, आखिरकार मोदी सरकार को झुकना पड़ा। लेकिन बात यहां तक पहुंची क्यों? कैसे विदेश मंत्रालय ने उचित सलाह न देकर प्रधानमंत्री मोदी को निराश किया? अपने सबसे महत्वपूर्ण रिश्ते यानि अमेरिका के साथ संबंध पर, भारत की विदेश नीति इतनी चुक क्यों गई कि अब उसमें पूरी तरह बदलाव की जरूरत है? समस्या रूस से सस्ता तेल ख़रीदना बंद करने की नहीं है - इससे पहले भी, 2012 में, जब अमेरिका ने ईरान से तेल ख़रीद रोकने पर मजबूर किया था, तब भी भारत ने चुप्पी साध ली थी। दिक्कत यह है कि वाशिंगटन डीसी में भारत का कोई बहुत नजदीकी दोस्त नहीं बचा है, जो नुकसान की सूरत बनने पर उसे यह यकीन दिला सके कि इसमें हानि परस्पर है अर्थात दोनों एक ही पाले में हैं। याद कीजिए, जब रूस भारत को एस-400 मिसाइलें बेच रहा था, तब भी भारत ने उस पर लगे प्रतिबंधों में विशेष छूट देने के लिए अमेरिका को मना लिया था? नए भारत की त्रासदी यह है कि अब लोगों के बीच संवाद कम हो रहा है। हम नहीं जानते कि हिंदी-उर्दू की इतिहासकार फ्रांसेस्का ओरसिनी को भारत से क्यों निकाला गया - कोई नहीं बता रहा। हमें नहीं पता कि ट्रम्प अब हमें पसंद क्यों नहीं करते, हालांकि कुछ सबसे होशियार अमेरिकी, भारतीय मूल के हैं। या फिर आधे पड़ोसी मुल्कों - नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश- के साथ हमारी तनातनी क्यों है।

आप का नजरिया

## मेडिकल सीटों से अधिक छात्रों की गुणवत्ता बढ़ाना जरूरी

साल 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को पूरा करने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य का कायापलट बहुत जरूरी है। पिछले सात दशकों में मेडिकल शिक्षा का बहुत विस्तार हुआ है, किंतु अब भी यह न तो देश की आवश्यकताओं के अनुरूप है और न ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों को पूरा करती है। पिछले हफ्ते चिकित्सा संस्थानों में सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के नए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024-25 के लिए 1,37,600 एमबीबीएस सीटें स्वीकृत हो चुकी हैं और कुल मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 816 तक पहुंच गई है। जबकि, पिछले दशक में संख्या इससे बहुत कम थी। जैसे, वर्ष 2013-14 में एमबीबीएस सीटें 51,348 थीं। पोस्ट ग्रेजुएशन, यानी एमडी, एमएस, डिप्लोमा सीटों में भी बढ़ोतरी हुई है। साल 2014 के बाद से यह लगभग 31,000 से बढ़कर 73,157 तक पहुंच चुकी है। डेंटल चिकित्सा के क्षेत्र में भी बीडीएस और एमडीएस की सीटें बढ़ाई गई हैं। यह बढ़ोतरी इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत में हर साल चिकित्सा शिक्षा में दाखिले के लिए लाखों विद्यार्थी नीट परीक्षा में बैठते हैं। हालांकि, सीटें जितनी तेजी से बढ़ाई गई हैं, चुनौतियां भी उसी तरह उभरकर सामने आई हैं। जैसे, दाखिले के लिए जबर्दस्त प्रतिस्पर्द्धा बनी हुई है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि संख्या बढ़ने के बावजूद गुणवत्ता उस कदर नहीं बढ़ सकी है। डेंटल शिक्षा में भी इसी तरह की चुनौतियां हैं। यहां तीन ऐसे क्षेत्रों का जिक्र किया जा सकता है, जहां यदि ठोस रणनीति न बनाई गई, तो आगे चलकर देश के स्वास्थ्य शिक्षण ढांचे की नींव कमजोर पड़ सकती है। मेडिकल कॉलेज और उनकी सीटों में वृद्धि होती जा रही है, लेकिन बुनियादी ढांचा, क्लिनिकल अनुभव और शोध-संस्कृति के स्तर पर संस्थान तैयार नहीं हो सके हैं। कुछ नए कॉलेजों में तो पर्याप्त संख्या में रोगी ही नहीं आते या उनमें विशेषज्ञ विभागों का पूरी तरह से विकास नहीं किया गया है। इसके कारण सीटें बढ़ने के बावजूद चिकित्सा छात्रों के अनुभव नहीं बढ़ रहे। यदि चिकित्सा स्नातक अच्छे अनुभव नहीं हासिल करेंगे, तो फिर वे चिकित्सकीय व्यवहार-क्षेत्र में उतने सक्षम नहीं होंगे, जितना उनको होना चाहिए। एमबीबीएस में दाखिला नीट परीक्षा के स्कोर के आधार पर भारी प्रतिस्पर्द्धा के बाद होता है। मगर उसके बाद पोस्ट ग्रेजुएशन (एमडी/एमएस आदि) के लिए सीटें पर्याप्त नहीं हैं। यहां एक प्रकार की 'बॉटल-नेक' स्थिति देखी जा रही है। इसके कारण, मेडिकल स्नातकों को उनका मनचाहा विशेषज्ञ-पाठ्यक्रम मिलना मुश्किल हो जाता है। सिस्टम पर भी इसका खासा असर पड़ता है। यदि पर्याप्त संख्या में विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होते हैं, तो टर्शियरी (तीसरे स्तर की) देखभाल, शिक्षण अस्पतालों की गुणवत्ता और शोध से जुड़ी गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं। देश के चिकित्सा शिक्षण-संस्थानों में, सीटों के वितरण में और निजी बनाम सार्वजनिक संसाधनों में बहुत विविधता है। कुछ राज्यों में तो मेडिकल कॉलेज- क्लिनिकल लोड बहुत अच्छा है, जबकि कुछ में ऐसा नहीं है। निजी और सरकारी संस्थानों में भी संसाधनों, रोगी-संख्या, शिक्षक-दायित्व आदि में भारी अंतर देखने को मिलता है। यदि छात्रों को पर्याप्त 'वास्तविक रोगी अनुभव', 'विभिन्न रोगों के क्लिनिकल केस', 'समर्थ अस्पतालों' के भीतर व्यावहारिक प्रशिक्षण नहीं मिलता है, तो उनकी तैयारी कमजोर पड़ सकती है। यह जरूरी है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ संसाधन भी बढ़ाए जाएं। उनका संतुलित क्षेत्रवार वितरण तो होना ही चाहिए, साथ ही निजी-सरकारी मॉडल भी तैयार करना चाहिए। भारत में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सीटों का बढ़ना निस्संदेह सराहनीय है, लेकिन जैसा कि अक्सर कहा जाता है, 'बहुत होना' और 'बहुत अच्छा होना' दोनों जरूरी हैं। संख्या बढ़ गई, मगर गुणवत्ता, विशेषज्ञता, क्षेत्रीय संतुलन और क्लिनिकल-प्रशिक्षण की चुनौतियां अभी भी कायम हैं। लिहाजा, हमारे नीति-नियंताओं को यह सोचना ही चाहिए कि कैसे 'अच्छा डॉक्टर तैयार करना' सुनिश्चित किया जाए।

पिछले सात दशकों में मेडिकल शिक्षा का बहुत विस्तार हुआ है, किंतु अब भी यह न तो देश की आवश्यकताओं के अनुरूप है और न ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों को पूरा करती है। पिछले हफ्ते चिकित्सा संस्थानों में सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के नए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024-25 के लिए 1,37,600 एमबीबीएस सीटें स्वीकृत हो चुकी हैं और कुल मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 816 तक पहुंच गई है। जबकि, पिछले दशक में संख्या इससे बहुत कम थी। जैसे, वर्ष 2013-14 में एमबीबीएस सीटें 51,348 थीं। पोस्ट ग्रेजुएशन, यानी एमडी, एमएस, डिप्लोमा सीटों में भी बढ़ोतरी हुई है। साल 2014 के बाद से यह लगभग 31,000 से बढ़कर 73,157 तक पहुंच चुकी है। डेंटल चिकित्सा के क्षेत्र में भी बीडीएस और एमडीएस की सीटें बढ़ाई गई हैं। यह बढ़ोतरी इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत में हर साल चिकित्सा शिक्षा में दाखिले के लिए लाखों विद्यार्थी नीट परीक्षा में बैठते हैं। हालांकि, सीटें जितनी तेजी से बढ़ाई गई हैं, चुनौतियां भी उसी तरह उभरकर सामने आई हैं।

कुछ अलग

## पिछला जन्म

व्यर्थ की धारणा हमें सिखा दी गई है कि तुम्हें दुःखी होना ही पड़ेगा क्योंकि पिछले जन्मों का कर्म तुम्हें भोगना है। यह धारणा अगर मन में बैठ गई कि मैं पिछले जन्मों के कर्मों को भोग रहा हूं तो सुख का उपाय कहां है? इतने–इतने जन्म! कितने–कितने जन्म! चौरासी कोटि योनियां! इनमें कितने पाप किए होंगे थोड़ा हिसाब तो लगाओ! इन सारे पापों का फल भोगना है। सुख हो कैसे सकता है! दुख स्वाभाविक मालूम होने लगेगा। ये आदमी को दुःखी रखने की ईजाद हैं। मैं तुमसे कहता हूं: कोई पाप नहीं किए हैं कोई कर्म का फल नहीं भोगना है। तुम अभी जागे ही नहीं तुम अभी हो ही नहीं पाप क्या खाक करोगे! पाप बुद्ध कर सकते हैं लेकिन बुद्ध पाप करते नहीं। अकबर की सवारी निकलती थी और एक आदमी अपने मकान की मुंडेर पर चढ़ गया और गालियां बकने लगा। सम्राट को गालियां! तत्क्षण पकड़ लिया गया। दूसरे दिन दरबार में मौजूद किया गया। अकबर ने पूछाः तू पागल है! क्या कह रहा था? क्यों कह रहा था? उसने कहा मुझे क्षमा करें मैंने कुछ कहा ही नहीं। मैंने शराब पीली थी। मैं बेहोश था। मैं था ही नहीं! अगर आप मुझे दंड देंगे तो ठीक नहीं होगा अन्याय हो जाएगा। मैं शराब पीए था। अकबर ने सोचा और उसने कहाः यह बात ठीक है; दोष शराब का था दोष तेरा नहीं था। तू जा सकता है। मगर अब शराब मत पीना। शराब पीने का दोष तेरा था। शराब पीने के बाद जो कुछ तेरे मुंह से निकला उसमें तेरा हाथ नहीं यह बात सच है। आज भी अदालत पागल आदमी को छोड़ देती है अगर पागल सिद्ध हो जाए। क्यों? क्योंकि पागल आदमी का क्या दायित्व? किसी पागल ने किसी को गोली मार दी।

दृष्टि कोण

## ट्रंप के अहंकार से विश्वयुद्ध की प्रबल होती संभावनाएं

कठपुतलियों का उपयोग वर्तमान में ट्रंप के द्वारा किया जा रहा है। अनेक मोर्चो पर चारों खाने चित्त होने के बाद भी ट्रंप का विश्व सम्राट बनने का सपना निरंतर शीषरेन्मुखी होकर खतरनाक अहंकार में परिवर्तित हो रहा है यदि समय रहते इसका उपचार नहीं किया गया तो उसे विश्वयुद्ध में परिवर्तित होते देर नहीं लगेगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वर्तमान कार्यकाल समूची दुनिया में आलोचना का केन्द्र बनता जा रहा है। दबाव की नीतियों को अपनाने, अमेरिका को रातों रात सोने की लंका बनाने तथा सबसे शक्तिशाली देश के रूप में स्थापित करके दुनिया पर चौधरीगिरी करने की मृगमारीचिका के पीछे दौड़ना अब उन्हीं के लिए घातक होता जा रहा है। डीप स्टेट, सीआईए तथा विश्वव्यापी मीरजाफरों के गिरोहों की दम पर संसार का सरदार बनने की चाह रखने वाले डोनाल्ड ट्रंप कभी शान्ति का नोबल पुरस्कार के लिए लालायित होते हैं तो कभी पडोसियों को लडाकर युद्ध विराम का श्रेय लेने की एकतरफा कोशिश में जुट जाते हैं। कभी मनगढन्त बातें पैलाकर स्वयं को सबसे परामी दिखाते हैं तो कभी अन्य देशों में अशान्ति पैलाकर तख्तापटल करने का षडयंत्र रचते हैं। वुटिल चालों में स्वयं को माहिर मानने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति कभी पुतिन से मिलकर रूस - यूव्रेन युद्ध विराम की संभावनायें जताते हैं तो कभी हमास के साथ इजरायल के समझौतों की बात पर अपनी पीठ स्वयं थपथपाते नजर आते हैं। भारत, चीन और रूस को अपना सबसे बडा प्रतिद्वन्दी मानकर स्वयं की जीत का डंका बजाने के लिए टैरिफ का सहारा लेकर प्रत्यक्ष में शीत युद्ध छेडने का बाद भी उनके हाथों में ढाक के तीन पात ही आये हैं। आत्मसम्मान, स्वाभिमान और स्वाधीनता के तले कोई भी सबल नेतृत्व वाला देश ट्रंप की चालों में पंसने के लिए तैयार नहीं है। गरीब, कपटी और षडयंत्रकारी देशों पर आसानी से हुवूमत चलाने की स्थिति निर्मित हो जाने से ट्रंप के मंसूबे अब आसमान पर थूकने के बनने लगे हैं। चाटुकारों से घिरे अतिमहात्वाकांक्षी व्यक्ति की परिभाषा पर खरे उतरने के



कारण अमेरिका के राष्ट्रपति अपने देश के लिए स्वयं खाईं खोदने में जुट गये हैं जिसका उनके देश में भी खासा विरोध हो रहा है। विगत 24 सितंबर 2025 को बैरियो, 18 सितंबर 2025 को हरकत अल - नुजाबा, 18 सितंबर 2025 को कताइब सैय्यद अल-शुहादा, 18 सितंबर 2025 को हरकत अंसार अल्लाह अल - औफिया को, 18 सितंबर 2025 को कताइब अल - इमाम अली, 5 सितंबर 2025 को लॉस चोनेरोस, 5 सितंबर 202 को लॉस लोबोस, 12 अगस्त 2025 को बलूचिस्तान लिबरेशन आमा, 5 मईं 2025 को विव अंसनम, 5 मईं 2025 को ग्रैन ग्रिफ़, 5 मार्च 2025 को अंसारल्लाह, 20 फरवरी 2025 को कार्टेल डी सिनालोआ, 20 फरवरी 2025 को कार्टेल डी जलिस्को नुएवा जेनरेशन, 20 फरवरी 2025 को कार्टेल डेल नोरेस्टे, 20 फरवरी 2025 को ला नुएवा फमिलिया मिचोआकाना, 20 फरवरी 2025 को कार्टेल डेल गोल्फो, 20 फरवरी 2025 को कार्टेल्स यूनिडोस, 20 फरवरी 2025 को ट्रेन डे अरागुआ, 20 फरवरी 2025 को मारा साल्वाट्रुचा, 1 दिसंबर 2021 को सेगुंडा मार्क्वेटालिया, 1 दिसंबर 2021 को कोलंबिया की पीपुल्स आमा, 11 मार्च 2021 को आईंएसआईंएस - डीआरसी, 11 मार्च 2021 को आईंएसआईंएस - मोजाम्बिक, 14 जनवरी 2021 को हरकत सवाद मिरत्र, 10 जनवरी 2020 को असैब अहल अल-हक, 2 जुलाईं 2019 को जैश अल-अदल, 15 अप्रैल 2019 को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स, 22 मार्च 2019 को अल-हयात मीडिया सेंटर और अमाक न्यूज एजेंसी, 6 सितंबर 2018 को जमात नुसरत अल-इस्लाम वलमुस्लिमीन, 11 जुलाईं 2018 को अल - अश्तर ब्रिगेड, 23 मईं 2018 को ग्रेटर सहारा में आईंएसआईंएस, 28 फरवरी 2018 को आईंएसआईंएस - पामि अप्रीका, 28 फरवरी 2018 को आईंएसआईंएस - फिलीपींस, 28 फरवरी 2018 को आईंएसआईंएस - बांग्लादेश, 17 अगस्त 2017 को हिज्बुल मुजाहिदीन, 2 नवम्बर 2017 को मारवान हदीद ब्रिगेड्स, 1 जुलाईं 2016 को भारतीय उपमहाद्वीप में अल - कायदा, 20 मईं 2016 को आईंएसआईंएस - लीबिया, 14 जनवरी 2016 को इस्लामिक स्टेट का खुरासान प्रांत, 30 सितंबर 2015 को जैश रिजाल अल-तारिक अलनक्शबंदी, 30 सितम्बर 2015 को आईंएसआईंएल सिनाईं प्रांत, 10 अप्रैल 2014 को आईंएसआईंएस - सिनाईं प्रांत जिसे पूर्व में अंसार बेत अल-मकदीस कहा जाता था।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आप पैसा बना सकते हैं, बशर्ते आप अपनी जमा–पूंजी पारम्परिक तौर पर निवेश करें। आपके आकर्षण और व्यक्तित्व के ज़रिए आपको कुछ नए दोस्त मिलेंगे। मुहब्बत और रोमांस आपको ख़ुशमिज़ाज रखेंगे। लोगों के साथ बात करने में आज आप अपना बहुमूल्य समय बर्बाद कर सकते हैं। आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ सैर–सपाटे का मज़ा ले सकते हैं। साथ में समय गुज़ारने का यह बढ़िया मौक़ा है। आज आप गुस्से में परिवार के किसी सदस्य को भला–बुरा कह सकते हैं।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज आपके भाई–बहन आपसे आर्थिक मदद मांग सकते हैं और उनकी मदद करके आप खुद आर्थिक दबाव में आ सकते हैं। हालांकि स्थिति जल्द ही सुधर जाएगी। आप अपने बच्चों से कुछ सबक़ सीखने वाले हैं। उनकी मासूमियत उनके आस–पास के लोगों में स्नेह व उत्साह के बल पर औरों में बदलाव ला सकती है। पैसा, प्यार, परिवार से दूर होकर आज आप आनंद की तलाश में किसी आध्यात्मिक गुरु से मिलने जा सकते हैं। आज आपके वैवाहिक जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक हो सकता है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

दोस्त आपका परिचय किसी ख़ास इंसान से कराएंगे, जो आपकी सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा। आर्थिक तंगी से बचने के लिए अपने तयशुदा बजट से दूर न जाएँ। पुराने परिचितों से मिलने–जुलने और पुराने रिश्तों को फिर से तरोताज़ा करने के लिए अच्छा दिन है। किसी छोटी–मोटी बात को लेकर भी आपके प्रिय से आपकी नोंक–झोंक हो सकती है। गप्पबाज़ी और अफ़वाहो से दूर रहें। खुशी आपके अंदर ही छुपी है आज बस आपको अपने अंदर झांकने की जरुरत है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आपकी लगन और मेहनत पर लोग ग़ौर करेंगे और आज इसके चलते आपको कुछ वित्तीय लाभ मिल सकता है। आपका मज़ाकिया स्वभाव आपके चारों ओर के वातावरण को ख़ुशनुमा बना देगा। मुहब्बत के मोर्चे पर आज आपकी तूती बोलेगी, क्योंकि आपका महबूब आपकी रसिक कल्पनाओं को अमली जामा पहनाने के लिए तैयार है। शादीशुदा ज़िन्दगी के मोर्चे पर हालात वाक़ई थोड़े मुश्किल रहे हैं, लेकिन अब आप सुधरते हालात महसूस कर सकते हैं। किसी पेड़ मे जल डालना आज आपको सुकून मिलेगा। जीवन को आज आप नजदीक से जान पाएंगे।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आपकी सेहत ठीक रहेगी, लेकिन यात्रा आपके लिए थकाऊ और तनावपूर्ण साबित हो सकती है। जो लोग शादीशुदा हैं उन्हें आज अपने बच्चों की पढ़ाई पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। आज आप जिस सामाजिक कार्यक्रम में जाएंगे, वहाँ आप सबके ध्यान का केन्द्र होंगे। संभव है कि कोई आपसे अपने प्यार का इज़हार करे। समय का सदुपयोग करना सीखें। यदि आपके पास खाली वक़्त है तो कुछ रचनात्मक करने की कोशिश करें। वक़्त को बर्बाद करना अच्छी बात नहीं है। आप अपने जीवन की कुछ यादगार शामों में से एक आज अपने जीवनसाथी के साथ बिता सकते हैं।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

यदि शादीशुदा हैं तो आज अपने बच्चों का विशेष ख्याल रखें क्योंकि यदि आप ऐसा नहीं करते तो उनकी तबीयत बिगड़ सकती है और आपको उनके स्वास्थ्य पर काफी पैसा खर्च करना पड़ सकता है। इस राशि के उम्रदराज जातक आज के दिन अपने पूराने मित्रों से खाली समय में मिलने जा सकते हैं। उतावलापन अच्छा नहीं है, आपको किसी भी काम को करने में उतावलापन नहीं दिखाना चाहिए। इससे काम के खराब होने की संभावना बढ़ जाती है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

अच्छी चीज़ों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग़ खुला रहेगा। अगर आप लम्बे वक़्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा–ख़ासा फ़ायदा हासिल कर सकते हैं। आपका मज़ाकिया स्वभाव सामाजिक मेल–जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इज़ाफ़ा करेगा। शाम के वक़्त आज आप किसी करीबी के घर वक़्त बिताने जा सकते हैं लेकिन इस दौरान आपको उनकी कोई बात बुरी लग सकती है और आप तय समय से पहले वापस लौट सकते हैं। अगर आप अपने मन की सुनें, तो यह दिन ख़रीदारी के लिहाज़ से उम्दा है।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आपके जीवन–साथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन ख़ुशनुमा बना सकता है। आज सिर्फ़ बैठने की बजाय कुछ ऐसा कीजिए जो आपकी कमाई में इज़ाफ़ा कर सके। दोस्त और रिश्तेदार आपकी मदद करेंगे और आप उनके साथ काफ़ी ख़ुशी महसूस करेंगे। आज आप ख़ुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा या सराहा जाएगा। लेकिन आज जब आपके वैवाहिक जीवन से जुड़ी कई प्यारी चीज़ें आपके सामने आएंगी, तो आप भावुक हुए बिना नहीं रह सकेंगे।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आपको लंबे समय से महसूस हो रही थकान और तनाव से आराम मिलेगा। इन परेशानियों से स्थायी निजात पाने के लिए जीवन–शैली में बदलाव लाने का सही समय है। आज आपको अपने उन रिश्तेदारों को पैसा उधार नहीं देना चाहिए जिन्होंने आपका पिछला उधार अब तक वापस नहीं किया है। आपने बीते दिनों कार्य–क्षेत्र में कई काम अधूरे छोड़े हैं जिसका भुगतान आज आपको करना पड़ सकता है। आज आपका खाली वक़्त भी ऑफिस के काम को पूरा करने में ही लगेगा।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आपका स्पष्ट और निडर नज़रिया आपके दोस्त के अहम्को ठेस पहुँचा सकता है। ऐसा लगता है आप जानते हैं कि लोग आपसे क्या चाहते हैं– लेकिन आज अपने ख़र्चों को बहुत ज़्यादा बढ़ाने से बचें। व्यक्तिगत मामलों को सुलझाते समय उदारता दिखाएँ, लेकिन अपनी जुबान पर क़ाबू रखें ताकि उन्हें चोट न पहुँचे जो आपसे प्यार करते हैं और आपकी परवाह करते हैं। जीवनसाथी के साथ वाद–विवाद होने की काफ़ी संभावना है। दोस्त अकेलापन दूर करने के सबसे अच्छे माध्यमों में से एक हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

मुस्कुराएँ, क्योंकि यह सभी समस्याओं का सबसे उम्दा इलाज है। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे। डाक या ई–मेल से आया कोई महत्वपूर्ण संदेश पूरे परिवार के लिए ख़ुशख़बरी लाएगा। दूसरों को यह बताने के लिए ज़्यादा उतावले न हों कि आज आप कैसा महसूस कर रहे हैं। जीवनसाथी के ख़राब व्यवहार का नकारात्मक असर आपके ऊपर पड़ सकता है। आपका संगी आज आपके लिए घर पर कोई सरप्राइज डिश बना सकता है जिससे आपके दिन की थकान मिट जाएगी।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

काम का दबाव और घरेलू मतभेद तनाव की वजह बन सकते हैं। दीर्घावधि निवेश से बचिए और अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ ख़ुशी के पल बिताएँ। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियाँ सभी को ख़ुश रखेंगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफ़े की उम्मीद कर सकता है। हितकारी ग्रह कई ऐसे कारण पैदा करेंगे, जिनकी वजह से आज आप ख़ुशी महसूस करेंगे। जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आपको अपने जीवनसाथी से पूरा सहयोग मिलेगा।

## आज का पंचांग

दिनांक : 29 अक्टूबर 2025 , बुधवार
विक्रम संवत : 2082
मास : कार्तिक , शुक्ल पक्ष
तिथि : सप्तमी प्रातः 09:24 तक
नक्षत्र : उत्तराषाढा सायं 05:30 तक
योग : धृति प्रातः 07:50 तक
करण : वणिज प्रातः 09:24 तक
चन्द्रराशि : मकर
सूर्योदय : 06:13, सूर्यास्त 05:46 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:12 , सूर्यास्त 05:54 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:05 , सूर्यास्त 05:46 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:03, सूर्यास्त 05:38 ( विजयवाडा

**शुभ चौघड़िया**

लाभ : 06:00 से 07:30
अमृत : 07:30 से 09:00
शुभ : 10:30 से 12:00
चल : 03:00 से 04:30
लाभ : 04:30 से 06:00
राहुकाल : दोपहर 12:00 से 01:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : भद्रा प्रातः 09:24 से रात्रि 09:51 तक , सहस्त्रार्जुन जयंती , कार्तिक मासे दीप–दानम् विशेष:

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# हाईटेंशन लाइन से बस टकराई, आग और सिलेंडर ब्लास्ट में तीन की मौत, 10 से ज्यादा घायल

**जयपुर,28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** राजस्थान के जयपुर जिले के मनोहरपुर इलाके में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब मजदूरों से भरी एक बस हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गई। बस में करंट फैलने के साथ ही भीषण आग लग गई और ऊपर रखे गैस सिलेंडरों में धमाका हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 10 से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए। यह हादसा जयपुर शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर मनोहरपुर क्षेत्र में हुआ। बस में सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के रहने वाले मजदूर थे, जो यहां टोडी स्थित ईंट भट्टे पर काम करने आए थे। बस जैसे ही भट्टे से कुछ सौ मीटर पहले पहुंची, अचानक ऊपर की हाईटेंशन लाइन से संपर्क हो गया। कुछ ही सेकंड में करंट ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस के ऊपर 5 से ज्यादा एलपीजी सिलेंडर रखे हुए थे। करंट लगते ही उनमें से एक में तेज धमाके के साथ विस्फोट हुआ और देखते ही देखते आग ने पूरी बस को घेर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि बस में आग लगते ही कई धमाकों की आवाजें आईं। अंदर फंसे लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे। आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन तब तक आग इतनी भयंकर हो चुकी थी कि बस का ढांचा पूरी तरह जल गया। जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी ने बताया कि बस में कुल 65 मजदूर सवार थे। हादसे में तीन की मौत हुई, जिनमें नसीम (50 वर्ष) पुत्र अली हुसैन और सहीनम (20 वर्ष) पुत्री नसीम शामिल हैं। तीसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर रेफर किया गया है, जहां बर्न यूनिट की पूरी टीम अलर्ट मोड पर है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया– जब बस में आग लगी तो कई लोग अंदर फंसे रह गए। कुछ ने खिड़कियां तोड़कर जान बचाई। फायर ब्रिगेड के आने तक हम बाल्टियों और पाइप से आग बुझाने की कोशिश करते रहे। एक ग्रामीण ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा–




हमने कई बार अधिकारियों से इन हाईटेंशन तारों को हटाने की मांग की थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। आज इसकी कीमत तीन लोगों की जान से चुकानी पड़ी।

यह इलाका मजदूरों और ईंट भट्टों से भरा हुआ है, जहां ऊपर से गुजरती हाईटेंशन लाइनें बार–बार खतरा पैदा करती हैं। स्थानीय लोग लंबे समय से शिकायत कर रहे हैं कि ये लाइनें निचले स्तर पर हैं, जिससे हादसे की आशंका हमेशा बनी रहती है।फिर भी प्रशासन और बिजली विभाग ने कोई स्थायी समाधान नहीं किया।लगातार हो रहे हादसे इस ओर इशारा करते हैं कि बसों की तकनीकी जांच, ओवरलोडिंग की रोकथाम, और सुरक्षा मानकों का पालन सिर्फ कागज़ों तक सीमित है।

राजस्थान में हाल ही में जैसलमेर हादसे के बाद ही मुख्यमंत्री ने बस सुरक्षा पर समीक्षा बैठक बुलाई थी, लेकिन कुछ ही दिनों बाद जयपुर में यह नया हादसा बताता है कि जमीनी स्तर पर सुधार नगण्य है।ग्रामीणों के मुताबिक, हाईटेंशन तारों की ऊंचाई नियमानुसार नहीं रखी गई थी। इस पर विद्युत विभाग की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। कई बार चेतावनी देने के बावजूद कार्रवाई न होना प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण है। कलेक्टर ने बताया कि सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। एसएमएस हॉस्पिटल प्रशासन के अनुसार, घायलों का इलाज मुफ्त में किया जा रहा है और बर्न यूनिट में विशेष निगरानी टीम तैनात है।जयपुर का यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि लापरवाही और व्यवस्था की विफलता की कहानी है। जब तक प्रशासनिक एजेंसियां सुरक्षा मानकों को गंभीरता से नहीं लेंगी, तब तक ऐसे हादसे बार–बार देशभर में दो–हराए जाते रहेंगे। तीन मजदूरों की मौत के साथ यह सवाल एक बार फिर गूंज उठा है – आखिर कब तक सड़कें और सिस्टम ऐसे चलते–फिरते मौत के जाल बने रहेंगे?

# सांगानेर की अवैध कॉलोनियों की खाली जमीन को कब्जे में नहीं लेने पर अवमानना नोटिस



**जयपुर,28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** पब्लिक अगेंस्ट करप्शन संस्था के अधिवक्ता पूनम चंद भंडारी, अभिनव भंडारी और डॉ टी एन शर्मा ने सांगानेर की 87 कॉलोनी में खाली पड़े हुए भूखंडों का सरकार द्वारा कब्जा नहीं लेने और प्रभावशाली लोगों के बड़े–बड़े प्लाटों से अतिक्रमण नहीं हटाने के मामले में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांशु पंत, शहरी विकास सचिव देवाशीष पुष्टि, जयपुर विकास प्राधिकरण के सचिव निशांत जैन व आवासन मंडल आयुक्त डॉ रश्मि को विधिक नोटिस भेजा है। इन वकीलों ने मांग की है कि 7 दिन के अंदर अंदर समस्त खाली भूखंडों पर कब्जा करें व भूमाफियाओं के द्वारा किए गए निर्माणों को ध्वस्त करें अन्यथा उनके विरुद्ध राजस्थान उच्च न्यायालय में अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रभावशाली लोगों ने और भूमाफियाओं ने राजस्थान सरकार से मिलीभगत करके अवैध कब्जों को वैद्य घोषित करवाने के लिए 12 मार्च 2025 को एक आदेश जारी करवाया कि सांगानेर की उन सभी कॉलोनियों को नियमित किया जाएगा जिन जमीनों को हाउसिंग बोर्ड ने अवाप्त कर ली थी और उसके बाद अतिक्रमियों ने उन जमीनों पर अवैध कब्जा कर लिया था।

इस आदेश को पब्लिक अगेंस्ट करप्शन संस्था ने राजस्थान उच्च न्यायालय में जनहित याचिका पेश कर निवेदन किया था कि सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं और बड़े अधिकारियों ने मिली भगत करके सोसाइटी से फर्जी पट्टे प्राप्त कर लिए हैं और सरकार से मिलीभगत करके उनको नियमित किया जा रहा है जिस पर राजस्थान उच्च न्यायालय ने सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता को निर्देश दिए थे कि 87 कालोनियां जो बी–2 बाईपास से सांगानेर के अंदर आती है इन सभी जमीनों को हाउसिंग बोर्ड ने काश्तकारो से ख़रीदा था और उसके बाद काश्तकारो को उनका भुगतान भी कर दिया था। मगर अधिकारियों ने भूमाफियाओं के साथ मिलीभगत कर उन सभी जमीनों पर कब्जे करवा दिया और अब मिलीभगत करके ही उनका नियमन करवा रहे है। उन सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जाए और उन जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रकरण को 8 सप्ताह बाद सुनवाई हेतु नियत किया गया था उसके बाद प्रभावशाली लोगों ने और भूमाफियाओं ने सरकार से मिलीभगत करके हाईकोर्ट के 20 अगस्त 2025 के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

# सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानी मीट में रखा राजस्थान के विकास का विजन




**कोलकाता/जयपुर,28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी अपनी मातृभूमि से दूर होने के बावजूद अपनी परंपराओं, रीति–रिवाजों और सांस्कृतिक मूल्यों को कायम रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दुनिया भर में रह रहे राजस्थानियों की कर्मभूमि और जन्मभूमि के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए आगामी 10 दिसंबर को जयपुर में प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन कर रही है। यह दिवस प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धियों का जश्न मनाने और अपनी मातृभूमि के साथ उनके जुड़ाव को गहरा करने के लिए एक समर्पित मंच का काम करेगा। उन्होंने सभी प्रवासी राजस्थानियों को इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आमंत्रण दिया। शर्मा मंगलवार को कोलकाता में प्रवासी राजस्थानी मीट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के आर्थिक विकास में प्रवासी राजस्थानियों का बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री ने पीढ़ी दर पीढ़ी राजस्थान की संस्कृति को संजोए रखने के लिए प्रवासी राजस्थानी समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां राज्य के युवाओं और भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजस्थान फाउंडेशन (आरएफ) के 26 चैप्टर देश के विभिन्न राज्यों और दुनिया के देशों में कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गतिशील, निवेशक–अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है और इससे उद्योग, व्यापार एवं बुनियादी ढाँचे के विकास में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन और अन्य उभरते क्षेत्रों में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे राजस्थान के विकास में भागीदार बन सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान देश के अग्रणी टेक्सटाइल सेंटर के रूप में उभरा है, जहां 1,500 से अधिक फैक्ट्रियां संचालित हैं। राज्य पॉलिएस्टर विस्कोस यार्न, कपास और ऊन का सबसे बड़ा उत्पादक है और कपास उत्पादन में चौथे स्थान पर है। हमारी नई टेक्सटाइल एंड अपेरल पॉलिसी नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में लगभग 85 प्रकार के खनिज पाए जाते हैं और प्रदेश देश में जस्ता, सीसा, चांदी, संगमरमर और बलुआ पत्थर का अग्रणी उत्पादक है। उन्होंने कहा संसद भवन से लेकर राष्ट्रपति भवन तक राजस्थान के पत्थर की विरासत अद्वितीय है।

# भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व जिला कल्याण अधिकारी सहित चार आरोपियों के खिलाफ चालान पेश

**चंडीगढ़,28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अंबाला ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी भूमि आवंटन घोटाले में शामिल चार आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया है। इनमें तत्कालीन जिला कल्याण अधिकारी कैथल सतनाम सिंह (सेवानिवृत्त), अशोक कुमार, कांती देवी और रामानंद (निजी व्यक्ति) निवासी बिरथे–बाहरी, जिला कैथल शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471, 120–बी, 201 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 13(1)(डी) तथा 13(2) के तहत कैथल न्यायालय में चालान दाखिल किया गया है। मामला वर्ष 1961 का है जब हरियाणा सरकार ने गांव बिरथे–बाहरी में पाकिस्तान से आए शरणार्थियों और विमुक्त जाति के लोगों के पुनर्वास के लिए 649 एकड़ 4 कनाल 17 मरले कृषि भूमि आवंटित की थी। इन परिवारों को यह जमीन एक–तिहाई हिस्सेदारी पर खेती के लिए दी गई थी। जब लाभार्थियों ने सरकार को निर्धारित हिस्सा नहीं दिया, तो सरकार ने 3 नवंबर 1987 को पात्र व्यक्तियों और उनके वारिसों को यह भूमि आबंटित करने के आदेश जारी किए। इसके लिए तहसील कार्यालय द्वारा एक कमेटी बनाई गई थी।

# सीआईएसएफ ने भाखड़ा बांध परियोजना की सुरक्षा की आधिकारिक संभाली जिम्मेदारी

**चंडीगढ़,28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** भारत की सबसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक भाखड़ा बांध परियोजना की सुरक्षा की सुरक्षा अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) करेगी। सीआईएसएफ यूनिट बीडीपी नंगल का भाखड़ा बांध परियोजना (बीडीपी), नंगल में एक आधिकारिक अधिष्ठापन समारोह हुआ। इस अवसर पर नवज्योति गोगोई, महानिरीक्षक, सीआईएसएफ (उत्तरी खंड), एम. के. यादव, उप महानिरीक्षक, सीआईएसएफ (उत्तरी क्षेत्र–खख) तथा मनोज त्रिपाठी, अध्यक्ष, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) सहित सीआईएसएफ यूनिट बीडीपी नंगल के कमांडेंट प्रतीक रघुवंशी उपस्थित रहे। यह समारोह बांध की सुरक्षा को राज्य पुलिस से औपचारिक रूप से सीआईएसएफ को हस्तांतरित करने का प्रतीक बना।

# समस्याओं का समाधान करना हमारी सरकार की जिम्मेदारी : सैनी



**कुरुक्षेत्र,28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की हर समस्या का समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है। नागरिकों की समस्या सुनने के लिए मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे 24 घंटे खुले हुए हैं, इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा भी सोमवार और वीरवार को समाधान शिविरों में जनता की समस्याएं सुनीं जा रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को लाडवा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याओं को सुना, इनमें बीपीएल राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बिजली और पुलिस से संबंधित शिकायतें शामिल रही। मुख्यमंत्री ने समस्याएं सुनने के बाद पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस परिसर में पौधारोपण भी किया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान हित वर्तमान सरकार की नीतियों के केंद्र में है। प्रदेश में अब सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं। हाल ही में गन्ने का समर्थन मूल्य 415 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के रूप में लगभग 1,48,000 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश राज के समय से चली आ रही आबियाना प्रणाली को समाप्त कर किसानों को राहत दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभर में हरियाणा में सामाजिक सुरक्षा पेंशन सबसे अधिक दी जा रही है, जिसे हाल ही में 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,200 रुपये मासिक किया गया है। इसके अतिरिक्त, दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की गई है, जिसके तहत गरीब महिलाओं को आगामी 1 नवंबर से 2,100 रुपये मासिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री ने 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' का आह्वान किया है और जीएसटी सुधारों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। उन्होंने वर्तमान सरकार के विकास और कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख भी किया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मेयर राजीव जैन की माता के निधन पर व्यक्त किया शोक



**चंडीगढ़,28 अक्टूबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को सोनीपत पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम सोनीपत के मेयर राजीव जैन के निवास स्थान पर जाकर उनकी माता जी के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली और मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मेयर राजीव जैन की माता शकुंतला देवी धर्मपत्नी स्व. सत्यपाल जैन का 16 अक्टूबर को स्वर्गवास हो गया था।

### गुरु तेग बहादुर जी के 350वां शहीदी पर्व पर बोले सीएम योगी

# सनातन परंपरा में सिख गुरुओं का योगदान अविस्मरणीय










**लखनऊ, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह स्थान राम राज्य के समान पवित्र हो जाता है। योगी ने कहा, भारत की सनातन परंपरा में सिख गुरुओं का योगदान अविस्मरणीय एवं उत्कृष्ट है।

मुख्यमंत्री ने कहा, गुरबाणी में लिखा है कि जहां भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह स्थान राम राज्य के समान पवित्र हो जाता है। यह हमारा सौभाग्य है कि गुरु चरण यात्रा के दौरान हमें गुरु महाराज और गुरु साहिबान के पावन चरणों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर मैं केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने हमें गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया। गुरु चरण यात्रा के माध्यम से इस पावन अवसर से जुड़ने का सौभाग्य भी हमें प्राप्त हुआ है। भारत की सनातन परंपरा में सिख गुरुओं का योगदान अविस्मरणीय एवं सराहनीय है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग ढाई सौ वर्षों से गुरु महाराज के पावन चरण पादुकाएं, जो पहले अखंड भारत के हिस्से पाकिस्तान में थीं, अब पटना साहिब में स्थापित की जा रही हैं। दिल्ली से शुरू हुई यह यात्रा पूरे देश में गुरु परंपरा के प्रति सम्मान और गौरव का भाव जगाती जा रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ का यहियागंज गुरुद्वारा इसलिए भी विशेष है क्योंकि गुरु तेग बहादुर जी और गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की स्मृतियां इस स्थान से जुड़ी हैं। यह गुरुद्वारा हमारी साझा आस्था और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री योगी ने सिख समुदाय के प्रति आदर व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख समाज की यह यात्रा केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शन है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस गुरु चरण यात्रा को राष्ट्रीय एकता और आध्यात्मिक जागरण के संदेश के रूप में आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, यूपी कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परबिंदर सिंह के अलावा गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी व कई जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# काशी के घाट पर संगीत, नृत्य और लोक कलाओं का सजेगा मंच

### एक से चार नवंबर तक होगा काशी गंगा महोत्सव





**वाराणसी, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
देव दीपावली से पहले काशी के घाटों पर संगीत, नृत्य व लोक कलाओं की संगीतमय सरिता बहेगी। मां जान्हवी के पावन तट पर इस वर्ष गंगा महोत्सव का आयोजन 1 से 4 नवम्बर तक किया जाएगा। योगी सरकार के प्रयास से राजघाट पर देशभर के नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुति देकर काशी की इस सांस्कृतिक परंपरा को और भव्य बनाएंगे जिनमें शास्त्रीय, भक्ति तथा लोक संगीत का अद्भुत संगम दिखाई देगा। इस महोत्सव में गायक हंसराज रघुवंशी अपने भजनों से श्रोताओं को भक्ति रस से ओत-प्रोत करेंगे। वहीं, पद्मश्री मालिनी अवस्थी अपने लोक गायन से उत्तर भारत की लोक परंपराओं को जीवंत करेंगी। पद्मश्री गीता चन्द्रन का भरतनाट्यम नृत्य भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहेगा। वहीं, नमो घाट पर काशी सांसद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता के प्रमुख कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

संयुक्त निदेशक पर्यटन दिनेश कुमार ने बताया कि चार दिवसीय इस उत्सव में गीत, संगीत, नृत्य और वादन की गंगा बहेगी। गंगा महोत्सव के मंच पर लोक और शास्त्रीय संगीत की स्वर लहरियां गूंजेंगी तो साथ ही पारंपरिक नृत्य शैलियों की झलक भी देखने को मिलेगी। महोत्सव में विशेष रूप से गायक हंसराज रघुवंशी आयोजन के अंतिम दिन अपने भजनों से श्रद्धा और भक्ति का भाव जगाएंगे। वहीं, पद्मश्री मालिनी अवस्थी 3 नवंबर को लोक गायन से काशी की धरती पर उत्तर भारत की लोक परंपराओं को सजीव करेंगी। इसके अतिरिक्त, 2 नवंबर को पद्मश्री गीता चंद्रन भरतनाट्यम की प्रस्तुति देंगी। गंगा महोत्सव के अंतर्गत होने वाली प्रस्तुतियां शाम 4 बजे से शुरू होंगी।

एक नवंबर को पं. माता प्रसाद मिश्र एवं पं. रविशंकर मिश्र कथक युगल नृत्य, कविता मोहंती ओडिसी नृत्य, विदुषी श्वेता दुबे गायन, विदुषी कमला शंकर स्लाइड गिटार, डॉ. रिपि मिश्र शास्त्रीय गायन, डॉ. दिवाकर कश्यप एवं डॉ. प्रभाकर कश्यप उपशास्त्रीय गायन, रवि शर्मा एवं समूह ब्रज लोक नृत्य एवं संगीत और पं नवल किशोर मल्लिक शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगे। दो नवंबर को शिवानी शुक्ला गायन, प्रवीण उद्धव तालयात्रा, राजकुमार तिवारी उर्फ राजन तिवारी गायन, डॉ. अर्चना आदित्य महास्कर गायन, सवीर, साकार कलाकृति पारम्परिक लोक नृत्य, वंदना मिश्रा गायन, पं. साहित्य नाहर एवं पं. संतोष नाहर सितार एवं वायलिन जुगलबंदी, ओम प्रकाश भजन गायन और पद्मश्री गीता चन्द्रन भरतनाट्यम प्रस्तुत करेंगी। तीन नवंबर को मीना मिश्रा गायन, विशाल कृष्ण कथक नृत्य, दिव्या शर्मा हिंदुस्तानी खयाल गायकी, राकेश कुमार जनजातीय लोक नृत्य, इंदु गुप्ता लोक गायन, चेतन जोशी बांसुरी वादन, विदुषी कविता द्विवेदी ओडिसी नृत्य और पद्मश्री मालिनी अवस्थी लोक गायन प्रस्तुत करेंगी। चार नवंबर को डॉ. शुभांकर डे गायन, डॉ. प्रेम किशोर मिश्र एवं साथी-सितार, सरोद जुगलबंदी एवं गायन, राहुल रोहित मिश्र शास्त्रीय गायन, रूपन सरकार सामंत शास्त्रीय गायन, वासुमती बद्रीनाथन शास्त्रीय गायन, शिवानी मिश्रा कथक समूह नृत्य, मानसी रघुवंशी गायन और हंसराज रघुवंशी भजन गायन प्रस्तुत करेंगे।

# यूपी के पंचायत चुनावों में एसआईआर का पड़ेगा असर

**लखनऊ, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
यूपी में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो रही है। एसआईआर होने का असर प्रदेश के पंचायत चुनावों पर भी पड़ेगा। अभी तक अप्रैल-मई 2026 में चुनाव प्रस्तावित हैं। लोकसभा-विधानसभा और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूचियां अलग-अलग हैं। जबकि, इन सूचियों को अपडेट करने की जिम्मेदारी उठाने वाले निचले स्तर के कर्मचारी कॉमन हैं। इसलिए दिक्कतें आना तय माना जा रहा है।

यूपी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अगले साल अप्रैल-मई में होने हैं। इन दिनों पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूचियों को अपडेट करने का काम चल रहा है। एक जनवरी 2025 के आधार पर मतदाता सूची दुरुस्त करने के लिए सर्वे का काम पूरा हो चुका है। अब सभी एसडीएम डाटा चेकिंग के बाद इसे ऑनलाइन फीड करवाने का काम करेंगे। मतदाता सूची का मसौदा (अनंतिम सूची) 5 दिसंबर को प्रकाशित होगा। जबकि, फाइनल सूची 15 जनवरी 2026 को प्रकाशित करने की घोषणा की गई है।

इसके बाद पंचायत चुनाव की मतदाता सूचियों में उन युवा मतदाताओं को शामिल करने का अभियान भी चलेगा, जो एक जनवरी 2026 को 18 साल के हो जाएंगे। इसी बीच 28 अक्टूबर से 7 फरवरी के बीच एसआईआर का काम पूरा करना होगा। जानकारों का कहना है कि दोनों ही तरह की मतदाता सूचियों के लिए बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) कॉमन हैं, इसलिए काम का भार कम करने के तरीके भी निकालने होंगे। इसके लिए यह भी हो सकता है कि स्थानीय प्रशासन कुछ और बीएलओ देकर जिम्मेदारियों को बांट दें।

पंचायतीराज विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पंचायतीराज अधिनियम के अनुसार, ये चुनाव पंचायतों का कार्यकाल खत्म होने के छह माह पहले या बाद तक कराए जा सकते हैं। इसलिए छह माह से ज्यादा चुनाव टालने पर केंद्र सरकार से मिलने वाली सहायता रुक जाएगी। फिर यूपी में वर्ष 2027 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव को देखते हुए भी पंचायत चुनावों को टालना मुमकिन नहीं होगा। इसलिए इन सब स्थितियों के बीच ही समाधान ढूंढ़ने होंगे।

## कन्नौज में एनकाउंटर के बाद लव जेहादी गिरफ्तार

### हिंदू युवती को भगा ले गया था इमरान

**कन्नौज, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
कन्नौज में मंगलवार 28 अक्टूबर को तड़के हिंदू किशोरी को भगाने के आरोपी इमरान की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली उसके पैर में लगी। जख्मी हालत में उसे गिरफ्तार किया गया। फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि इमरान न सिर्फ एक हिंदू युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था, बल्कि एक मुस्लिम युवती की मदद से अन्य हिंदू लड़कियों को भी फंसाता था। बताया जा रहा है कि मुस्लिम युवती ही हिंदू युवतियों का संपर्क इमरान से कराती थी। घटना का खुलासा तब हुआ जब पुलिस ने बीते 4 अक्टूबर को लापता हुई छात्रा को बरामद किया और इमरान द्वारा उसके हिजाब पहने फोटो को इंस्टाग्राम पर हैप्पी एनिवर्सरी कैप्शन के साथ पोस्ट करने की जानकारी मिली।

### 25 नवंबर को राम मंदिर में होगा भव्य ध्वजारोहण समारोह

# प्रधानमंत्री मोदी करेंगे ध्वजारोहण

### सुरक्षा को लेकर अयोध्या में रहेंगी कई पाबंदियां




**अयोध्या, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
रामनगरी अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में 25 नवंबर को भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ध्वजारोहण करने वाले हैं। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने मंगलवार को बैठक से पहले तैयारियों की विस्तृत जानकारी साझा की।

उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को आम श्रद्धालु रामलला के दर्शन नहीं कर सकेंगे। मंदिर के शिखर पर फहराया जाने वाला ध्वज न केवल आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि श्रीराम जन्मभूमि निर्माण की पूर्णता का संदेश भी देगा। ट्रस्ट के लिए यह आयोजन तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है। इसलिए सेना के सहयोग से इसकी तैयारियां की जा रही हैं। करीब 11 किलो वजनी ध्वज को शिखर पर फहराने का ट्रायल सेना ने शुरू कर दिया है। ध्वज की लंबाई 22 फीट और चौड़ाई 11 फीट होगी। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंदिर परिसर में ध्वजारोहण का रिहर्सल पूरा करके रिपोर्ट ट्रस्ट को सौंप दी है। इसे बिना किसी परिवर्तन के लागू किया जाएगा। क्योंकि, इस ऐतिहासिक क्षण पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी होंगी।

नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि ध्वज के कपड़े को लेकर भी विशेष ध्यान दिया गया है। संभावना है कि इसे पैराशूट फैब्रिक से तैयार किया जाएगा। ताकि, ऊंचाई पर भी यह मजबूती से लहराता रहे। इस पर कोबेदार वृक्ष और भगवान सूर्य का प्रतीक अंकित होगा, जो दिव्यता और ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता यही है कि श्रद्धालु मंदिर निर्माण कार्य को देख सकें। दर्शन व्यवस्था सुचारू रहे। ध्वजारोहण के दिन करीब आठ हजार श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। इस दिन परकोटा और सप्त मंदिरों में दर्शन नहीं होंगे, लेकिन अगले दिन से आम श्रद्धालुओं के लिए श्रीराम जन्मभूमि के सभी मंदिर दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे। मंदिर परिसर में रेलिंग और म्यूरल लगाने का काम अंतिम चरण में है। ट्रस्ट ने स्पष्ट किया है कि अब कोई नया निर्माण कार्य नहीं होगा। केवल, अंतिम रूप देने और सुंदरीकरण की प्रक्रिया जारी है।

# आसमान में नई ऊंचाइयां छू रहा उत्तर प्रदेश

## हवाई यात्रा और कार्गो ट्रैफिक में रिकॉर्ड वृद्धि

**लखनऊ, 28 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब न केवल सड़क पर, बल्कि आसमान में भी विकास की उड़ान भर रहा है। राज्य की हवाई कनेक्टिविटी और यात्री संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिससे प्रदेश अब भारत की हवाई ग्रोथ स्टोरी में एक अहम किरदार बन गया है। अप्रैल से अगस्त 2025 की अवधि में उत्तर प्रदेश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 14.6 प्रतिशत बढ़कर 60.02 लाख हो गई है।

वहीं इस अवधि में भारत के कुल हवाई यातायात में राज्य की हिस्सेदारी 3.52 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 2024 की तुलना में 34 बेसिस पॉइंट्स अधिक है। इससे साफ है कि अब देश के हर 30 में से एक हवाई यात्री उत्तर प्रदेश से यात्रा कर रहा है। राज्य में हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि उस दूरदर्शी सोच का परिणाम है जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कनेक्टेड यूपी, समृद्ध यूपी विजन के तहत पेश की थी। उनका लक्ष्य रहा है कि हर क्षेत्र, हर जिला आधुनिक परिवहन से जुड़े ताकि पर्यटन, व्यापार और रोजगार में नई गति आए। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुभारंभ के साथ इस रफ्तार में और भी वृद्धि होगी और सिर्फ यूपी ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों को भी कनेक्टिविटी के नए अवसर प्राप्त होंगे।

साल 2016-17 में जहां उत्तर प्रदेश के हवाई अड्डों से 59.97 लाख यात्री यात्रा करते थे, वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 142.28 लाख तक पहुंच गई। इनमें 129.29 लाख घरेलू और 12.99 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री शामिल रहे। इस दौरान राज्य का कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट 10.1 प्रतिशत रहा, जो एविएशन सेक्टर में तेजी से बढ़ती मांग को दर्शाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान वित्त वर्ष 2020-21 में यात्री संख्या 48.35 लाख तक गिर गई थी, लेकिन यूपी ने सबसे तेज रिकवरी



दिखाई। महज दो वर्षों में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो गई, जो राज्य की मजबूत हवाई नीति और बेहतर प्रबंधन का प्रमाण है। 2023-24 की तुलना में 2024-25 में हवाई यात्रियों की संख्या में 25.9 प्रतिशत का ग्रोथ दर्ज किया गया है, जबकि 2023-24 और 2024-25 में अप्रैल-अगस्त माह के बीच कंपैरिजन करें तो यह ग्रोथ 14.6 प्रतिशत रही। इस दौरान डॉमेस्टिक एयर पैसेंजर्स में 15.7 प्रतिशत और इंटरनेशनल पैसेंजर्स की संख्या में 4.3 प्रतिशत ग्रोथ दर्ज की गई। राज्य के कई शहरों ने इस ग्रोथ में अहम योगदान दिया है। 2023-24 से 2024-25 के बीच वाराणसी में 34.4 प्रतिशत, प्रयागराज में 76.4 प्रतिशत, गोरखपुर में 27.6 प्रतिशत और कानपुर में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह दर्शाता है कि धार्मिक पर्यटन और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी ने यात्री संख्या को तेजी से बढ़ाया है। खासतौर पर अयोध्या एयरपोर्ट, जिसे मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि के नाम पर समर्पित किया था, अब उत्तर भारत के सबसे तेजी से बढ़ते टर्मिनल्स में शामिल है। 2023-24 में जहां 2 लाख से ज्यादा यात्रियों ने यहां से हवाई उड़ान भरी थी तो वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 11 लाख से अधिक पहुंच गया। वहीं प्रयागराज और वाराणसी से भी धार्मिक और व्यावसायिक उड़ानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रयागराज में 2023-24 में 6 लाख से अधिक एयर पैसेंजर्स ने यात्रा की तो वहीं 2024-25 में यह संख्या 10.77 लाख से अधिक पहुंच गई। इसी तरह वाराणसी में 2023-24 में करीब 30 लाख एयर पैसेंजर्स यात्रा कर रहे थे तो वहीं 2024-25 यह संख्या 40 लाख का आंकड़ा पार कर गई। गोरखपुर में 2023-24 में 6.8 लाख की तुलना में 2024-25 में 8.67 लाख से अधिक हवाई यात्रियों ने सफर किया। लखनऊ ने भी अपनी रफ्तार में इजाफा किया है, जहां 2023-24 की तुलना में 2024-25 में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

उत्तर प्रदेश अब व्यापार और निर्यात के लिए भी एयर कनेक्टिविटी का बड़ा केंद्र बन रहा है। 2016-17 से 2024-25 तक राज्य के एयर कार्गो में 19.1 प्रतिशत का विकास दर्ज किया गया है। यह 5.89 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 28.36 हजार मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जो कि अब तक का सर्वाधिक है। ऋ्र2024-25 में लखनऊ एयरपोर्ट ने 22,099 मीट्रिक टन कार्गो हैंडल किया, जबकि वाराणसी में 27.7 प्रतिशत और प्रयागराज में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। 2023-24 से 2024-25 के बीच टोटल ग्रोथ 9.4 प्रतिशत रही और इस दौरान एयर कॉर्गो 25,915 मीट्रिक टन से 28,356 मीट्रिक टन पहुंच गया। अप्रैल-अगस्त 2025 में कानपुर (165 प्रतिशत) और आगरा (247 प्रतिशत) में रिकॉर्ड ग्रोथ दर्ज हुई जो बताता है कि राज्य के इंडस्ट्रियल क्लस्टर अब अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन से जुड़ रहे हैं। अप्रैल-अगस्त 2025 में राज्य का भारत के कुल एयर कार्गो में हिस्सा 0.79 प्रतिशत हो गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1 बेसिस पॉइंट अधिक है।

उत्तर प्रदेश सिविल एविएशन के डायरेक्टर ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि हवाई कनेक्टिविटी सिर्फ परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार, पर्यटन और निवेश की नई शक्ति है। जब हर जिले से उड़ान संभव होगी, तो हर नागरिक का जीवन स्तर ऊंचा होगा। इसी सोच के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में अयोध्या, कुशीनगर और जेवर (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) जैसे नए हवाई अड्डों का तेजी से विकास किया गया है। जेवर एयरपोर्ट के शुरू होते ही उत्तर प्रदेश उत्तरी भारत का सबसे बड़ा एविएशन हब बनने की ओर अग्रसर होगा। इसी क्रम में प्रदेश सरकार कई नए एयर कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रही है।



# आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में मंधाना शीर्ष पर बरकरार, हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग

**नई दिल्ली,28 अक्टूबर (एजेंसियां) ।** भारत की उपकप्तान और सलामी बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना ने एक बार फिर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाज़ रैंकिंग में अपना दबदबा कायम रखा है। न्यूज़ीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर मंधाना ने 828 अंकों के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हासिल किये। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ 109 रन की शानदार पारी और बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 34 रन की बदौलत मंधाना ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी, ऑस्ट्रेलिया की एश गार्डनर (731 अंक) पर लगभग 100 अंकों की बढ़त बना ली है। गार्डनर ने इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाकर छह स्थान की छलांग लगाई और दूसरे स्थान पर पहुंची हैं। स्मृति मंधाना हाल के महीनों में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने सितंबर, 2025 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज़ में उम्दा प्रदर्शन करते हुए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब भी जीता था। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने 90 और 31 रन की पारियों की बदौलत दो स्थान की छलांग लगाकर शीर्ष तीन में जगह बना ली है। वहीं, इंग्लैंड की एमी जोन्स चार स्थान ऊपर उठकर नौवें स्थान (656 अंक) पर पहुंची हैं। ऑस्ट्रेलिया की एनेबल सदरलैंड ने सबसे बड़ी छलांग लगाई, वह 16 स्थान ऊपर उठकर 16वें स्थान (613 अंक) पर पहुंच गई हैं। भारत की युवा खिलाड़ी प्रतिका रावल भी शानदार प्रदर्शन के दम पर पहली बार शीर्ष 30 में पहुंची हैं। चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर होने के बावजूद उन्होंने 27वां स्थान (564 अंक) हासिल किया, जो उनके निरंतर प्रदर्शन को दर्शाता है।

**गेंदबाज़ी रैंकिंग में भी हुआ बड़ा बदलाव** – टूर्नामेंट में स्पिन गेंदबाज़ों का बोलबाला रहा। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 747 अंकों के साथ अब भी नंबर 1 गेंदबाज़ बनी हुई हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट लेकर पांच स्थान की छलांग लगाई और दूसरे स्थान (698 अंक) पर पहुंचीं। उनकी साथी खिलाड़ी एश गार्डनर एक स्थान नीचे खिसककर तीसरे स्थान (689 अंक) पर आ गई हैं। पाकिस्तान की नाशरा संधू और दक्षिण अफ्रीका की नोनकुलुलेको म्लाबा संयुक्त रूप से 10वें स्थान (610 अंक) पर हैं। तेज़ गेंदबाज़ों में मरिज़ाने कैप और एनेबल सदरलैंड ने भी एक-एक स्थान की बढ़त हासिल कर क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर जगह बनाई। इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी स्मिथ इस हफ्ते की सबसे बड़ी मूवर रहीं, जिन्होंने 24 स्थान की छलांग लगाकर 36वें स्थान (444 अंक) पर पहुंचीं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### घुटने की चोट के कारण दो महीने मैदान से दूर रहेंगे रियल मैड्रिड के डिफेंडर कार्वाहल

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड की एफसी बार्सिलोना पर 2–1 की जीत टीम के लिए महंगी साबित हुई है। क्लब ने सोमवार को जानकारी दी कि टीम के कप्तान और डिफेंडर डैनी कार्वाहल को घुटने में गंभीर चोट लगी है। रियल मैड्रिड की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, हमारे कप्तान डैनी कार्वाहल पर किए गए चिकित्सीय परीक्षणों में उनके दाहिने घुटने के जोड़ में एक ढीला टुकड़ा पाया गया है। क्लब ने आगे बताया कि अब कार्वाहल की आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी की जाएगी। यह चोट उन्हें लगभग दो महीने तक मैदान से दूर रखेगी, यानी वे 2026 की शुरुआत तक टीम से बाहर रह सकते हैं। स्पेनिश अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कार्वाहल हाल ही में एक महीने की मांसपेशीय चोट से उबरकर एल क्लासिको मुकाबले में दूसरे हाफ में बतौर सब्स्टीट्यूट लौटे थे। 33 वर्षीय कार्वाहल ने 2024–25 सीज़न का अधिकांश हिस्सा घुटने के लिगामेंट फटने की वजह से गंवाया था और मौजूदा सीज़न की शुरुआत में ही मैदान पर वापसी की थी, जहाँ वे नए खिलाड़ी ट्रेंट एलेक्ज़ेंडर–अर्नोल्ड के साथ राइट बैक पोजीशन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि एलेक्ज़ेंडर–अर्नोल्ड भी हाल ही में मांसपेशीय चोट से लौटे हैं, जिसके चलते कोच जाबी अलोंसो ने कुछ मैचों में उरुग्वे के मिडफील्डर फेडे वाल्वेर्डे को डिफेंस के दाहिने हिस्से में उतारा था।



### अबू धाबी टी10 लीग की शुरुआत 18 नवंबर से, पहला मैच क्वेटा कैवेलरी और नॉर्दर्न वॉरियर्स के बीच

ABU DHABI T10

**नई दिल्ली।** अबू धाबी टी10 लीग 2025 की शुरुआत 18 नवंबर से होगी और इसका समापन 30 नवंबर को होगा। करीब दो हफ्ते चलने वाला यह तेज़–तर्रार टूर्नामेंट क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचक मुकाबलों का तोहफा देगा, जिसमें खेल जगत के कई बड़े नाम हिस्सा लेंगे। इस सीजन का उद्घाटन मैच क्वेटा कैवेलरी और नॉर्दर्न वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा। इसके बाद मौजूदा चैंपियन डेक्कन ग्लैडिएटर्स अपने खिताब की रक्षा के अभियान की शुरुआत दिल्ली बुल्स के खिलाफ मुकाबले से करेंगे। यह टूर्नामेंट राउंड–रॉबिन फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें प्रत्येक टीम लीग चरण के दौरान एक–दूसरे से मुकाबला करेगी। लीग मैचों के बाद अंक तालिका में शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ़ में जगह बनाएंगी। प्लेऑफ़ की शुरुआत 29 नवंबर को क्वालिफायर–1 से होगी, जिसमें लीग की शीर्ष दो टीमें आमने–सामने होंगी।

### मेसी की नजर 2026 फीफा वर्ल्ड कप पर, उम्र और फिटनेस के बावजूद खेलने की जताई उम्मीद



**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों में उम्मीद जताई है कि वे फीफा वर्ल्ड कप 2026 में खेलते नजर आ सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी उम्र और फिटनेस ही यह तय करेगी कि वह अर्जेंटीना के लिए 2022 का खिताब बचाने उतरेंगे या नहीं। मेसी अगले साल जून में 39 वर्ष के हो जाएंगे, लेकिन उन्होंने हाल ही में इंटर मियामी के साथ अपना अनुबंध 2028 तक बढ़ाया है। यह इस बात का संकेत है कि वह अभी संन्यास के बारे में नहीं सोच रहे। मीडिया से बातचीत में आठ बार के बैलों डी' ओर विजेता मेसी ने कहा, वर्ल्ड कप में खेलना कुछ असाधारण होता है और मैं उसमें शामिल होना पसंद करूंगा। मैं चाहता हूं कि मैं वहां रहूं, फिट रहूं और टीम के लिए उपयोगी साबित हो सकूं। लेकिन मैं अगले साल प्री–सीज़न शुरू होने पर अपनी स्थिति का आकलन करूंगा और तभी अंतिम फैसला लूंगा। मेसी ने आगे कहा, हम पिछला वर्ल्ड कप जीत चुके हैं और अब उसे मैदान पर बचाने का मौका मिलना शानदार होगा। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह अपने देश के लिए वर्ल्ड कप खेले और मेरे लिए भी यह हमेशा एक सपना रहा है। मेसी ने अपने 20 से अधिक वर्षों के पेशेवर करियर में बार्सिलोना, पेरिस सेंट–जर्मेन और अब इंटर मियामी के लिए खेला है। 2023 में एमएलएस में शामिल होकर उन्होंने अमेरिकी फुटबॉल लीग में नई जान फूंक दी — खासतौर पर तब, जब उत्तर अमेरिका अगले साल वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंबे समय तक खिताब से वंचित रहने के बाद मेसी ने 2021 कोपा अमेरिका और फिर 2022 कतर विश्व कप जीतकर अपने करियर को नई ऊंचाई दी।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले बोले सूर्यकुमार यादव– फील्डिंग पर रहेगा फोकस

**कैनबरा,28 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

**भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बुधवार से शुरू हो रही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज़ से पहले कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने श्रेयस अय्यर की चोट से रिकवरी, टीम का सकारात्मक माहौल, फील्डिंग में सुधार की कोशिशें और शिवम दुबे-जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा जताया।**



सूर्यकुमार ने मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में सबसे पहले श्रेयस अय्यर की चोट पर अपडेट देते हुए कहा कि वे बहुत तेजी से रिकवर कर रहे हैं। सिडनी में तीसरे वनडे के दौरान अय्यर ने एलेक्स केरी का शानदार डाइविंग कैच लिया था, लेकिन उसी वक्त उनकी पसलियों और कोहनी पर चोट लग गई थी। कप्तान ने बताया, हमने पहले ही दिन उनसे संपर्क किया। अब वह बात कर रहे हैं, संदेशों का जवाब दे रहे हैं। डॉक्टर और बीसीसीआई उनका पूरा ध्यान रख रहे हैं। वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं और जल्द टीम में लौटेंगे।

टीम के दूसरे युवा खिलाड़ी नितीश कुमार रेड्डी की फिटनेस पर भी सूर्यकुमार ने कहा कि वह ठीक हैं और नेट्स में बल्लेबाज़ी और रनिंग कर रहे हैं ।टीम के माहौल को लेकर उन्होंने कहा कि इस समय भारतीय टीम का माहौल बेहद ऊर्जावान है। फील्डिंग को लेकर सूर्या ने कहा, फील्डिंग ही एक ऐसा विभाग है जहां 11 खिलाड़ी एक साथ रहते हैं। अगर बैटिंग या बॉलिंग थोड़ा कमजोर हो, तो फील्डिंग के दम पर मैच जीते जा सकते हैं। हम चाहते हैं कि टीम में ऐसा माहौल बने जहां हर कोई गेंद अपने पास आने की उम्मीद करे।

हाल ही में हुए एशिया कप में भारत ने खिताब जीता, लेकिन फील्डिंग में कई कैच छूटे थे। इसे सुधारने पर अब कप्तान ने खास ज़ोर दिया है। उन्होंने कहा, कैच छूटना खेल का हिस्सा है, लेकिन उसके बाद आप क्या करते हैं, वही मायने रखता है। सेशन वैकल्पिक था, लेकिन हर कोई फील्डिंग के लिए आया। इसका मतलब है कि टीम एक खास लक्ष्य के लिए मेहनत कर रही है। अपनी फॉर्म पर बात करते हुए सूर्यकुमार ने कहा कि रन अभी भले न आए हों, लेकिन वह अच्छी स्पेस में हैं और टीम के लक्ष्य को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं मेहनत कर रहा हूं, अभ्यास सत्र अच्छे जा रहे हैं। जब शुरुआत होगी, तो रन भी आएंगे।

उन्होंने शिवम दुबे की तारीफ करते हुए कहा, वह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों को अच्छी तरह समझते हैं और अपनी बॉलिंग पर लगातार मेहनत कर रहे हैं। एशिया कप फाइनल में मैंने उन्हें दो बार गेंदबाज़ी कराई क्योंकि मुझे उनके हुनर पर भरोसा था। अगर तैयारी सही है और मन में कोई संदेह नहीं है, तो प्रदर्शन भी अच्छा होता है।

इसी बीच, कप्तान ने जसप्रीत बुमराह की ऑस्ट्रेलिया में अनुभव और प्रभावशाली रिकॉर्ड की भी सराहना की। उन्होंने कहा, बुमराह को यहां की परिस्थितियों का बहुत अच्छा ज्ञान है। उन्होंने हमेशा खुद को शीर्ष पर बनाए रखा है और टीम के सभी साथी उनसे सीख रहे हैं। उनका साथ मिलना हमारे लिए बड़ी ताकत है। बुमराह ने अब तक ऑस्ट्रेलियाई सरज़मीं पर 22 मैचों में 78 विकेट लिए हैं, जिनमें 12 टेस्ट में 64 विकेट शामिल हैं। इस बार वह केवल टी20 सीरीज़ में खेलेंगे, जबकि वनडे से उन्हें आराम दिया गया था। कुल मिलाकर, भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस सीरीज़ में नए कप्तान की अगुवाई में न सिर्फ़ जीत बल्कि टीम की फील्डिंग और आत्मविश्वास को एक नए स्तर पर ले जाने के इरादे से उतरेगा।

# पीकेएल–12 (क्वालीफायर–1) : फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी दिल्ली



**नई दिल्ली,28 अक्टूबर (एजेंसियां) ।** दबंग दिल्ली प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन की पहली फाइनलिस्ट टीम बन गई है। त्यागराज इंडोर स्टेडियम में सोमवार रात खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के क्वालीफायर–1 मुकाबले में दिल्ली ने टाईब्रेकर में पुनेरी पल्टन को 6–4 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया।

निर्धारित समय तक मुकाबला 34–34 से बराबर रहने के बाद फैसला टाईब्रेकर से हुआ। इस सीजन में इन दो टीमों के बीच यह तीसरा टाईब्रेकर था, जिसमें दिल्ली ने दो बार बाजी मारी।

निर्धारित समय के खेल की बात की जाए तो दिल्ली ने रेड और डिफेंस से दो–दो अंक लेकर पांच मिनट में ही 4–1 की लीड ले ली। इस बीच डू ओर डाई रेड पर डिफेंस ने पंकज को लपक लिया लेकिन पल्टन के डिफेंस ने आशु को लपक लिया लेकिन इस दौरान पल्टन के दो डिफेंडर भी सेल्फ आउट हुए। इस रेड पर दोनों टीमों को 2–2 अंक मिले और पल्टन के लिए सुपर टैकल आन हो गया। पल्टन ने दूसरे सुपर टैकल के जरिए पहले क्वार्टर की समाप्ति तक स्कोर 6–7 कर दिया। ब्रेक के बाद दिल्ली के डिफेंस ने आदित्य को लपक पल्टन के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। आशू की रेड पर विशाल सेल्फ आउट हुए और पल्टन दो खिलाड़ियों तक सीमित हुए। फिर आशू ने एक ही रेड में आलआउट लेकर दिल्ली को 13–6 से आगे कर दिया। आलइन के बाद आदित्य ने आशु को बाहर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। फिर पंकज ने सौरव और फजल को बाहर कर स्कोर 11–15 कर दिल्ली को बैकफुट पर ला दिया। पल्टन ने यहां आलआउट लेकर शानदार वापसी की।

हाफटाइम तक दिल्ली 18–17 से आगे थे लेकिन पल्टन ने जल्द बराबरी कर ली। आशु ने हालांकि डू ओर डाई रेड में अबिनेश कर दिल्ली को फिर आगे कर दिया। इस बीच आशु ने अगली रेड पर एक अंक लिया लेकिन वह चोटिल हो गए। पल्टन ने फिर स्कोर 20–20 कर दिया लेकिन आदित्य ने सुपर रेड के साथ दिल्ली को सुपर टैकल की स्थिति में ला दिया और फिर आलआउट लेते हुए तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक 28–23 की लीड ले ली।

## प्रतिका की जगह शैफाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल



**मुम्बई।** आक्रामक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा को महिला विश्वकप क्रिकेट सेमीफाइनल से पहले भारतीय टीम में शामिल किया गया है। शैफाली को सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के विकल्प के तौर पर टीम में जगह दी गयी है क्योंकि प्रतिका टखने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गयी हैं। प्रतिका को बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम लीग मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान ये चोट लगी थी। अब सेमीफाइनल में शेफाली स्मृति मंधाना के साथ पारी शुरु करेंगी। शेफाली ने एक साल से अधिक समय के बाद टीम में वापसी की है, पिछले एक साल के दौरान लय हासिल नहीं कर पाने के कारण वह टीम से बाहर थीं। उसने इससे पहले अपना अंतिम मैच जुलाई 2024 में खेला था। शेफाली ने 29 एकदिवसीय, पांच टेस्ट और 90 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने एक बयान में कहा, बांग्लादेश के खिलाफ लीग मैच में फील्डिंग करते समय प्रतिका के दाहिने टखने में चोट लगने के बाद शेफाली को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है। प्रतिका ने इस पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह पारियों में 51.33 के औसत से 308 रन बनाए। उनकी जगह शामिल शैफाली ने अब तक के अपने करियर के दौरान 29 मैचों में 23 के औसत से 644 रन बनाए हैं। प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के कारण ही शेफाली एकदिवसीय टीम में अपनी जगह नहीं बना पाई।

# हाइलो ओपन सुपर 500 : भारतीय शटलरों को मिला कठिन ड्रॉ, पहले राउंड में होंगे कड़े मुकाबले

**सारब्रुकेन (जर्मनी),28 अक्टूबर (एजेंसियां) ।** 4,75,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय शटलरों को मुश्किल ड्रॉ का सामना करना पड़ेगा।



मंगलवार से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवा खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे, लेकिन पहले दौर से ही उन्हें कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है।

पुरुष एकल वर्ग में 2021 विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन, जिन्होंने हाल ही में हांगकांग ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी, का मुकाबला फ्रांस के पांचवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव से होगा। वहीं यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी का सामना डेनमार्क के विक्टर लाई से होगा।

पूर्व विश्व नंबर–1 किदांबी श्रीकांत, जिन्होंने इस साल मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई थी, को पहले ही दौर में हमवतन किरण जॉर्ज से भिड़ना होगा। इसके अलावा एस. शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम का सामना मलेशिया के लियोंग जुन हाओ से होगा, जबकि थरुण मानेपल्ली, जो हाल ही में मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, दूसरे वरीय इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

महिला एकल वर्ग में अन्मोल खर्ब, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में आर्कटिक ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी, का सामना डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन से होगा। वहीं युवा शटलर उन्नति हुड्डा, जो 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स की विजेता हैं, का सामना ब्राजील की जूलियाना वियाना विएरा से होगा।

अनुपमा उपाध्याय की भिड़ंत यूक्रेन की पोलिना बुह्रोवा से होगी, जबकि रक्षिता श्री सन्तोष रामराज को स्पेन की क्लारा अजुरमेंदी से टकराना है। श्रीयांशी वलीशेट्टी, जिन्होंने हाल ही में अल ऐन मास्टर्स सुपर 100 खिताब जीता था, को पहले ही दौर में तीसरी वरीयता प्राप्त डेनमार्क की लाइन होजमार्क कैर्सफेल्ट से चुनौती मिलेगी।

इसके अलावा आकर्षी कश्यप की शुरुआत तुर्की की नेस्लिहान अरिन के खिलाफ होगी, जबकि तान्या हेमंत को चीनी ताइपे की चौथी वरीय लिन सिआंग टी से भिड़ना होगा। पुरुष युगल वर्ग में पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रथीक के. की भारतीय जोड़ी का मुकाबला फ्रांस के क्रिस्टो और टोमा जूनियर पोपोव की जोड़ी से होगा। वहीं मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे को पहले दौर में कनाडा के जोनाथन बिंग त्सान लाई और क्रिस्टल लाई की जोड़ी से भिड़ना है। कुल मिलाकर, भारतीय दल को टूर्नामेंट की शुरुआत से ही कठिन मुकाबलों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन अच्छे प्रदर्शन से वे खिताब की दौड़ में बने रहने की उम्मीद रखेंगे।

# रणजी ट्रॉफी: मोहम्मद शमी की घातक गेंदबाजी से बंगाल ने गुजरात को 141 रन से हराया

**कोलकाता,28 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

**ईडन गार्डन्स में खेले गए रणजी ट्रॉफी मुकाबले में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपनी शानदार गेंदबाज़ी के दम पर बंगाल को लगातार दूसरी जीत दिलाई। शमी ने मंगलवार को 5 विकेट लेकर 38 रन दिए, जिससे बंगाल ने गुजरात को 141 रन से पराजित किया।**



35 वर्षीय शमी ने पहली पारी में भी 3 विकेट लेकर 44 रन दिए थे। उनकी इस शानदार गेंदबाज़ी ने एक बार फिर साबित किया कि वह अब भी भारत के सबसे प्रभावशाली तेज़ गेंदबाज़ों में से एक हैं।

हालांकि, बेहतरीन फॉर्म के बावजूद शमी को हाल के महीनों में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की प्राथमिकता सूची से बाहर रखा गया है। उन्हें न तो ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ बहु-दिवसीय मैचों के लिए चुना गया था और न ही आगामी दक्षिण अफ्रीका ए सीरीज़ के लिए।

चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के बाद शमी ने पूरा आईपीएल सीज़न खेला था और फिर दलीप ट्रॉफी में ईस्ट ज़ोन का प्रतिनिधित्व किया। हालांकि, नॉकआउट प्रारूप के कारण वह केवल एक मैच ही खेल सके, क्योंकि उनकी टीम क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई थी।

शमी ने अपने शानदार प्रदर्शन की निरंतरता को बनाए रखते हुए उत्तराखंड के खिलाफ बंगाल की आठ विकेट की जीत में भी अहम भूमिका निभाई थी। उस मैच में उन्होंने क्रमशः 3/37 और 4/38 के आंकड़े हासिल कर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता था।

उनकी हालिया फॉर्म से एक बार फिर यह सवाल उठने लगा है कि इतने अनुभवी और फिट गेंदबाज़ को राष्ट्रीय टीम से बाहर रखना क्या उचित है। बंगाल के लिए यह जीत न केवल शमी की वापसी का संकेत है, बल्कि रणजी ट्रॉफी में टीम की बढ़ती लय का भी प्रमाण है।

मैच की बात करें, तो इस मुकाबले में बंगाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 279 रन बनाए, जवाब में गुजरात की टीम 167 रनों पर सिमट गई और पहली पारी के आधार पर 112 रनों की बढ़त हासिल की। बंगाल ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 214 रन बनाकर पारी घोषित कर दी और गुजरात के सामने 327 रनों का लक्ष्य रखा। 327 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की टीम मात्र 185 रनों पर सिमट गई और बंगाल ने मैच 141 रनों से मैच जीत लिया।



# भारत के स्मार्टफोन निर्यात ने सितंबर में बनाया 1.8 अरब डॉलर का नया रिकॉर्ड

मुंबई,28 अक्टूबर (एजेंसियां)।

**भारत के स्मार्टफोन निर्यात ने इस साल सितंबर में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश ने सितंबर 2025 में 1.8 अरब डॉलर के स्मार्टफोन निर्यात किए, जो पिछले साल सितंबर 2024 के 92.3 करोड़ डॉलर की तुलना में लगभग 100 प्रतिशत अधिक हैं।**

**एप्पल के आईफोन निर्यात ने संभाली 75 फीसदी हिस्सेदारी**

यह अब तक किसी एक महीने में स्मार्टफोन निर्यात की सबसे बड़ी छलांग है। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में स्मार्टफोन निर्यात 13.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 8.4 अरब डॉलर की तुलना में 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इस वृद्धि एप्पल की प्रमुख भूमिका रही, जिसने 10 अरब डॉलर से अधिक के आईफोन निर्यात किए, कुल स्मार्टफोन निर्यात का लगभग 75 प्रतिशत था। एप्पल के दो प्रमुख विनिर्माण साझेदार फॉक्सकॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक ने समान रूप से लगभग 5-5 अरब डॉलर का योगदान दिया। दोनों ही उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत काम कर रहे हैं। टाटा का नवीनतम आईफोन संयंत्र इस साल अप्रैल में होसुर में शुरू हुआ। इसके विपरीत सैमसंग के निर्यात में 17 प्रतिशत की गिरावट** दर्ज की गई, क्योंकि उसकी पीएलआई योजना मार्च 2025 में समाप्त हो गई। स्मार्टफोन निर्यात में इस तेजी ने भारत के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात को भी नई ऊंचाई दी है। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 22.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 42 प्रतिशत अधिक है। अब कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में स्मार्टफोन की हिस्सेदारी 61 प्रतिशत हो गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### लैंसकार्ट का 70,000 करोड़ का आईपीओ 31 अक्टूबर से खुलेगा, कंपनी 7,024 करोड़ जुटाने की तैयारी में




**मुंबई।** आईवियर कंपनी लैंसकार्ट अब शेयर बाजार में कदम रखने जा रही है। कंपनी का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक खुला रहेगा और इसके शेयर 10 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। कंपनी की वैल्यूएशन करीब 70,000 करोड़ आंकी गई है। आईपीओ का प्राइस बैंड 382 से 402 प्रति शेयर तय किया गया है। कुल इश्यू साइज 7,024 करोड़ का होगा, जिसमें से 2,150 करोड़ के नए शेयर जारी होंगे और 4,875 करोड़ के शेयर मौजूदा निवेशक बेचेंगे। इस इश्यू के ज़रिए कंपनी करीब 830 मिलियन डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। आईपीओ से मिलने वाली रकम का उपयोग कंपनी नए कोको स्टोर खोलने, तकनीकी सुधार, ब्रांड प्रमोशन और व्यापार विस्तार में करेगी। वित्त वर्ष 2024-25 में लैंसकार्ट की कुल आय 6,652.5 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल से 22.5 फीसदी अधिक है। कंपनी ने इस वर्ष 297.34 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जबकि पिछले वर्ष उसे घाटा हुआ था।

### सेबी से मंजूरी के बाद मिल्की मिस्ट लाएगी 2,035 करोड़ का आईपीओ




**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत की लोकप्रिय डेयरी ब्रांड मिल्की मिस्ट डेयरी फूड्स लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से अपने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मंजूरी मिल गई है। कंपनी करीब 2,035 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। इसमें से 1,785 करोड़ नए शेयर जारी करके और 250 करोड़ पुराने शेयर बेचकर जुटाए जाएंगे।कंपनी के संस्थापक और उनकी पत्नी पुराने शेयर बेचेंगे। कंपनी इस आईपीओ से मिले धन का उपयोग मुख्य रूप से कर्ज चुकाने] नई फैक्टरियां और उपकरण लगाने, सप्लाई चेन मजबूत करने तथा दैनिक खर्चों में करेगी। कंपनी जुटाए पैसे से कर्ज घटाएगी, नई फैक्टरियां लगाएगी और कारोबार बढ़ाएगी मई 2025 तक मिल्की मिस्ट पर 1,463 करोड़ का कर्ज था, जिसे घटाने की दिशा में यह आईपीओ अहम कदम साबित होगा।

### चीन की 3 कंपनियों ने लांच किए अपने फ्लैगशिप फोन



**नई दिल्ली।** चाइना की तीन कंपनियों ओप्पो, शाओमी और वीवो ने चीन में अपने फ्लैगशिप फोन लॉन्च कर दिए हैं। आने वाले महीनों में, इन कंपनियों का फोकस अल्ट्रा ब्रांड वाले फ्लैगशिप फोन्स पर रहने की उम्मीद है, जिनमें बड़े डिस्प्ले, बेहतरीन कैमरा और प्रीमियम स्पेसिफिकेशन्स मिलेंगे। हाल ही में टिप्स्टर स्मार्ट पिकाचु ने ओप्पो फाइंड एक्स9 अल्ट्रा के बारे में कुछ नई जानकारी साझा की है, जिसमें सबसे बड़ी बैटरी और कैमरा अपग्रेड्स की बात सामने आई है। लीक के अनुसार, फाइंड एक्स 9अल्ट्रा अपने पिछले अल्ट्रा मॉडल्स से बड़ी बैटरी के साथ आएगा। जबकि अभी सटीक क्षमता सामने नहीं आई है, ओप्पो पहले ही कह चुका है कि 7000 एमएएच नहीं तो फ्लैगशिप नहीं, जिससे संकेत मिलता है कि एक्स 9अल्ट्रा में कम से कम 7000 एमएएच की बैटरी हो सकती है। यह शाओमी 17 अल्ट्रा और वीवो एक्स300 अल्ट्रा में मिलने वाली बैटरी से भी बड़ी हो सकती है। डिस्प्ले और कैमरा के मामले में भी एक्स 9अल्ट्रा प्रीमियम होगा। टिप्स्टर के मुताबिक इसमें 2के रिजॉल्यूशन वाली 6.8 इंच की स्क्रीन और आई प्रोटेक्शन सपोर्ट मिलेगा। कैमरा सेटअप क्वाड लेंस का होगा, जिसमें पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरों की जोड़ी शामिल है। दोनों पेरिस्कोप कैमरों को बड़े सेंसर के साथ अपग्रेड किया गया है, जिससे मैक्रो, पोर्टेट और जूम मोड में फोटोग्राफी और बेहतर होगी। लॉन्च की संभावित तिथि 2026 की दूसरी तिमाही बताई जा रही है। जब एक्स 9अल्ट्रा के साथ फाइंड एक्स9 एस भी पेश किए जा सकते हैं।

# यामाहा ने सितंबर में बेचे 73,307 यूनिट्स वाहन

नई दिल्ली,28 अक्टूबर (एजेंसियां)।

**यामाहा मोटर इंडिया ने सितंबर 2025 कुल 73,307 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल सितंबर 2024 की 66,705 यूनिट्स के मुकाबले 9.90प्रतिशत ज्यादा है। अगस्त 2025 में बेची गई 60,413 यूनिट्स की तुलना में यह 21.34प्रतिशत की मजबूत मासिक बढ़त है। टैक्स सुधारों और त्योहारी सीजन की शुरुआत ने इस उछाल को और बल दिया। बिक्री के आंकड़ों में स्कूटर और प्रीमियम बाइक्स का दबदबा स्पष्ट दिखा। यामाहा रेझर ने एक बार फिर सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडल के रूप में बाजी मारी।**



सितंबर में इसकी 27,280 यूनिट्स बिकीं, जो पिछले साल की तुलना में 64.91प्रतिशत की बड़ी छलांग है। एफझेड सीरीज ने 16,137 यूनिट्स की बिक्री के साथ दूसरा स्थान हासिल किया और इसमें भी 18.51प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई। एमटी-15 की 11,695 यूनिट्स बिकीं। सालाना बिक्री में 4.81प्रतिशत की मामूली गिरावट रही, लेकिन मासिक आधार पर 10.20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं, स्पोर्ट्स बाइक आर 15 की बिक्री 9,329 यूनिट्स रही, जिसने मासिक स्तर पर 23.91प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। प्रीमियम स्कूटर येरोक्स 155 ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी 2,901 यूनिट्स बिकीं, यह पिछले साल से 35.43प्रतिशत अधिक है। हालांकि फासिनो की बिक्री 5,955 यूनिट्स तक सीमित रही, लेकिन मासिक तुलना में इसमें 22.81 प्रतिशत सुधार हुआ।

हाई-एंड मॉडल आर3/एमटी-03 की सिर्फ 10 यूनिट्स बिकीं, फिर भी अगस्त की तुलना में यह 150प्रतिशत का उछाल था। जुलाई से सितंबर 2025 की तिमाही में यामाहा ने कुल 1,84,085 यूनिट्स बेचीं, जो साल-दर-साल 0.72प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान रेझर और एफझेड सीरीज ने मजबूत प्रदर्शन किया, जबकि फासिनो में 50.25प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अब कंपनी अपने पोर्टफोलियो को और विस्तार देने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। 11 नवंबर को संभावित रूप से एक्सएसआर 155 के लॉन्च की उम्मीद है।

## पैसिव म्यूचुअल फंड्स में नए निवेशक ऐक्टिव फंड्स से आगे, गोल्ड, सिल्वर ईटीएफ में आया रिकॉर्ड निवेश




**मुंबई।** सितंबर में पहली बार नए निवेश खातों में पैसिव म्यूचुअल फंड योजनाओं की शुद्ध वृद्धि ऐक्टिव इक्विटी फंड्स से अधिक रही। इस दौरान इंडेक्स फंड और ईटीएफ में 12 लाख नए खाते खुले, जबकि फंड-ऑफ-फंड्स को मिलाकर कुल नए खाते 21 लाख तक पहुंच गए। इसके मुकाबले, ऐक्टिव इक्विटी फंड्स में केवल 14 लाख नए खाते जुड़े। निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी का मुख्य कारण कीमती धातुओं का तेज उछाल रहा। गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में नए निवेशकों ने 10 लाख खाते खोले। गोल्ड ईटीएफ में निवेश 8,151 करोड़ रुपये हुआ, जो अगस्त के 2,190 करोड़ से काफी अधिक है। सिल्वर ईटीएफ में निवेश तीन गुना बढ़कर 5,342 करोड़ रुपये हुआ। आम तौर पर नए निवेशक ऐक्टिव इक्विटी फंड्स में जाते हैं, क्योंकि इनमें अधिक कमीशन और बेहतर दीर्घकालिक प्रदर्शन मिलता है। वर्तमान में ऐक्टिव फंड्स में 17.5 करोड़ सक्रिय खाते हैं, जो कुल म्यूचुअल फंड फोलियो का 70 फीसदी है।

# नवंबर में 10 दिन रहेगा बैंकों में अवकाश




मुंबई,28 अक्टूबर (एजेंसियां)।

**डिजिटल बैंकिंग और ऑनलाइन सुविधाएं इन छुट्टियों में भी चलती रहेंगी**

अक्टूबर में जहां छुट्टियों की भरमार थी, वहीं नवंबर में ऐसा नहीं है। पूरे महीने में 9 से 10 दिन बैंक बंद रह सकते हैं। इसमें रविवार और दूसरा-चौथा शनिवार तो पूरे देश में छुट्टी रहेगी ही, साथ में कुछ खास त्योहारों की वजह से भी कुछ जगहों पर बैंक बंद रहेंगे। डिजिटल बैंकिंग और ऑनलाइन सुविधाएं इन छुट्टियों में भी चलती रहेंगी। नवंबर में पहली बैंक हॉलिडे 5 नवंबर को है। इस दिन गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा है। पूरे देश में इस दिन बैंक बंद रहेंगे. इसके अलावा 1 नवंबर को बंगलूरू में कन्नड़ राज्योत्सव और देहरादून में इगास-बग्वाल की वजह से बैंक बंद रहेंगे। फिर 7 नवंबर को शिलांग में वंगाला महोत्सव के कारण वहां बैंक बंद होंगे। 8 नवंबर को दूसरा शनिवार है, तो पूरे देश में छुट्टी होगी, लेकिन बंगलूरू में कनकदास जयंती भी है, तो वहां भी बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा 2, 9, 16, 23 और 30 नवंबर को रविवार की वजह से पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। 22 नवंबर को चौथा शनिवार है, तो उस दिन भी छुट्टी रहेगी।

### 1 नवंबर से होगा आधार कार्ड से जुड़े बड़े नियमों में बदलाव

**मुंबई।** आधार कार्ड से जुड़े नियमों में अगले महीने 1 नवंबर से कुछ बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। अब आपको आधार में अपनी जानकारी अपडेट करने के लिए नामांकन केंद्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप घर बैठे ही ऑनलाइन अपने नाम, पता, जन्मतिथि या मोबाइल नंबर जैसी जानकारी बदल सकते हैं। ये सुविधा आधार को और आसान व सुरक्षित बनाने के लिए लाई गई है। साथ ही आधार को पैन कार्ड से जोड़ना भी अब जरूरी हो गया है। अगर आपने ऐसा नहीं किया, तो आपका पैन कार्ड इनएक्टिव हो सकता है। आप जो जानकारी देंगे, जैसे नाम या पता, वो सरकारी डॉक्यूमेंट्स जैसे पैन, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या राशन कार्ड से अपने आप चेक हो जाएगी। इससे अपडेट की प्रोसेस तेज, आसान और सुरक्षित हो जाएगा। जानकारी अपडेट करने के लिए नामांकन केंद्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### 35 सौ डॉलर...

लेकिन बरामदगी और असली आरोपियों की गिरफ्तारी में पर्याप्त सफलता नहीं मिल पा रही है। मुख्य आरोपी कंबोडिया और दक्षिण पूर्व एशिया के दूसरे देशों में बैठकर भारत में नेटवर्क चला रहे हैं। यही वजह है कि पुलिस इनके गुर्गों तक ही पहुंच पा रही है। साइबर ठगों ने धंधे का तरीका भी पहले के मुकाबले काफी बदल दिया है। कंबोडिया में बैठे भारत के ही अधिकांश साइबर ठगों ने आगरा, बरेली, लखनऊ जैसे कई अन्य शहरों में मौजूद अपराधियों के साथ मिलकर नेटवर्क बना लिया है। कंबोडिया में बैठे साइबर ठग रुपए ट्रांसफर करने और उसे क्रिप्टो करेंसी में बदलने में माहिर हैं। कंबोडिया के साइबर ठगों को स्थानीय शातिर किराये के खाते उपलब्ध कराते हैं। इनमें ठगी की रकम ट्रांसफर की जाती है। इसके बदले स्थानीय शातिरों को कमीशन मिलता है।ऐसे ही एक बड़ी घटना पंतनगर स्थित आईवीआरआई के एक वैज्ञानिक के साथ हुई। पिछले दिनों साइबर ठगों ने वैज्ञानिक से एक करोड़ 29 लाख रुपए की ठगी कर ली। साइबर ठगों ने खुद को बेंगलुरु पुलिस और सीबीआई का अधिकारी बताया था। वैज्ञानिक की रकम खातों में ट्रांसफर करवाकर क्रिप्टो करेंसी में बदलकर वॉलेट में भेज दी गई। इस मामले में लखनऊ और बरेली से साइबर ठगों की गिरफ्तारियां हुई थीं लेकिन ठगी की रकम रिकवर नहीं की जा सकी। केवल नौ लाख रुपए ही बरामद हो पाए। हालांकि यह रकम भी वैज्ञानिक को कब तक वापस मिलेगी, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।कंबोडिया में बैठे साइबर ठगों को स्थानीय ठग ही खाते और शिकार का डाटा उपलब्ध कराते हैं। जिनके खाते में बड़ी रकम होती है उनका डाटा जब कंबोडिया में बैठे ठगों तक पहुंचता है तो वह ठगी करने में लग जाते हैं। शिकार फंसने पर वह भारतीय खातों में ही रुपए ट्रांसफर कर देते हैं। इसके बाद रकम क्रिप्टो करेंसी में बदल दी जाती है। यदि कंबोडिया में बैठे ठगों को डाटा और खाते उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई हो तो ठगी के मामले कम हो सकते हैं।साइबर थाने के इंस्पेक्टर नीरज सिंह ने बताया कि साइबर ठगों की गिरफ्तारी में टीम लगी रहती हैं। स्थानीय स्तर पर कार्रवाई में दिक्कत आती है तो उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप से सीबीआई जैसी एजेंसियों से भी मदद ली जाती है। हालांकि विदेश में धन जाने के बाद उसकी बरामदगी मुश्किल होती है। फिर भी लोगों को चाहिए कि लुभावने विज्ञापनों व किसी तरह के बहकावे व झांसे में न आएं। ठगी होते ही सबसे पहले साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें। जितनी जल्दी शिकायत दर्ज होगी, उतना ही धन वापसी की उम्मीद रहेगी।कंबोडिया में बैठे साइबर ठगों को स्थानीय ठग ही खाते और शिकार का डाटा उपलब्ध कराते हैं। जिनके खाते में बड़ी रकम होती है उनका डाटा जब कंबोडिया में बैठे ठगों तक पहुंचता है तो वह ठगी करने में लग जाते हैं। शिकार फंसने पर वह भारतीय खातों में ही रुपए ट्रांसफर कर देते हैं। इसके बाद रकम क्रिप्टो करेंसी में बदल दी जाती है। यदि कंबोडिया में बैठे ठगों को डाटा और खाते उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई हो तो ठगी के मामले कम हो सकते हैं।पुलिस ने करीब 9 दिन 1800 किलोमीटर चली लंबी छापेमारी के बाद अलग-अलग शहरों से कुल सात आरोपियों को दबोचा है। आरोपी फर्जी कंपनी बनाकर बैंक खाते खोलते थे। बाद में इन खातों का संचालन मलेशिया, चीन, दुबई समेत दूसरे देशों में बैठे लोगों को सौंप दिया जाता था। आरोपी 2 से 10 फीसदी कमीशन लेकर बाकी की रकम विदेश में बैठे साइबर ठगों को ट्रांसफर कर देते थे।पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 मोबाइल फोन, 14 सिमकार्ड, 17 डेबिट कार्ड, 1 लैपटॉप, 3 पैनकार्ड, 5 चेकबुक और भारी मात्रा में अन्य सामान बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी अतुल कुमार, गौसरपुर-मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद, यूपी निवासी प्रशांत सिंह, बिहार निवासी भावेश कुमार खान, झुंझुनू, राजस्थान निवासी सुमित झाझरिया, योगेश कुमार, जयपुर, राजस्थान निवासी गौरव और अलवर राजस्थान निवासी विवेक कुमार सत्तावान के रूप में हुई है। फिलहाल इनकी गिरफ्तारी से एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज 46 शिकायतें लिंक हुई है। छानबीन के दौरान पता चला है कि इनके पास मौजूद बैंक खातों से आरोपियों ने करोड़ों रुपए की रकम ठगकर विदेश भेज दी है। इनके बैंक खातों में पुलिस ने 8.58 लाख रुपए की रकम फ्रीज की है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।इबर पुलिस ने व्हाट्सएप, गूगल, आईपी लॉग्स, रजिस्टर्ड ईमेल एड्रेस और करीब 200 से अधिक मोबाइल नंबरों की सीडीआर खंगाली। छानबीन में व्हाट्सएप मलेशिया में एक्टिव मिला। काफी लंबी पड़ताल के बाद पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर कई लोगों की पहचान की। 6 अक्टूबर को पुलिस की टीम ने दिल्ली, गाजियाबाद और गुरुग्राम में छापेमारी कर अतुल कुमार और प्रशांत सिंह को दबोच लिया। बाद में इनसे पूछताछ के बाद भावेश कुमार खान को भी गिरफ्तार कर लिया। भावेश एमबीए पास है। अतुल और प्रशांत फर्जी कंपनी बनाकर उनके नाम से बैंक खाते खोलते थे। बाद में इनको भावेश को सौंप दिया जाता था। भावेश भी किसी अमन नामक ठग को बैंक खाते दे दिया करता था। 9 अक्टूबर को टीम ने सुमित और योगेश कुमार को राजस्थान से दबोचा, वहीं बाद में 14 अक्टूबर को गौरव और विवेक कुमार को राजस्थान के अलग-अलग शहरों से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि इनको 2 फीसदी से 10 फीसदी तक कमीशन मिलता था।

### देशहित की...

तो हम इसका विरोध करेंगे। राज्य सरकार, राज्य धर्म निभाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयोग राजनीतिक दबाव में ऐसा कुछ नहीं करेगा कि हमें उसका विरोध करना पड़े।पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता केया घोष ने कहा कि भाजपा का मानना है कि बंगाल में कोई भी फर्जी या अवैध मतदाता नहीं होना चाहिए। ममता बनर्जी की सरकार एसआईआर से इसलिए डर रही है क्योंकि उनके वोटबैंक में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिए शामिल हैं। टीएमसी को डर है कि एसआईआर के बाद अवैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हट जाएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि चुनाव की गरिमा बनाए रखना और मतदाता सूची का पुनरीक्षण करना चुनाव आयोग का संवैधानिक कर्तव्य है और हम एसआईआर के दूसरे चरण का स्वागत करते हैं। लेकिन इंडी गठबंधन इसका विरोध कर रहा है, जबकि उन्होंने खुद ही महाराष्ट्र में स्थानीय चुनाव से पहले एसआईआर कराने की मांग की है। वे एसआईआर पर निशाना साधकर अपने परिवार को बचाना चाहते हैं। भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा कि देशहित के हर काम का विपक्षी पार्टियों द्वारा विरोध किया जाता है। एसआईआर की प्रक्रिया में किसी भी सही मतदाता का नाम नहीं कटेगा, लेकिन अैध और फर्जी मतदाताओं पर रोक लगेगी। कोई भी बांग्लादेशी भारत का मतदाता नहीं बन सकेगा। हम उम्मीद करते हैं कि राज्य सरकारें इसमें सहयोग करेंगी और अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी।चुनाव आयोग की घोषणा के मुताबिक विशेष गहन पुनरीक्षण के दूसरे चरण में 12 राज्यों का मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम 7 फरवरी 2026 तक पूरा हो जाएगा। यानि 7 फरवरी 2026 को नई मतदाता सूची सामने आ जाएगी। 12 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा होते ही सोमवार आधी रात से ही इन सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की मतदाता सूचियां फ्रीज कर दी गईं। फ्रीज की गई सूची के सभी मतदाताओं को बीएलओ विशिष्ट गणना प्रपत्र देंगे। इन गणना प्रपत्रों में वर्तमान मतदाता सूची के सभी आवश्यक विवरण होंगे। बीएलओ द्वारा मौजूदा मतदाताओं को प्रपत्र वितरित करने के बाद, जिन लोगों के नाम गणना प्रपत्रों में हैं, वे यह मिलान करने का प्रयास करेंगे कि क्या उनका नाम पिछले एसआईआर की सूची में था। यदि हां, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है। वे सिर्फ प्रपत्र भरकर जमा कर दें। यदि उनके माता-पिता का नाम सूची में था, तब भी उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना। 2002 से 2004 तक के एसआईआर वाली मतदाता सूची आयोग की वेबसाइट पर कोई भी देख सकता है और मिलान कर सकता है।सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए, चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर से संबंधित अपने 9 सितंबर के आदेश के अनुसार, आधार कार्ड को 12 दस्तावेजों की सूची में शामिल कर लिया है। आधार पर स्थिति स्पष्ट करते हुए, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, जहां तक आधार कार्ड का संबंध है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आधार का उपयोग आधार अधिनियम के अनुसार किया जाना है। आधार अधिनियम की धारा 9 कहती है कि आधार निवास या नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने कई बार यह निर्णय दिया है कि आधार जन्मतिथि का प्रमाण नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए, आधार प्राधिकरण ने अपनी अधिसूचना जारी की और आज भी, यदि आप नया आधार डाउनलोड करते हैं, तो कार्ड पर उल्लेख है कि यह न तो जन्मतिथि, न ही निवास या नागरिकता का प्रमाण है। आधार कार्ड पहचान का प्रमाण है और इसका उपयोग ई-हस्ताक्षर के लिए भी किया जा सकता है।बिहार के अनुभव से लाभ उठाते हुए, चुनाव आयोग ने यह भी निर्णय लिया है कि बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) फॉर्मों के मिलान और लिंकिंग के लिए अधिकतम तीन बार घरों का दौरा करेंगे। कुमार ने कहा, यदि मतदाता उपलब्ध नहीं है या मिलान और लिंकिंग में देरी हो रही है, तो बीएलओ कुल तीन बार घरों का दौरा करेंगे। बीएलओ सिर्फ संबंधित राज्य ही नहीं बल्कि देश भर के मतदाता सूची की जांच कर यह देखेंगे के संबंधित व्यक्ति का नाम कहीं और तो नहीं है। यदि किसी अन्य सूची में नाम पाया गया तब भी उन्हें मतदाता माना जाएगा।मतदाता ऑनलाइन भी फॉर्म भर सकते हैं। यदि उनके नाम, या उनके पिता या माता के नाम, 2003 की सूची में नहीं थे तो ईआरओ 12 दस्तावेजों के आधार पर पात्रता निर्धारित करेगा।आयोग द्वारा तय 12 दस्तावेजों के अलावा यदि किसी के पास अतिरिक्त वैध दस्तावेज है तो आयोग उसे भी मान्य करेगा। ईआरओ के फैसले के बाद, यानी अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद भी किसी भी निर्वाचन क्षेत्र का कोई भी मतदाता या निवासी जिला मजिस्ट्रेट के पास अपील कर सकता है और 15 दिनों के भीतर राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के पास अपनी दूसरी अपील भी दायर कर सकता है।चुनाव आयोग ने मतदाता के लिए जरूरी अर्हताएं भी बताईं। इसके अनुसार संविधान की धारा 326 के अनुसार जो भी भारतीय नागरिक है, उसे 18 साल की आयु का होना, संबंधित क्षेत्र का निवासी होना, कानून के तहत किसी तरह के मामलों में वांछित नहीं होना चाहिए। ऐसे लोगों को सूची में नाम शामिल कराने का अधिकार है। भीड़भाड़ से बचने के लिए, आयोग ने निर्णय लिया है कि किसी भी मतदान केंद्र पर 1,200 से ज्यादा मतदाता नहीं होंगे और ऊंची इमारतों, गेटेड कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों में नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे।ज्ञानेश कुमार ने कहा कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजनीतिक दलों के साथ बैठकें करेंगे और उन्हें एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जानकारी देंगे। बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) फॉर्मों के मिलान और लिंकिंग के लिए अधिकतम तीन बार घरों का दौरा करेंगे। बीएलओ सिर्फ संबंधित राज्य ही नहीं बल्कि देश भर के मतदाता सूची की जांच कर यह देखेंगे के संबंधित व्यक्ति का नाम कहीं और तो नहीं है। यदि किसी अन्य सूची में नाम पाया गया तब भी उन्हें मतदाता माना जाएगा।

### असम में बहुविवाह...

सपोर्ट करने के लिए है, जिसमें हर महीने पैसे दिए जाते हैं। क्लास 11 की स्टूडेंट्स को 1,000 रुपए, फर्स्ट ईयर अंडरग्रेजुएट को 1,250 रुपए, और फर्स्ट ईयर पोस्टग्रेजुएट या बीएड स्टूडेंट्स को 2,500 रुपए मिलेंगे। ये मदद 10 महीनों के लिए है। सीएम सरमा ने कहा, इस स्कीम की वजह से लड़कियों का एनरोलमेंट बढ़ गया है और ड्रॉपआउट रेट पिछले साल से काफी कम हो गया। इस साल कुल 3.5 लाख लड़कियां इससे फायदा उठाएंगी। स्कीम के अच्छे नतीजे दिख रहे हैं, जैसे ज्यादा लड़कियां स्कूल-कॉलेज जा रही हैं। ये ऐलान पॉलीगैमी बिल के साथ आया। सरमा ने कहा कि ये बदलाव समाज को मजबूत बनाएंगे।

### आरएसएस की...

एक दिन का समय मांगा। इस पर उच्च न्यायालय की धारवाड़ पीठ ने आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। पीठ ने कहा कि इस आदेश से कर्नाटक सरकार संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(ए) और 19 (1)(बी) के तहत मिले अधिकारों को छीन रही है।

### टीएमसी नेता...

लेकिन साल 2024 में कंपनी को नुकसान हुआ और फरवरी 2025 में तहसीन ने लोगों को पैसे देना बंद कर दिया। 18 अक्टूबर 2025 को तहसीन अहमद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई और उसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है।भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, टीएमसी माइनॉरिटी विंग के प्रेसिडेंट शकील अहमद के बेटे तहसीन अहमद ने एक नकली और बिना लाइसेंस वाली कंपनी बनाकर तीन हजार से ज्यादा परिवारों को धोखा दिया है, जिनमें से ज्यादातर मुस्लिम कम्युनिटी से हैं। क्या ममता बनर्जी की सरकार कार्रवाई करेगी, या अपनी पार्टी के लोगों को बचाने के लिए इसे भी दबा दिया जाएगा?

### एलएनजी और...

दोनों देश गैस सेक्टर में कोऑपरेशन को गहरा करने की तलाश में हैं, जिसमें गैस सप्लाई बढ़ाना शामिल है। अभी रूस भारत को सालाना 3 मिलियन टन एलएनजी देता है, जो पहले से ही अच्छा अमाउंट है, लेकिन इसमें और इजाफा हो सकता है। ये कदम भारत की एनर्जी जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित होगा, क्योंकि भारत तेजी से गैस पर निर्भरता बढ़ा रहा है। रूस के लिए ये एक बड़ा बाजार है, जहां वो अपनी प्रोडक्शन कैपेसिटी का फायदा उठा सकता है।कोयले की डिमांड में भी रूस भारत को प्राथमिकता दे रहा है। त्सिविलेव ने बताया कि भारत रूसी कोयला का एक बड़ा खरीदार है। उन्होंने कहा, हम कोयला एक्सपोर्ट को 2035 तक 40 मिलियन टन तक ले जाना चाहते हैं। ये प्लान रूस के डिप्टी एनर्जी मिनिस्टर दिमित्री इस्लामोव के बयान से मेल खाता है, जिन्होंने बताया था कि रूसी कोयला के मुख्य बाजार चीन, भारत और अफ्रीका हैं। भारत में कोयला की खपत ऊर्जा उत्पादन और इंडस्ट्री के लिए क्रिटिकल है, और रूस इसे सस्ते दामों पर उपलब्ध करा सकता है। 2024 में भारत ने रूस से तेल इंपोर्ट का एक बड़ा हिस्सा लिया, और इस साल भी सप्लाई हाई लेवल पर बनी हुई है। अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद ये पार्टनरशिप मजबूत बनी हुई है, जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद है।भारत रूस के एनर्जी सेक्टर के लिए की पार्टनर बना हुआ है। त्सिविलेव ने जोर देकर कहा कि 2024 में भारत ने रूस के तेल एक्सपोर्ट का बड़ा शेयर लिया, और इस साल भी वैसा ही ट्रेंड चल रहा है। सैंक्शंस ने थोड़ा असर डाला, लेकिन ओवरऑल सप्लाई चेन मजबूत है। रूस भारत को कोयला के अलावा अन्य फ्यूल्स में भी सपोर्ट करने को तैयार है। ये सब मिलकर दोनों देशों के बीच एनर्जी ट्रेड को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। भारत की बढ़ती एनर्जी मांग को देखते हुए रूस का यह प्रस्ताव सटीक समय पर मिला है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, बुधवार, 29 अक्टूबर, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# तेलंगाना फेडरेशन ऑफ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक द्वारा आयोजित सेमिनार में अग्रसेन बैंक ने सक्रिय रूप से भाग लिया




**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना स्टेट कोऑपरेटिव अर्बन बैंक्स फेडरेशन लिमिटेड (TESCUBFED), हैदराबाद ने भारतीय रिजर्व बैंक, हैदराबाद के सहयोग से 27.10.2025 को होटल सेंट्रल कोर्ट, लकड़ी का पुल, हैदराबाद में एक सेमिनार का आयोजन किया। यह सेमिनार विशेष रूप से तेलंगाना के शहरी सहकारी बैंकों के अध्यक्षों, निदेशकों, सीईओ, आईटी प्रमुखों और भुगतान प्रणाली अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योतिंद्र मेहता (चेयरमैन, NUCFDC और निदेशक, NAF-CUB) ने की। इस कार्यक्रम में कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए, जिनमें चिन्मय कुमार (क्षेत्रीय निदेशक, RBI), अनुज रंजन (जीएम इंचार्ज, पर्यवेक्षण विभाग (DOS), RBI), प्रभींळ सामल (DGM, DOS, RBI), मदन गोपाल स्वामी (निदेशक NAFCUB, कार्यकारी अध्यक्ष TESCUBFED, चेयरमैन आदर्श कॉप बैंक), प्रमोद कुमार केडिया (उपाध्यक्ष TES-CUBFED और चेयरमैन अग्रसेन बैंक) और हेमंत रथवे ITS (उप महानिदेशक (सुरक्षा), DOT, संचार मंत्रालय, भारत सरकार) प्रमुख थे।

इस कार्यक्रम में तेलंगाना के सभी शहरी सहकारी बैंकों के अध्यक्षों, निदेशकों, सीईओ और आईटी प्रमुखों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अग्रसेन बैंक की ओर से, सीए श्री नवीन कुमार अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), सीए श्री पंकज कुमार अग्रवाल (निदेशक), श्री सीवी राव (सीईओ) और श्री आर गोपाल कृष्ण (एजीएम, आईटी हेड) ने कार्यक्रम में भाग लिया।

सेमिनार के दौरान, सभी गणमान्य व्यक्तियों ने डिजिटलीकरण , डिजिटल लेंडिंग , साइबर सुरक्षा और डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म जैसे अन्य तकनीकी नवाचारों पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, धोखेबाजों द्वारा की जा रही विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी पर भी चर्चा की गई।

भारतीय रिजर्व बैंक की टीम ने बैंकों के लिए विभिन्न अनुपालन पहलुओं पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का समापन श्री प्रमोद कुमार केडिया द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।




# पैराडाइज जंक्शन से डेयरी फार्म रोड तक एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण शुरू

## -9 महीनों के लिए भारी ट्रैफिक डायवर्जन लागू

**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** एनएच-44 पर पैराडाइज जंक्शन से डेयरी फार्म रोड तक एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण कार्य की शुरुआत के संबंध में, दिनांक 30-10-2025 से लगभग नौ (09) महीनों की अवधि के लिए निम्नलिखित सड़क बंदी, यातायात डायवर्जन और वैकल्पिक मार्ग लागू किए जाएंगे।

एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण की अवधि के दौरान, राजीव गांधी स्टैच्यू जंक्शन से बालमराई के बीच का सड़क खंड, दोनों दिशाओं में बंद रहेगा।

आम जनता को बालमराई से सीटीओ जंक्शन तक के सड़क खंड से बचने की सलाह दी जाती है, क्योंकि आसपास की सड़कों और जंक्शनों पर यातायात जाम होने की आशंका है।

बालानगर की ओर से आने वाले और पंजगुट्टा/टैंक बंड की ओर जाने के इच्छुक यातायात, इस वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सकते हैं: ताड़बंद - मस्तान कैफे - डायमंड पॉइंट - राइट टर्न - मडफोर्ट - एनसीसी - जेबीएस - एसबीआई।

सुचित्रा की ओर से आने वाले और पंजगुट्टा/टैंक बंड की ओर जाने के इच्छुक यातायात, इस वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सकते हैं: सेफ एक्सप्रेस - लेफ्ट टर्न - बापूजी नगर - सेंटर पॉइंट - डायमंड पॉइंट - मडफोर्ट - एनसीसी - जेबीएस - एसबीआई। टैंक बंड/रानी गंज/पंजगुट्टा/रसूलपुरा/प्लाजा से आने वाले यातायात, जो सीटीओ जंक्शन के माध्यम से ताड़बंद की ओर जाना चाहते हैं, उन्हें राजीव गांधी स्टैच्यू जंक्शन पर अन्ना नगर - बालमराई - ताड़बंद की ओर मोड़ दिया जाएगा।अन्ना नगर के निवासियों, जो पंजगुट्टा/टैंक बंड की ओर जाना चाहते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे राजीव गांधी स्टैच्यू जंक्शन की ओर गलत मार्ग अपनाने के बजाय अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बायलेन (मीटिंग पॉइंट बायलेन, हॉकी ग्राउंड बायलेन और एलएंडओ पुलिस स्टेशन बायलेन) का उपयोग करें। वैकल्पिक रूप से, वे अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बालमराई के रास्ते जा सकते हैं।यात्रियों से अपील की गई है कि वे ट्रैफिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म Hyderabad Traffic Police फेसबुक पेज (facebook.com/HYDTP) और HYDP (ट्विटर हैंडल) पर ट्रैफिक अपडेट का पालन करें। यात्रा में किसी भी आपात स्थिति के मामले में, यात्रा सहायता के लिए कृपया हमारे ट्रैफिक हेल्पलाइन 9010203626 पर कॉल करें।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत

# नेकलेस रोड में पावरग्रिड, दक्षिण क्षेत्र-1 द्वारा साइक्लोथॉन का आयोजन

**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, दक्षिण क्षेत्र-1 द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 (वीएडब्ल्यू-2025) का आयोजन 28 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक किया जा रहा है। यह आयोजन केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसका विषय है: सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी ।

इस सप्ताह के अंतर्गत, नेकलेस रोड, सिकंद्राबाद में कर्मचारियों के लिए एक साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य नागरिकों के बीच सतर्कता और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ श्री दोमन यादव, कार्यपालक निदेशक (दक्षिण क्षेत्र-ख) द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक संदेश दिया:

ईमानदारी एक साझा जिम्मेदारी है, जो किसी एक व्यक्ति या विभाग तक सीमित नहीं है । जैसे साइक्लिंग में संतुलन, अनुशासन और टीमवर्क की आवश्यकता होती है, वैसे ही जीवन और कार्य में भी यही आवश्यक है। यह साइक्लोथॉन हमारे नैतिक आचरण और सतर्कता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक बने। एक पावर ग्रिड के रूप में हम शरीर, मन और मूल्यों के साथ आगे बढ़ते हैं।




इस आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों को नैतिक मूल्यों और सतर्कता के प्रति जागरूक करना और ईमानदारी को एक मूलभूत मूल्य के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर श्री वेंकटा एस वी, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), श्री प्रवीणकुमार टी वी एस, मुख्य महाप्रबंधक (ऐ एम), श्री पीसी रेड्डी, महाप्रबंधक (सतर्कता), तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

आर एच क्यू, सिकंदराबाद और हैदराबाद सबस्टेशन से 100 से अधिक कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे इस उद्देश्य के प्रति मजबूत समर्थन और पावर ग्रिड की नैतिकता व ईमानदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई ।

# मिधानि को उन्नत एयरो इंजन सामग्रियों के लिए उड़ानयोग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त




**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) ने एचएएल, कोरापुट के लिए उन्नत एयरो इंजनों में प्रयुक्त विभिन्न महत्वपूर्ण सुपरअलॉय, टाइटेनियम मिश्रधातुओं और विशेष इस्पातों के स्वदेशी विकास एवं उड़ानयोग्यता प्रमाणन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

मिधानि ने एयरो इंजन निर्माण में उपयोग होने वाली कुल मिश्रधातु प्रणालियों के लगभग 50 प्रतिशत के सामग्री स्तर का विकास पूर्ण कर लिया है, जिनमें से 80 प्रतिशत मिश्रधातु प्रणालियाँ प्रमाणित की जा चुकी हैं, जबकि शेष मिश्रधातुएँ विकास के उन्नत चरणों में हैं।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में केंद्र सैन्य वायु योग्यता एवं प्रमाणीकरण केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा मिधानि के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को उड़ानयोग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह प्रमाणन एयरो इंजनों के लिए आवश्यक घटकों के श्रृंखलाबद्ध उत्पादन की स्वीकृति का प्रतीक है।

मिधानि ने इस अवसर पर विभिन्न निकेल आधारित सुपरअलॉय, टाइटेनियम मिश्रधातुओं तथा विशेष इस्पातों से निर्मित मिल फॉर्म और फोर्जिंग उत्पादों का सफल प्रदर्शन किया। इन मिश्रधातुओं का उपयोग हवाई इंजनों के महत्वपूर्ण प्रदर्शन घटकों के निर्माण में किया जाएगा।

पिछले एक वर्ष में, मिधानि ने अपनी उत्पादन क्षमताओं में उल्लेखनीय विस्तार किया है।

इसमें एक नई टाइटेनियम कार्यशाला की स्थापना, जिससे उड़ानयोग्य टाइटेनियम मिश्रधातु उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है; 6000 टन क्षमता का नियर-आइसोथर्मल फोर्ज प्रेस; तथा वैक्यूम इंडक्शन मेल्टिंग भट्टियों का नवीनीकरण शामिल है।

इन अत्याधुनिक सुविधाओं से अब बड़ी मात्रा में रीमेल्ट स्टॉक और सिंगल क्रिस्टल सुपरअलॉय के मास्टर हीट का निर्माण संभव हो सका है।

सेमिलैक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.पी.वी.एस. प्रसाद ने मिधानि के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मिधानि ने हवाई इंजनों के लिए सामग्रियों के त्वरित परीक्षण, विकास और प्रमाणन में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। उन्होंने मिधानि को स्वदेशीकरण की गति को और तेज करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे भारत आत्मनिर्भर एयरो इंजन निर्माण के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सके।

इस अवसर पर मिधानि के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. एस.वी.एस. नारायण मूर्ति, सेमिलैक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ए.पी.वी.एस. प्रसाद, मिधानि की निदेशक (वित्त) श्रीमती के. मधुबाला, तथा मिधानि एवं सेमिलैक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# श्री रामचंद्र मठ लंगर हाउस में अन्नकूट महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन



**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** लंगर हाउस स्थित श्री रामचंद्र मठ में मठाधिपति महंत श्री राहुल दास के सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। भजन संध्या में भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर उदासीन मठ के महंत अरुण दास, विंध्याचल ब्राह्मण सेवा संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष रामशिरोमणि तिवारी, रघुनंदन पयासी, महंत अमित शाह, महंत चेतन गिरी, जगदीश शर्मा, गिरिराज मिश्रा, विजय कुमार तोतला, गोपाल राठी, राजेश करवा, चेतन लक्ष्मण बागरी, कमलेश द्विवेदी, महेश गौतम, पुष्पेंद्र, बबलू गर्ग, पवन कुमावत, प्रेमराज, एडवोकेट राजू, सतीश तथा गोविंदा ग्रुप के सभी सदस्य और स्नेहीजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# हजारों श्रद्धालुओं ने उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर किया छठ महापर्व का समापन



**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ का विधिवत समापन हो गया। हैदराबाद के नेकलेस रोड स्थित बेबी पाउंड पर हजारों श्रद्धालुओं ने अहले सुबह भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य प्रदान कर अपनी श्रद्धा और भक्ति निवेदित की।

बिहार समाज सेवा संघ की ओर से बेबी पाउंड पर भव्य छठ पूजा का आयोजन किया गया था। संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा ने बताया कि समापन समारोह में भाजपा सांसद डॉ. बी. लक्ष्मण, भाजपा नेता लड्डू यादव सहित बड़ी संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया।

बिहार समाज सेवा संघ की ओर से छठ व्रतधारी महिलाओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। पूरे दिन छठ घाट पर ठेकुआ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा। इस अवसर पर राजू ओझा ने महोत्सव में सहयोग देने के लिए जीएचएमसी प्रशासन और तेलंगाना सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने छठ व्रतधारी महिला-पुरुषों की सहभागिता के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम की सफलता में बिहार समाज सेवा संघ के गार्जियन आलोक कुमार झा, परमानंद शर्मा, संजय सिंह, डॉ. देवकुमार पुखराज, अजय कुमार सर, शशि सिन्हा, रजनीश कुमार झा, संयोग ठाकुर और पप्पू सिन्हा का योगदान सराहनीय रहा। साथ ही संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा, हैदराबाद अध्यक्ष मनीष तिवारी, महामंत्री विकास सिंह, कोषाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, सांस्कृतिक सचिव दीपक तिवारी, छठ पूजा प्रभारी प्रताप गौरव सिंह, वरिष्ठ सदस्य रघुबीर सिंह, राकेश सिंह, जितेंद्र यादव, डॉ. अनिता सिंह, नवरत्न पासवान, जितेंद्र ओझा और भवनाथ मिश्रा की मेहनत भी अत्यंत प्रशंसनीय रही।

# गुरु नानक देवजी का 556वां प्रकाश उत्सव 1 नवंबर से



**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दुनिया भर में सिख समुदाय का सबसे महत्वपूर्ण और प्रमुख त्योहार श्री गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव (प्रकाश उत्सव), जो पहले सिख गुरु और सिख धर्म के संस्थापक थे, जिन्होंने दुनिया भर में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश फैलाया, तेलंगाना में 1 नवंबर से 5 नवंबर 2025 तक भव्य और विशाल पैमाने पर मनाया जाना वाला है।

गुरु नानक देवजी के इस महत्वपूर्ण 556वें जन्मोत्सव को चिह्नित करने के लिए, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरु नानक मार्ग, अशोक बाजार, अफजलगंज और गुरुद्वारा साहेब सिकंदराबाद की प्रबंधक कमेटियों ने इन समारोहों को भव्य रूप से सफल बनाने के लिए हाथ मिलाया है। इस संदर्भ में, दो भव्य रंगीन, नगर कीर्तन (पवित्र जुलूस) गुरुद्वारा साहेब सिकंदराबाद द्वारा 1 नवंबर, 2025 (शनिवार) को शाम 4 बजे और दूसरा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरु नानक मार्ग, अशोक बाजार, अफजलगंज से 3 नवंबर, 2025 (सोमवार) को शाम 4 बजे निकाला जाएगा।

प्रकाश उत्सव समारोह के दिन, जो 5 नवंबर, 2025 (बुधवार) को है, एक भव्य विशाल दीवान (सामूहिक समागम) 5 नवंबर, 2025 को सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक एग्जीबिशन ग्राउंड्स, नामपल्ली में आयोजित किया जाएगा।

प्रेस मीट के दौरान मीडिया को समारोहों के बारे में पूरी जानकारी देते हुए, प्रबंधक कमेटी, अध्यक्षों, सतविंदर सिंह बग्गा (जीएसजीएसएस), एस बलदेव सिंह बग्गा (जीएसएस), जसपाल सिंह टुटेजा (जीएसजीएसएस उपाध्यक्ष), महासचिवों, जगमोहन सिंह (जीएसएस), जोगिंदर सिंह मुजराल (जीएसजीएसएस), सचिव, हरप्रीत सिंह गुलाटी (जीएसएस) और अन्य कमेटी सदस्यों ने कहा कि गुरु नानक देवजी का 556वां जन्मोत्सव भव्य पैमाने पर मनाया जाएगा।

प्रकाश उत्सव समारोह के हिस्से के रूप में, 1 नवंबर, 2025 (शनिवार) को शाम 4 बजे गुरुद्वारा साहेब सिकंदराबाद से एक रंगीन नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो क्लॉक टॉवर, बाटा, पाटनी सर्कल, किंग्सवे, मोंडा मार्केट, अल्फा होटल से होते हुए शाम को गुरुद्वारा साहेब सिकंदराबाद पहुंचेगा।

इस जुलूस में राज्य भर से हजारों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। गुरु ग्रंथ साहिबजी (सिखों का श्रद्धेय पवित्र ग्रंथ) को निशान साहिबान (धार्मिक ध्वज) के साथ एक खूबसूरती से सजाए गए वाहन पर ले जाया जाएगा। पवित्र जुलूस में जत्था तेरा जत्था, इस्त्री सत्संग और पुरुषों व महिलाओं के अन्य कीर्तनी जत्थों द्वारा शबद कीर्तन (पवित्र भजन) का गायन किया जाएगा।

जुलूस का मुख्य आकर्षण गतका (एक प्रसिद्ध सिख मार्शल आर्ट फॉर्म) और जय तेगंग गतका अखाड़ा (अमृतसर), दशमेश कलगीधर जत्था द्वारा जुलूस के दौरान अन्य लुभावने तलवारबाजी के करतब होंगे। पंज प्यारे (पांच प्यारे) अपनी पारंपरिक वेशभूषा में जुलूस के आकर्षण का केंद्र होंगे।

एक और रंगीन नगर कीर्तन (पवित्र जुलूस) 3 नवंबर (सोमवार) को शाम 4 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, अफजलगंज से निकाला जाएगा और अफजलगंज, सिद्दिअंबर बाजार, जंबाग, पुतली बावली, सेंट्रल गुरुद्वारा साहेब गौलीगुड़ा से होते हुए शाम को लगभग 9 बजे गुरुद्वारा सिंह सभा, अफजलगंज पहुंचेगा।

इस जुलूस में राज्य भर से हजारों सिख श्रद्धालु और अन्य समुदायों के लोग हिस्सा लेंगे। गुरु ग्रंथ साहिबजी (सिखों का श्रद्धेय पवित्र ग्रंथ) को निशान साहिबान (धार्मिक ध्वज) के साथ एक खूबसूरती से सजाए गए वाहन पर ले जाया जाएगा। पवित्र जुलूस में जत्था तेरा जत्था, इस्त्री सत्संग और पुरुषों व महिलाओं के कीर्तनी जत्थों द्वारा शबद कीर्तन (पवित्र भजन) का गायन किया जाएगा। इसके अलावा, पंज प्यारे (पांच प्यारे) अपनी पारंपरिक वेशभूषा में जुलूस के आकर्षण का केंद्र होंगे। जुलूस का मुख्य आकर्षण गतका (एक प्रसिद्ध सिख मार्शल आर्ट फॉर्म) और जय तेगंग गतका अखाड़ा (अमृतसर) और दशमेश कलगीधर जत्था द्वारा जुलूस के दौरान अन्य लुभावने तलवारबाजी के करतब होंगे।

चूंकि गुरु नानक देवजी का मुख्य 556वां प्रकाश उत्सव (जन्मोत्सव) 5 नवंबर, 2025 को है, इसलिए 5 नवंबर को सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक विशाल एग्जीबिशन ग्राउंड्स, नामपल्ली रोड पर एक विशाल दीवान (सामूहिक समागम) आयोजित किया जाएगा, जहाँ 25,000 से अधिक सिख श्रद्धालु और अन्य समुदायों के लोग इस आयोजन में शामिल होंगे।

इस आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से विशेष रूप से आमंत्रित प्रतिष्ठित रागी जत्थों (धार्मिक प्रचारकों) द्वारा गुरबानी कीर्तन (पवित्र भजन) का पाठ किया जाएगा।

भाई हरजिंदर सिंहजी (श्रीनगर वाले), भाई बलजीत सिंह (यूएसए वाले), ज्ञानी साहेब सिंहजी मारकंडा वाले, हजूरी रागी जत्था, भाई हरी सिंहजी, भाई जगदेव सिंहजी, भाई हरविंदर सिंह और अन्य प्रतिष्ठित कथा वाचक और रागी जत्थे शबद कीर्तन और कथा (प्रवचन) करेंगे और गुरु नानक की शिक्षाओं पर प्रकाश डालेंगे, जो शांति, समानता और मानवता के लिए खड़े थे। समागम की समाप्ति के बाद, श्रद्धालुओं को गुरु का लंगर (मुफ्त सामुदायिक रसोई) परोसा जाएगा।

4 नवंबर (मंगलवार) को गुरुद्वारा साहेब सिकंदराबाद में शाम 7 बजे से रात 10.30 बजे तक एक रात्रिकालीन कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा। 5 नवंबर को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, अफजलगंज में रात 9 बजे से 2 बजे तक एक और रात्रिकालीन कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपरोक्त प्रसिद्ध रागी जत्थे गुरबानी कीर्तन का पाठ करेंगे।



सनतनगर में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, भारत गौड और दयानंद का स्वागत आयोजक सपना गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में अमीरपेट पार्षद सरला केतनी, डिवीजन अध्यक्ष नरेश, सेक्रेटरी सत्यनारायण, क्रांति, महेश, लोढ़ा सेक्रेटरी श्रीधर रेड्डी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह में अतिथियों ने एकता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।

# हैदराबाद कटपीस क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न





**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद कटपीस क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन का वार्षिक दीपावली मिलन समारोह इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार हिमायतनगर स्थित होटल बेग व्यंजन सभागृह में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महालक्ष्मी जी की आराधना और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका सभी सदस्यों ने आनंद उठाया। भोजन के उपरांत संस्था की ओर से उपस्थित सभी सदस्यों को उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख पदाधिकारी मुकुंदलाल अग्रवाल, कपूर चंद गुप्ता, अशोक बंसल, राहुल अग्रवाल, उपाध्यक्ष बालकिशन अग्रवाल, मंत्री यम सुनील कुमार, सहमंत्री रवीन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शेष कुमार गोयल उपस्थित रहे। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य टी. सुनील कुमार, अनिल शर्मा, अचल गुप्ता, धीरज अग्रवाल, पंकज कुमार मित्तल, पुरुषोत्तम असावा, चेतन प्रकाश, शैलेष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, विजय कुमार, कमल पटवारी, विनय जैन सहित बड़ी संख्या में एसोसिएशन के सदस्यगण उपस्थित थे।

# सनातन की पहचान है हमारे पर्व: जगतनारायण अग्रवाल



**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सनातन धर्म में हर पर्व की, हर उत्सव की एक अलग ही महिमा है आज बिहार और झारखंड के अलावा पूरे देश में छठ का महापर्व मनाया जा रहा है,यह सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम है, यही हमारी पहचान है उक्त विचार राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के संयोजक जगत नारायण अग्रवाल ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि त्योहार आपस में जोड़ने का काम कर रहे हैं और करते आये हैं। आज पूरे भारत में छठ महोत्सव मनाया जा रहा है हम भी गर्व के साथ इस उत्सव में शामिल है। बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने नियमित अन्नदान कार्यक्रम में छठ पूजा के अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि त्योहार एक दूसरे की भावना और जुडने का भाव पैदा करते हैं। हमें हर त्यौहार जोडता है।इस अवसर पर जगतनारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, गोविंद राम पचेरिया, राजेश सर योगा, विनोद तोषनीवाल, विशाल अग्रवाल, लता गोयल, शर्मिला अग्रवाल, मीना अग्रवाल, अरुण विजयवर्गीय, नीलम विजयवर्गीय, कृष्ण पाल आशीष आदि सदस्य उपस्थित थे।

# अग्रवाल समाज सिकंदराबाद नॉर्थ शाखा का दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज सिकंदराबाद नॉर्थ शाखा द्वारा भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन टी-19 टॉवर स्थित आला लिबर्टी के अनंता हॉल में उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ।शाखा के मानद मंत्री अशोक आर. डाणी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात् गणेश वंदना से समारोह का मंगलारंभ किया गया।शाखा अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल ने सभी अग्रबंधुओं एवं अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता ने अपने संबोधन में समाज के विस्तार और अधिकाधिक सदस्यता की आवश्यकता पर बल दिया तथा समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। समारोह को समाज के पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रमुख पदाधिकारियों - अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता, उपाध्यक्ष रूपेश अग्रवाल, मानद मंत्री विकास केशान, संयुक्त मंत्री डॉ. सीमा जैन, कोषाध्यक्ष अचल गुप्ता एवं पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल - का शाल व पौधा देकर संयोजक मंडल द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक आर. डाणी ने किया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का एंकरिंग हर्षदा कास्ट ने की। बलून गेम, कपल ग्रुप डांस, हुक स्टेप डांस, बेस्ट ड्रेस कपल, बेस्ट डांस कपल, किड्स बेस्ट ड्रेस, सरप्राइज गिफ्ट सहित कई मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। विजेताओं को संयोजक डॉ. स्वाति गोयल एवं शीतल अग्रवाल ने पुरस्कार प्रदान किए।

समारोह में वर्ष भर शाखा द्वारा आयोजित प्रमुख आयोजनों के संयोजकों को भी सम्मानित किया गया - 'सावन की सैर' के संयोजक विकास अग्रवाल, सुनील केजरीवाल, पंचम शाह, बिकी सराफ एवं शीतल अग्रवाल; 'कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव' के संयोजक बिकी सराफ, गोपाल चांदगोठिया, सुनील सिंघल; 'जन्माष्टमी सांस्कृतिक कार्यक्रम' के संयोजक बिना चांदगोठिया, दीप्ति अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, शिल्पा धानुका; 'डिज़ाइन योर लाइफ सेमिनार' के संयोजक बिकी सराफ तथा 'दीपावली मिलन समारोह' के संयोजक डॉ. स्वाति गोयल, शीतल अग्रवाल, सुनील केजरीवाल, सुनील सिंघल, मुकुल जैन एवं दीपक बंसल रहे। स्टेज संचालन में प्रणील बंसल एवं प्राची गोयनका का विशेष योगदान रहा।

400 से अधिक सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। लाइव बैंड चाय पानी की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे माहौल को आनंदमय बना दिया। विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल और रात्रि भोजन का सभी ने भरपूर आनंद लिया। प्रत्येक परिवार को दीपावली उपहार एवं फोटो मैग्नेट फ्रेम भेंटस्वरूप प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महालक्ष्मीजी की भव्य महाआरती रही, जिसमें सभी सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। अंत में उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने सभी अतिथियों, संयोजकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल, मानद मंत्री अशोक आर. डाणी, संयुक्त मंत्री संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बिकी सराफ, सलाहकार पुरुषोत्तम अग्रवाल, गोपाल चांदगोठिया, केंद्रीय समिति सदस्य विकास केशान, संजय गुप्ता सहित कार्यकारिणी सदस्य डॉ. स्वाति गोयल, शीतल अग्रवाल, सुनील सिंघल, मुकुल जैन, दीपक बंसल, सुनील केजरीवाल, विकास सराफ, विकास हिसारिया, मनीष तालुका, पंचम शाह एवं तरसम अग्रवाल उपस्थित रहे और अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

समारोह हंसी, उत्साह और पारिवारिक सौहार्द से ओत-प्रोत रहा, जिसने समाज की एकता और बंधुत्व की भावना को और मजबूत किया।

# 24वां जिला स्तरीय सीरवी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी बैठक आयोजित



**हैदराबाद, 26 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सीरवी समाज जागृति संस्था, पाली-मारवाड़ की 24वीं जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी बैठक अध्यक्ष श्री पुखराज बरपा की अध्यक्षता में रानी में आयोजित की गई। बैठक में समाज के कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की।बैठक में निर्णय लिया गया कि दिसंबर माह में आयोजित होने वाले समारोह में समाज की निम्नलिखित प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा -वे विद्यार्थी जिन्होंने इस वर्ष 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 80% अंक प्राप्त किए हैं या स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षा में न्यूनतम 70% अंक हासिल किए हैं।वे प्रतिभाशाली विद्यार्थी जो शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में नीट, आईआईटी, जेईई, आईएएस, आरएएस, नेट, सीए एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हुए हैं।समाज के वे सदस्य जिन्हें इस वर्ष सरकारी सेवा में नई नियुक्ति मिली है।वे खिलाड़ी जिन्होंने राज्य या राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया है।

इच्छुक प्रतिभावान विद्यार्थी अपनी मार्कशीट की फोटोकॉपी 5 दिसंबर 2025 तक संस्था के प्रधान कार्यालय, जवाली में जमा करा सकते हैं या संस्था द्वारा जारी गूगल फॉर्म भरकर आवेदन दे सकते हैं।प्रतिभा सम्मान समारोह इस वर्ष श्री अनदाराम जी सीरवी (संस्थापक, मेडिकल अकादमी जोधपुर तथा डीपीएस स्कूल पाली) के सौजन्य से डीपीएस स्कूल पाली में आयोजित किया जाएगा।बैठक में उम्मेदराम बुसी, हरिकृष्ण जवाली, पोमाराम गुड़ापृथ्वीराज, दलाराम खूनी का गुड़ा, राजाराम बाली, लकमाराम चौधरी बढौद, मानाराम बाली, जसाराम बाली, सूजाराम रानीगांव, बुधाराम निपल, जसाराम रमणिया, भीकाराम बिजोवा, पोमाराम फतापुरा, जीवराज बिजोवा, महेंद्र बिजोवा, अमराराम बिजोवा, ताराराम माताजीवाड़ा सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

**IN THE COURT OF I SENIOR CIVIL JUDGE CITY CIVIL COURT, AT: HYDERABAD**
**S.O.P.NO. 119 OF 2025**
1) S. Jasvanth Kour, W/o. Late Sardar Jasbeer Singh, aged 48 years, Occ: Advocate,
2) S. Harminder Kour, W/o. Gurmel Singh, D/o. Late Sardar Jasbeer Singh, aged 25 years, Occ: Pvt. Employee,
3) S. Navjyoth Singh, S/o. Late Sardar Jasbeer Singh, aged 19 years, Occ: Student,
Rep by natural Guardian Mother S.Jasvanth Kour
All are R/0.7-1-302/62, Dasaram Basthi, B.K. Guda, SR Nagar, Hyderabad.
...Petitioners
AND
1) All Concerned
2) The Branch Manager, Bank of Maharashtra, Vinoothna Pitties Majesty, Gopal Bagh, Near Bank Street, Koti, Hyderabad.
...Respondents
To,
All concerned
Whereas the above named Petitioners have filed a petition for succession on the file of I senior civil judge City Civil Courts, Hyderabad vide SOP No 119 of 2025, and the said case is posted on 16.12.2025 for appearance, if anybody is interested in the above said matter are hereby required to appear personally or duly authorized by there agent or counsel on the said date before the said court. Otherwise the matter will be decided as per law.
(BY ORDER OF THE COURT)
**P. Pallavi Advocate**
O/o H.No.2-4-359,
Kachiguda, Hyderabad-27
Ph: 9848921227

## शेयर मार्केट



बीएसई : 84,628.16
-150.68 -0.18% ↓
एनएसई :25,936.20
-29.85 (-0.11%) ↓

# भावरत्ना श्रीजी मसा ने दिया आशीर्वाद, जैन समाज के श्रद्धालु हुए लाभान्वित





**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ मूर्तिपूजक जैन संघ, सिकंदराबाद में विराजमान प. पू. सुलसा श्रीजी म. सा. के शिष्यरत्न प. पू. भावरत्ना श्रीजी म. सा. आदि ठाणा-8 ने मंगलवार को रसूलपुरा स्थित जैन रत्न रमेश पी. तातेड़ (निवासी - सिरोही) के तातेड़ निवास पर पधारकर धार्मिक प्रवचन और आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य - पुष्प तातेड़, रितेश तातेड़, पूनम तातेड़, तपन तातेड़, रीना तातेड़ सहित सुधीर भाई कोठारी, सरिताबेन सिंघवी, रोहिणीबेन भंडारी, सतीश सिंघवी, निखिल बागरेचा, ललित जैन, उषा सिंघवी, पूजा बागरेचा, कमलाबेन, आशाबेन श्रीमाल, हेतल मेहता, पायल मेहता, कोमल बाफना, हिया, जिन्नय, इतांश और हरिथ सहित अनेकों श्रद्धालु उपस्थित थे।

प. पू. भावरत्ना श्रीजी म. सा. ने उपस्थित सभी भक्तों को गोचरी और मांगलिक का लाभ प्रदान किया तथा धर्म, संयम और सदाचार पर प्रेरणादायक उपदेश दिए। वातावरण भक्ति और अध्यात्म से सरोबार रहा।





चिक्कड़पल्ली स्थित त्यागरायगान सभा में साहित्यरत्न चिक्का रामादासु मेमोरियल फाउण्डेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लव फॉर काऊ के ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार को गौमाता सेवारत्न अवार्ड-2025 तथा समाजसेवी तरुण महता को बेस्ट सोशियल सर्विस अवार्ड से सम्मानित करते हुए तेलंगाना के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मधुसूदनचारी, बिंगी नरेंद्र गौड़, चिक्का रविकिरण, डॉ. चिक्का देवदासु, चिक्का शंकर एवं अन्य।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, PRIYANSU SINGH, Son of Mr RAM VILAS YADAV resident of Vill-Mangrouli, Post-Tikadeori, Teh-Rasara, Dist- Ballia, State-Uttar Pradesh, Pin Code-221701, India, have changed my name from PRIYANSU SINGH to PRIYANSHU SINGH vide affidavit dated. 10'th September-2025, before 1st Class Magistrate, High Court of Telagana State, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Army No. 6945054P Hav M SUDARSHAN RAJU, R/o. 19 FAD Banar, Dist:Jodhpur, C/o.56 APO that my Daughter name is to be changed from MODI LAASYA to MODI LASYA.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Army No. 6945054P Hav M SUDARSHAN RAJU, R/o. 19 FAD Banar, Dist:-Jodhpur, C/o.56 APO that my mother name and DOB is to be changed from M MAHALAXMI, DOB:20-05-1957 to MODI MAHALAKSHMAMMA, DOB:01-09-1953

**CHANGE OF NAME**
I, SOBHANA K Mother of Service No. 16124869Y SPR VIPIN P, Resident of Panangadan House, Mudavankodi, P.O:Karad, Wandoor, P.O:Vaniyambalam, Dist:Malappuram, Kerala:679339 have changed my name from SOBHA K to SOBHANA K vide affidavit dt:28-10-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, SASANKA SEKHAR MAHAT, is legally dependent Father of Service No. 14649942N, Rank: HAV, Name: SUKUMAR MAHATAL, Unit: 2 Trg Bn, 1 EME Center, Secunderabad, residing at Vill: KHAGDA, PO: KHAGDA BRIGRARR, Teh:TAMLAK, Dist: PURBA MEDINIPUR, State: WEST BENGAL, Pin: 721633, I have Changed my name from SASANKA SEKHAR MAHAT to SASANKA SEKHAR MAHATAL, My Date of Birth is 01-01-1960 Affidavit Singed by Advocate and Notary P DAYAVATHI, LLM date 28/10/2025

**CHANGE OF NAME**
I, GORI BALA MAHATAL, is legally dependent Mother of Service No. 14649942N, Rank: HAV, Name: SUKUMAR MAHATAL, Unit: 2 Trg Bn, 1 EME Center, Secunderabad, residing at Vill: KHAGDA, PO: KHAGDA BRIGRARR, Teh: TAMLAK, Dist: PURBA MEDINIPUR, State: WEST BENGAL, Pin:721633, I have Changed my name from GORI BALA MAHATAL to GOURIBALA MAHATAL, My Date of Birth is 01-01-1965, Affidavit Singed by advocate and Notary P DAYAVATHI, LLM date 28/10/2025

# विधायक बीरला ऐलैया पर अनियमितताओं का आरोप, कार्रवाई की मांग



यादगिरिगुट्टा, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। टीआरएस पार्टी मंडल अध्यक्ष कर्रे वेंकटैया और शीर्ष नेताओं ने अलेरू विधायक बीरला ऐलैया पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पार्टी नेताओं ने यादगिरिगुट्टा नगर पुलिस आयुक्त भास्कर से मुलाकात कर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई।

कर्रे वेंकटैया ने बताया कि विधायक बीरला ऐलैया ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए किसानों की जमीनें अवैध रूप से बेचकर वेंचरों के नाम पर धोखाधड़ी की है। आरोप है कि मसाईपेट गांव (सैदापुरम) में सर्वे नंबर 726 की लगभग 15 एकड़ जमीन स्पेक्ट्रा वेंचर के नाम पर बेची गई, परंतु किसी प्रकार का विकास कार्य नहीं किया गया और ग्राहकों को भूखंड नहीं मिले।

उन्होंने बताया कि चल्लूर गांव (राजपेट मंडल) में सर्वे नंबर 322 की करीब 600 एकड़ सीलिंग भूमि बिना दस्तावेज के विधायक के नाम पर दर्ज की गई। इसके अलावा, तुर्कपल्ली क्षेत्र में करीब 100 एकड़ भूमि अवैध रूप से अपने कब्जे में लेकर लगभग 200 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति अर्जित करने का आरोप भी लगाया गया।

वे मामले की गहन जांच की मांग कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक के पास उप्पल चेरूकट्टा, नागोले और बंजारा हिल्स में करोड़ों की संपत्तियाँ हैं, जिनकी खरीद पर भी जांच आवश्यक है। उनके खिलाफ सार्वजनिक परियोजनाओं जैसे सांबर हिल पार्किंग स्थल और चेरुवु एलीपाडु मिट्टी ठेका कार्य में वित्तीय गड़बड़ी कर लगभग 50 करोड़ रुपये गबन करने के आरोप हैं।

कार्यक्रम में पीएससीएस के अध्यक्ष इम्मादी राम रेड्डी, बीआरएस नेता मिट्टा वेंकटैया, कासवु श्रीनिवास, नगर महासचिव पापतला नरहरि, पेरू पॉइंट सत्यनारायण, कोन्याला नरसिम्हा रेड्डी, अशोक सहित कई पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हनुमान मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर सामूहिक सत्यनारायण पूजा का आयोजन



मदनूर, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। मदनूर मंडल श्री मारुती मंदिर सलाबतपुर (मिर्जापुर) के अध्यक्ष राम पाटील एवं सचिव श्रीधर ने बताया कि 5 नवंबर 2025 को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर परिसर में सामूहिक श्री सत्यनारायण व्रत पूजा का आयोजन किया जाएगा। यह पूजा विश्वावसु नाम संवत्सरे म.क.स. 1947 की पूर्णिमा तिथि को प्रातः 11:30 बजे विधि-विधानपूर्वक पुरोहित के मंत्र उपचार के साथ संपन्न होगा।

भक्तजनों से आग्रह है कि वे इस पुण्य समारोह में भाग लेकर अपना नाम देवदाय शाखा में पंजीकृत कराएं अथवा दूरभाष से संपर्क करें। पूजा का सम्पूर्ण खर्च मंदिर वहन करेगा, लेकिन प्रत्येक यजमान को 500/- रुपये की राशि भुगतान कर रसीद प्राप्त करनी होगी। पूजा के पश्चात महाप्रसाद भी वितरित किया जाएगा। अधिक संख्या में उपस्थित होकर जीवन को सार्थक बनाने की विनती की गई है।

# किताबें पढ़ने से ज्ञान का विस्तार होता है : श्रीनिवास नायडू



यादगिरिगुट्टा, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। यादगिरिगुट्टा के सहायक पुलिस आयुक्त श्रीनिवास नायडू ने कहा कि किताबें व्यक्ति के ज्ञान का विस्तार करती हैं और समाज में नई सोच को प्रोत्साहित करती हैं।

वे मंगलवार को नव चेतना मोबाइल बुकस्टोर के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नव चेतना ज्ञान केंद्र द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों तक शैक्षणिक, सामाजिक, तकनीकी और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों को पहुँचाने का कार्य सराहनीय है। यह पहल छात्रों और परिवारों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देगी।

कार्यक्रम में टाउन सीआई भास्कर, सीपीआई राज्य परिषद सदस्य गोदा श्रीरामुलु, जिला सदस्य बंदी जंगम्मा, नगर सचिव बब्बुरी श्रीधर, कल्लेम कृष्णा, पेराबोयना महेंदर, तथा अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नेता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सरकार किसानों से किए वादों पर खरी नहीं उतरी!

## – पाँच महीने बाद भी बोनस बकाया



मंचेरियाल, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादे, जिसमें किसानों को समर्थन मूल्य के साथ प्रति क्विंटल 500 रुपये बोनस देने की घोषणा की गई थी, को निभाने में विफल रही है। रबी सीजन (2024-25) की फसल बेचने वाले हजारों किसानों को अब तक बोनस राशि नहीं मिली है।

मंचेरियाल जिले में रबी सीजन के दौरान 34,004 किसानों ने 1,97,590 मीट्रिक टन अनाज सरकारी केंद्रों पर बेचा, जबकि 1,041 किसानों ने 6,925 मीट्रिक टन बारीक धान बेचा। इसी तरह निर्मल जिले में 42,032 किसानों ने 1.80 लाख मीट्रिक टन धान बेचा, जबकि आसिफाबाद में 2,611 किसानों ने 11,390 मीट्रिक टन अनाज बेचा। हालांकि सभी किसानों को समर्थन मूल्य की राशि मिल चुकी है, परंतु बारीक धान पर वादा किया गया 500 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस अब तक लंबित है।जिलेवार बकाया आंकड़े के अनुसार, मंचेरियाल में 3.46 करोड़ रुपये, निर्मल में 12.81 करोड़ रुपये और आसिफाबाद में 2.9 करोड़ रुपये मिलाकर संयुक्त आदिलाबाद जिले के किसानों पर कुल मिलाकर 19.17 करोड़ रुपये का भुगतान बाकी है। किसानों ने बताया कि रबी सीजन समाप्त हुए पाँच महीने हो चुके हैं और अभी तक बोनस उनके खातों में नहीं आया है।

किसानों का आरोप है कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के बाद भी किसानों से किए अपने वादे पूरे नहीं कर रही है। न तो 100 प्रतिशत कर्जमाफी हुई है, न ही यूरिया समय पर मिल रहा है। कई किसान घंटों लाइनों में लगने और केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि पूर्व सरकार में जहाँ फसल बेचने के एक सप्ताह में पैसा मिल जाता था, वहीं अब महीनों इंतज़ार करना पड़ रहा है।

सिद्धपुर क्षेत्र के एक किसान ने बताया कि उसने साढ़े तीन एकड़ में धान की खेती की और 75 क्विंटल धान सरकारी केंद्र में बेचा, लेकिन बोनस का भुगतान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वादों पर विश्वास करने वाले किसान अब खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं और सरकार की नीतियों से परेशान हैं।

# यदागिरिगुट्टा मंदिर में नारियल विक्रेताओं की मनमानी, श्रद्धालु परेशान!



यदागिरिगुट्टा, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। तेलंगाना के प्रसिद्ध श्री लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर, यादगिरिगुट्टा में कार्तिक माह के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ का फायदा उठाकर दुकानदार मनमाने दाम वसूल रहे हैं। भक्तों से मुट्ठी भर तुलसी के साथ एक नारियल 100 रुपये तक में बेचा जा रहा है, जिससे भक्त नाराज हैं।

सूत्रों के अनुसार, मंदिर परिसर और पहाड़ी के नीचे बिना अनुमति के कई निजी व्यापारी नारियल बेच रहे हैं। भक्तों का कहना है कि मंदिर प्रशासन को अनुमति के बिना दुकानें संचालित करने वाले व्यक्तियों पर रोक लगानी चाहिए और उचित मूल्य पर नारियल उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

पूर्व ईओ भास्कर राव के कार्यकाल में मंदिर परिसर में नारियल दुकानों के लिए निर्धारित मूल्य सूची वाले बोर्ड लगाए गए थे, जिनमें दो नारियल 80 रुपये में दिए जाते थे। लेकिन वर्तमान ईओ वेंकट राव के कार्यभार संभालने के बाद इन बोर्डों को हटा दिया गया है, जिससे व्यापारी मनमाने दाम वसूल रहे हैं।

भक्तों ने आरोप लगाया कि कुछ व्यापार संघ के सदस्य और मंदिर अधिकारी आपसी मिलीभगत से श्रद्धालुओं को ठग रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि मूल्य निर्धारण और नियमन के लिए तत्काल कदम उठाए जाएँ और उचित मूल्य पर नारियल व तुलसी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि भक्तों पर आर्थिक बोझ न पड़े।

# स्कूल में छात्राओं से दुर्व्यवहार मामला प्रधानाध्यापक और अटेंडेंट निलंबित

मंचेरियाल, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। गंगाधर मंडल के कुरिकयाला स्थित जिला परिषद हाई स्कूल (जेडपीएचएस) में छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार के मामले ने गंभीर स्वरूप ले लिया है। जांच में लापरवाही पाए जाने पर स्कूल की प्रधानाध्यापक टी. कमला और अटेंडेंट याकूब पाशा को निलंबित कर दिया गया है।जिला कलेक्टर पामेला सत्पथी ने ग्रेड-2 राजपत्रित प्रधानाध्यापक टी. कमला को कर्तव्य में लापरवाही और अधीनस्थ के कदाचार को छिपाने के आरोप में निलंबित करने के आदेश जारी किए। घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने तीन सदस्यीय समिति गठित की थी, जिसने पाया कि प्रधानाध्यापक ने स्कूल स्टाफ को मामले को छिपाने का निर्देश दिया और उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट नहीं की।वहीं, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. श्रीनिवास ने छात्राओं से दुर्व्यवहार के आरोप में अटेंडेंट याकूब पाशा को निलंबित करने का आदेश जारी किया। पुलिस पहले ही आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है।घटना के बाद अभिभावक, स्थानीय निवासी और राजनीतिक नेता स्कूल परिसर में इकट्ठा हुए और याकूब पाशा को स्थायी रूप से नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की। बीआरएस नेता एवं पूर्व विधायक सुनके रविशंकर ने भी आरोपी को सरकारी सेवा से हटाने की मांग की।

# कोडपगल में पारंपरिक गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम सम्पन्न



मदनूर, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। जुक्कल विधायक थोटा लक्ष्मी कांताराव ने पेद्दा कोडपगल मंडल केंद्र में आयोजित पोषण मास महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं के लिए पारंपरिक गोद भराई की रस्म आयोजित की गई, जिसमें उन्हें साड़ी, चूड़ियाँ, फूल और फल भेंट किए गए।

साथ ही नवजात शिशुओं के लिए अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न हुआ।विधायक लक्ष्मी कांताराव ने कहा कि पौष्टिक आहार से ही स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए माँ का पोषण सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि स्वस्थ माँ से ही स्वस्थ शिशु का जन्म होता है। उन्होंने बच्चों, गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं तथा किशोरियों में पोषण जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम में मदनूर आंगनवाड़ी परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी सेविकाएं एवं कांग्रेस पार्टी के स्थानीय नेता उपस्थित रहे।

# बालाजी सिरसाट को संभाजी ब्रिगेड का जिला सचिव चुना गया





किनवट, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। सरकारी रेस्ट हाउस में संभाजी ब्रिगेड की एक बैठक हुई और इस बैठक में बालाजी सिरसाट को संभाजी ब्रिगेड का जिला सचिव चुना गया। नांदेड़ जिला और तालुका पदाधिकारियों के चयन और जिला परिषद, पंचायत समिति, नगर पालिका, नगर निगम के लिए इच्छुक उम्मीदवारों के साक्षात्कार के संबंध में बैठक संपन्न हुई। यह सरकारी विश्राम गृह में संभाजी ब्रिगेड संपर्क गजानन भोयर, मंडल अध्यक्ष संकेत पाटिल, लोकसभा अध्यक्ष परमेश्वर पाटिल, जिला अध्यक्ष सुभाषराव कोल्हे, जिला अध्यक्ष कमलेश कदम, जेजेराव शिंदे की प्रमुख उपस्थिति में हुई। इस बैठक में बालाजी सिरसाट को संभाजी ब्रिगेड का जिला सचिव चुना गया।उपस्थित गणमान्य लोगों ने उन्हें नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नांदेड़ जिला संभाजी ब्रिगेड के गढ़ के रूप में हमेशा चर्चा में रहता है। नांदेड़ जिले में ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र के कोने-कोने में संभाजी ब्रिगेड के हर काम में संगठन और पार्टी के प्रति निष्ठा रखने वाले एक साधारण कार्यकर्ता बालाजी सिरसाट को नांदेड़ जिले का जिला सचिव चुना गया।

# दिव्यांगता निदान केंद्रों पर सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ : कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे



आसिफाबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने निर्देश दिया कि दिव्यांगता निदान केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ उपलब्ध कराई जाएँ ताकि दिव्यांगजन बिना किसी कठिनाई के अपनी जांच व औपचारिकताएँ पूरी कर सकें।मंगलवार को उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल में स्थापित दिव्यांगता निदान केंद्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने बताया कि दिव्यांग पेंशनभोगियों की बहाली और नई पेंशन के लिए पात्र व्यक्तियों को विशेष पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी।

# भूमि विवाद से रुका एनएच-63 राजमार्ग विस्तार कार्य!



मंचेरियाल, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। निजामाबाद से जगदलपुर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-63 का विस्तार कार्य भूमि विवाद के कारण ठप पड़ गया है। भारतमाला परियोजना के तहत 2016 में मंजूर किए गए इस छह-लेन ग्रीनफील्ड राजमार्ग की कुल लंबाई 132 किलोमीटर और लागत लगभग 3,000 करोड़ रुपये है। परियोजना के लिए मंचेरियाल जिले के 17 गांवों में करीब 1,527 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए चिन्हित की गई थी।योजना में गोदावरी नदी पर मौजूदा पुल के समानांतर एक उच्च स्तरीय नया पुल और गुडेम-मुल्कल्ला के बीच बाईपास सड़क का निर्माण शामिल है। हालांकि, लक्सेटीपेट और दांडेपल्ली मंडलों के गुडेम, गम्पालपल्ली, थिम्मापुर और पोथेपल्ली गांवों से जुड़ी भूमि पर किसानों ने विरोध जताया और उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। किसानों का कहना है कि इस बाईपास से उनकी आजीविका प्रभावित होगी, जबकि उन्होंने पहले ही श्रीपदा-येल्लमपल्ली सिंचाई परियोजना के लिए भूमि दी थी।

विरोध के बाद एनएचएआई ने गुडेम-मंचेरियाल बाईपास के सरेखण में संशोधन किया और नई योजना में गुडेम से मुल्कल्ला तक मौजूदा सड़क के साथ-साथ राजमार्ग विस्तार का प्रस्ताव दिया। लेकिन स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने भी नये सरेखण पर आपत्ति जताई और फिर से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए एनएचएआई को आगे का कार्य रोकने का निर्देश दिया है।

एनएचएआई परियोजना निदेशक अजय मणि कुमार ने बताया कि 27 किलोमीटर लंबे लक्सेटीपेट मंडल क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण पर आपत्तियाँ दर्ज हुई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल समिति को प्रस्ताव सौंपा जा चुका है और मंजूरी मिलते ही कार्य पुनः शुरू किया जाएगा। उन्हें उम्मीद है कि उच्च न्यायालय नवीनतम सरेखण के पक्ष में निर्णय देगा जिससे परियोजना फिर से गति पकड़ सकेगी।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती को ऐतिहासिक रूप से मनाएंगे : वेंकटेश्वर गौड़



मंचेरियाल, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। भाजपा जिला अध्यक्ष नागुरी वेंकटेश्वर गौड़ ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह को भव्य और सफल बनाना हर भारतीय का कर्तव्य है। उन्होंने यह बात मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित तैयारी बैठक में कही, जिसमें उन्होंने प्रमुख अतिथि के रूप में भाग लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक निर्धारित सभी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से सहभागिता करें और समारोह को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर को जिला केंद्र में आयोजित रैली में सभी युवाओं को शामिल होना चाहिए, चाहे वे किसी भी विचारधारा या पार्टी से जुड़े हों।

# संयुक्त कलेक्टर ने जिनिंग मिल और चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



मदनूर, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। कामारेड्डी जिले के संयुक्त कलेक्टर ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कृष्णा फाइबर जिनिंग मिल और स्थानीय चेक पोस्ट का निरीक्षण किया।

तहसीलदार एम.डी. मुजीब ने जानकारी दी कि निरीक्षण के दौरान कृषि बाजार समिति के सचिव कुमार, सीसीआई अधिकारी पन्नालाल और जिनिंग मिल के मालिक राजेश सेठ काकाणी मौजूद थे। कलेक्टर ने जिनिंग मिल में पानी, श्रमिक, विद्युत, जेनरेटर तथा मशीनों की स्थिति की जानकारी ली और सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने यह भी बताया कि सीसीआई द्वारा कपास की खरीदी शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी।

कलेक्टर ने मिल परिसर में कपास जिनिंग मशीन का संचालन भी देखा और आवश्यक व्यवस्थाओं पर अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने स्थानीय चेक पोस्ट का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि तेलंगाना सरकार द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है, ऐसे में अन्य राज्यों से आने वाले धान वाहनों पर सख्त निगरानी रखते हुए प्रतिबंध लागू किया जाए।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने लंबित बिलों के भुगतान की मांग तेज की



मंचेरियाल, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सरकार से लंबित भुगतान तुरंत जारी करने की मांग की है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पिछले आठ महीनों से किराया और अन्य व्यय की राशि उन्हें नहीं दी गई, जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं।राज्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका संघ की उपाध्यक्ष गोन रानी ने बताया कि निजी भवनों में चल रहे कई आंगनवाड़ी केंद्रों का किराया कार्यकर्ताओं को अपनी जेब से देना पड़ रहा है, जो हर महीने 2,000 से 3,000 रुपये तक पहुँच जाता है।

इसके अलावा हाल ही में आयोजित 'पोषण वाटिका' प्रशिक्षण के लिए यात्रा और महंगाई भत्ता भी अब तक नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि गोद भराई, अन्नप्राशन और अक्षराभ्यास जैसे कार्यक्रमों पर खर्च की गई राशि पिछले दो वर्षों से बकाया है। आरोग्य लक्ष्मी योजना से संबंधित बिल, जिसमें गर्भवती महिलाओं और बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है, और एलपीजी सिलेंडर की खरीद पर हुआ खर्च, भी पाँच महीने से अटका है।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि 13,500 रुपये मासिक वेतन में से उन्हें केंद्र संचालन पर लगभग 6,000 रुपये खर्च करने पड़ते हैं, जिससे बाद घर चलाना कठिन हो जाता है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि धनराशि उपलब्ध होने पर भुगतान किया जाएगा।

उन्होंने यह भी शिकायत की कि विधानसभा चुनावों में बूथ लेवल ऑफिसर और हाल ही में हुए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में की गई सेवाओं के लिए निर्धारित 10,000 रुपये की राशि भी अब तक नहीं मिली। गोन रानी ने दो वर्ष पूर्व हड़ताल के दौरान किए गए वादे की याद दिलाते हुए कहा कि सरकार को तत्काल वित्तीय राहत प्रदान कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की परेशानी दूर करनी चाहिए।

# रेवंत रेड्डी ने तुम्मीदिहट्टी से सुंडीला तक 80 टीएमसी पानी लाने की योजना तैयार करने का निर्देश दिया



हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने आज सिंचाई विभाग के शीर्ष अधिकारियों को तुम्मीदिहट्टी से सुंडीला तक 80 टीएमसी पानी लाने की योजना तैयार करने और क्षतिग्रस्त सुंडीला बैराज की मरम्मत के लिए अनुमान (एस्टीमेशन) को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया।

सुंडीला बैराज की मरम्मत का कार्य वर्तमान में श्रीपादा येल्लम्पल्ली परियोजना तक पानी लाने के लिए किया जा रहा है।

राज्य की सिंचाई परियोजनाओं की एक उच्च-स्तरीय समीक्षा के दौरान, रेवंत रेड्डी ने सुंडीला बैराज के क्षति की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को पूर्ववर्ती आदिलाबाद जिले को सिंचाई और पेयजल आपूर्ति के लिए योजनाएँ तैयार करने का भी आदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि मरम्मत के लिए अनुमान पुराने कार्यों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जाने चाहिए।

मेडिगड्डा, सुंडीला और अन्नाराम बैराज की स्थिति की समीक्षा करते हुए, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को रचनात्मक मरम्मत योजनाएँ तैयार करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ठेका एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराया जाए।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल द्वारा राज्य सरकार को भेजे गए हालिया पत्र की सामग्री की भी समीक्षा की।

रेवंत रेड्डी ने विस्तृत, परियोजना-वार विश्लेषण रिपोर्ट तैयार करने सहित कई सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह परियोजना-वार पूर्ण रिपोर्ट के आधार पर उठाए जा रहे अगले कदमों पर नवंबर के दूसरे सप्ताह में एक और समीक्षा बैठक करेंगे।

## तेलुगु फिल्म उद्योग को 'तेलंगाना राइजिंग 2047' विजन डॉक्यूमेंट में मिलेगी विशेष जगह : रेवंत रेड्डी

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो) - तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घोषणा की कि तेलुगु फिल्म उद्योग को आगामी 'तेलंगाना राइजिंग 2047' विजन डॉक्यूमेंट में एक विशेष अध्याय के रूप में शामिल किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य हैदराबाद को सिनेमा निर्माण और मनोरंजन उद्योग का वैश्विक केंद्र बनाना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार फिल्म उद्योग को आईटी और फार्मा सेक्टर की तरह ही प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में विकसित करेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सिनेमा उद्योग को प्रोत्साहन के लिए आवश्यक सभी नीतिगत व संरचनात्मक सुधार किए जाएंगे।

हैदराबाद में फिल्म निर्माताओं और तकनीकी कर्मियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बताया कि सरकार जल्द ही हॉलीवुड के साथ सहयोग बढ़ाकर विश्व स्तरीय फिल्म प्रोडक्शन को हैदराबाद में आकर्षित करने की दिशा में ठोस कदम उठाएगी। उन्होंने कहा, मैं स्वयं हॉलीवुड को हैदराबाद लाने की जिम्मेदारी लेता हूं। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हैदराबाद की पहचान एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के रूप में स्थापित हो।

मुख्यमंत्री ने तेलुगु फिल्म कर्मियों के अद्भुत योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने घोषणा की कि फिल्म श्रमिक कल्याण कोष के लिए 10 करोड़ रुपये का आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा, उनके बच्चों के लिए नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक शिक्षा प्रदान करने वाला एक उच्च-गुणवत्ता वाला कॉर्पोरेट-स्तरीय विद्यालय स्थापित किया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार फिल्म उद्योग के बुनियादी ढांचे, स्टूडियो सुविधाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाने के लिए एक व्यापक नीति तैयार कर रही है, जिससे तेलंगाना मनोरंजन उद्योग का नया ग्लोबल हब बन सके।

## गवेषणा श्री जी के सान्निध्य में ज्ञानशाला प्रशिक्षक रिफ्रेशर कोर्स का शुभारंभ



**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी सुशिष्या डॉ. गवेषणा श्री जी आदि ठाणा-4 के पावन सानिध्य में महासभा ज्ञानशाला प्रकोष्ठ के निर्देशन में आंध्र प्रदेश-तेलंगाना स्तरीय ज्ञानशाला प्रशिक्षक रिफ्रेशर कोर्स का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर ज्ञानशाला राष्ट्रीय संयोजक सोहनराज जी चौपड़ा, राष्ट्रीय परीक्षा व्यवस्थापक सुरेंद्र लुनिया, पाठ्यक्रम संयोजक रत्ना कोठारी, सिकंदराबाद सभा अध्यक्ष सुशील संचेती, मंत्री हेमंत संचेती सहित ज्ञानशाला आंचलिक संयोजक, सह संयोजक, क्षेत्रीय संयोजक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तेलंगाना में प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए हर निर्वाचन क्षेत्र में अंबेडकर ज्ञान केंद्र स्थापित होंगे : भट्टी विक्रमार्क.

हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा प्रणाली को पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए अब अंबेडकर ज्ञान केंद्रों की स्थापना की जा रही है।मधिरा स्थित अपने कैंप कार्यालय में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की विशेष प्राथमिकता शिक्षा क्षेत्र पर है। इसी दिशा में अधिकारियों की टीमें राज्य भर में दौरा कर शिक्षा व्यवस्था का गहन आकलन कर रही हैं।

भट्टी विक्रमार्क ने घोषणा की कि ग्रामीण विद्यार्थियों को हैदराबाद जाकर कोचिंग लेने की आवश्यकता न पड़े, इसके लिए हर विधानसभा क्षेत्र स्तर पर अंबेडकर ज्ञान केंद्र शुरू किए जाएंगे।

ये केंद्र संपूर्ण अध्ययन सामग्री, डिजिटल पुस्तकालय और ऑनलाइन कोचिंग सुविधाओं से लैस होंगे।

## प्रकृति में आस्था का पर्व है छठ : रामप्रकाश अग्रवाल



**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** छठ पर्व प्रकृति, सूर्य और जल के प्रति आस्था और कृतज्ञता का प्रतीक है यह हमें स्वच्छता, संयम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है उक्त विचार राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के संयोजक रामप्रकाश अग्रवाल ने व्यक्त किये।

नामपल्ली पब्लिक गार्डन स्थित पिलर नंबर 1265 ए के पास जारी नियमित अन्नदान कार्यक्रम में छठ उत्सव पर श्री अग्रवाल ने छठ महापर्व के अवसर पर राधे राधे ग्रुप, हैदराबाद की ओर से समस्त श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

इस अवसर पर सतीश कुमार गुप्ता, रामप्रकाश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, रोहित अग्रवाल,सुमन अग्रवाल, महेश गुप्ता, सुशील गुप्ता,मनीष अग्रवाल, रवि शर्मा, गौरव गोयल, बरखा गोयल, कैलाश चंद केडिया,निर्मला केडिया,मनोज शर्मा सहित राधे-राधे ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## रक्तदान से बढ़ेगी मानवता की भावना : रश्मि पेरुमल



**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और इससे अनगिनत लोगों को नई जिंदगी मिलती है। इसी संदेश के साथ रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद सेंटिनियल, पुलिस आयुक्तालय नॉर्थ ज़ोन, सिकंदराबाद छावनी बोर्ड और सिकंदराबाद बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सिकंदराबाद स्थित पद्मशाली कल्याण मंडपम में भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीसीपी रश्मि पेरुमल (नॉर्थ ज़ोन) ने कहा कि रक्तदान एक पवित्र कार्य है और हर व्यक्ति को इसमें भाग लेकर समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। उन्होंने बताया कि हर वर्ष अस्पतालों में रक्त की कमी के कारण अनेक लोगों की जान चली जाती है, जबकि यदि प्रत्येक नागरिक वर्ष में कम से कम दो बार रक्तदान करे, तो अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं।

डीसीपी रश्मि पेरुमल ने रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों को जीवनदान दे सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद सेंटिनियल के अध्यक्ष चेतन रॉय, मंत्री पारस डोसी, कोषाध्यक्ष भानु प्रसाद, दिवाकर, पंकज कुमार सांघी, रामराज खत्री, गोविंद अग्रवाल, वैभव सिंघानिया, विजय सारथी, अनिल कौत्ता, वेंकटराम रेड्डी, अनिल दंडू, दीपक पित्ती, वेंकटेश्वरलू, संजय केडिया और अलका केडिया सहित बड़ी संख्या में रक्तदाता एवं संगठन सदस्य उपस्थित रहे।

## ब्रह्म प्रकाश डीएवी स्कूल की छात्रा डी. नित्याश्री को सेवा पर्व 2025 के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान



**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** देशभर में चल रहे सेवा पर्व 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत सालार जंग म्यूज़ियम, हैदराबाद ने सीसीआरटी के सहयोग से 22 सितंबर 2025 को विकसित भारत/मेरा भारत 2047 थीम पर एक दिवसीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में तीन श्रेणियाँ - स्कूल विद्यार्थी, कॉलेज विद्यार्थी और प्रोफेशनल आर्टिस्ट्स - शामिल थीं, जिनके माध्यम से भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति सृजनात्मकता और दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया।

इस प्रतियोगिता के वैलेडिक्टरी फ़ंक्शन का आयोजन 27 अक्टूबर 2025 को सालार जंग म्यूज़ियम के ऑडिटोरियम में हुआ।डी. नित्या श्री, ब्रह्म प्रकाश डी.ए.वी. स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर 10,000 का नकद पुरस्कार जीता तथा विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

तेलंगाना राज्य के 700 से अधिक प्रतिभागियों में डी. नित्या श्री की असाधारण सृजनात्मकता, कल्पनाशीलता और कलात्मक दृष्टि विशेष रूप से सराही गई। इस उपलब्धि में विद्यालय के कला शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं परिश्रम सराहनीय रहा।

विद्यालय की अध्यक्षा श्रीमती के. मधुबाला, सहायक क्षेत्रीय अधिकारिणी श्रीमती के. आनंदवल्ली, प्रधानाचार्य श्री वी.एस. प्रशांत, एल.एम.सी. (बी.डी.एल. एवं मिधानि) के सदस्यगण, शिक्षक एवं अभिभावकों ने डी. नित्या श्री को इस उल्लेखनीय सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

यह आयोजन विकसित भारत / मेरा भारत 2047 की थीम के अंतर्गत देश के नवोन्मेषी प्रतिभा-संपन्न कलाकारों को एक मंच प्रदान करने और उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति को सम्मानित करने का एक सराहनीय प्रयास रहा।

### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 1,22,990/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 1,48,370/- (प्रति किलोग्राम)

### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $27^0$

न्यूनतम : $23^0$

## करमनघाट हनुमान मंदिर में छठ पूजा का भव्य समापन

### -विधायक सुधीर रेड्डी ने उगते सूर्य को दिया अर्घ्य



**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उत्तर भारतीय नागरिक संघ द्वारा आयोजित चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ पूजा मंगलवार को करमनघाट हनुमान मंदिर में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा का समापन किया।

इस अवसर पर आज के मुख्य अतिथि, एलबी नगर के विधायक डी. सुधीर रेड्डी ने भी सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। उन्होंने उत्तर भारतीय लोगों को अपनी तरफ से हर संभव सहयोग के लिए आश्वासन दिया। विधायक साहब ने सूर्य भगवान की पूजा देखकर बहुत खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को शॉल द्वारा सम्मानित किया गया।

पूजा के समापन के बाद आए हुए सभी भक्तों को सूर्य भगवान का प्रसाद वितरित किया गया। आए हुए सभी भक्तगण ने उत्तर भारतीय नागरिक संघ द्वारा आयोजित छठ पूजा के बंदोबस्त के लिए सराहना की।

इस शुभ अवसर पर मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों को उत्तर भारतीय नागरिक संघ द्वारा धन्यवाद दिया गया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथियों में करमनघाट हनुमान मंदिर कमेटी के डायरेक्टर टी. किरण कुमार, के. संतोष कुमार, नरेश गुप्ता, एस. श्रीनिवास, एवं उत्तर भारतीय नागरिक संघ के चेयरमैन एनके सिंह, नंद किशोर सिंह, अमरजीत सिंह, नरेंद्र भगत, डीसी मिश्रा, टीएन तिवारी, सुभाष सिंह, आदित्य सिंह, आशुतोष सिंह, रोहन केसरी, राहुल कुमार, सूर्यांश सिंह, लक्षजीत सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## छठ महापर्व : आनंदबाग बतुकम्मा घाट पर दिखी अद्भुत रौनक



**हैदराबाद, 28 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंगलमय छठ महापर्व का समापन मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ हुआ। हैदराबाद के आनंदबाग स्थित बतुकम्मा घाट पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली, जहां भक्तों ने पूरी भक्ति और उत्साह के साथ सूर्य भगवान की आराधना की।

तेलंगाना बिहार सहयोग समिति की ओर से यह भव्य आयोजन समिति अध्यक्ष बिनय कुमार यादव की देखरेख में संपन्न हुआ। महासचिव सागर भगत ने बताया कि बंडाचेरुवु बतुकम्मा घाट, लालवानी नगर, आनंदबाग और सफीलगुड़ा में छठ महापर्व का आयोजन पारंपरिक श्रद्धा और उत्सव के माहौल में संपन्न हुआ।

सुबह चार बजे से श्रद्धालु घाटों पर जल में खड़े होकर उगते सूर्य के दर्शन की प्रतीक्षा में रहे। सूर्यदेव के उदय होते ही छठव्रती महिलाओं ने अर्घ्य अर्पण किया और 36 घंटे के कठिन उपवास का समापन गुड़ और अदरक ग्रहण कर किया। इसके बाद ठेकुआ सहित पारंपरिक प्रसाद का वितरण किया गया।कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष बिनय कुमार यादव, उपाध्यक्ष मनोज यादव, महासचिव सागर भगत, लल्लन मिश्रा, दीपक गुप्ता, सुनील भगत, जैंत यादव, हरिश यादव, पंकज यादव, मंजीत यादव, कोर कमेटी अध्यक्ष प्राण यादव एवं विकास यादव सहित पूरी टीम उपस्थित रही और आयोजन को सफल बनाया।

नॉर्थ पीपुल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजनारायण सिंह, सचिन सिंह, बिरेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र सिंह पप्पू, धनंजय सिंह, श्याम मोहन यादव, अजय कुमार सिंह, नवीन बिहारी और रमेश कुमार सिंह ने भी अपनी टीमों के साथ सक्रिय सहयोग दिया। श्रद्धालुओं ने मिलकर भक्ति, उत्साह और सामाजिक एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

शुभ लाभ
का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/- Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ..........
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .......... Drawn ..........
Name of the Executive..........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10x10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...
A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS Hyderabad Balanagar

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.